राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 137 | सोमवार, 29 जून 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया






## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में टीईटी पेपर लीक, तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे विवाद के बीच महाराष्ट्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का पेपर लीक होने से हड़कंप मच गया है। टीईटी के प्रश्न पत्र का 1.5 करोड़ रुपये में सौदा होने वाला था। प्राथमिक जांच में इसका दिल्ली कनेक्शन सामने आ रहा है। इस मामले में 3 संदिग्ध आरोपितों को हिरासत में लिया गया है। महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद, पुणे ने रविवार 28 जून को होने वाली परीक्षा को रद्द कर उसकी तारीख आगे बढ़ा दी है।

### चंबा में खाई में गिरी कार तीन की मौत, दो घायल

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शनिवार को उरेई-सांबरा मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में जान गंवाने वालों में दो महिलाएं और कार चालक शामिल हैं। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### भाजपा के लिए जनता टैक्स और वसूली का जरिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा जनता को केवल "टैक्स और वसूली का जरिया" मान रही है। खरगे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जब पश्चिम एशिया में युद्ध जारी था, तब कच्चे तेल की कीमत 138 डॉलर प्रति बैरल थी और उस समय पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था।

### रियल एस्टेट घोटाले में कई शहरों में छापे

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल कार्यालय ने गाजियाबाद के चर्चित भूमि एवं रियल एस्टेट घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने बिल्डर संदीप सिंह और सेवा सुरक्षा सहकारी आवास समिति के पदाधिकारियों से जुड़े चार ठिकानों गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली स्थित परिसरों पर छापेमारी की है। ईडी ने यह जांच यूपी पुलिस द्वारा दर्ज तीन एफआईआर के आधार पर शुरू की है। जांच एजेंसी ईडी के अनुसार, बिल्डर संदीप सिंह (निदेशक, मेसर्स श्रेष्ट प्रॉपबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड) कथित धोखाधड़ी का मुख्य लाभार्थी और साजिशकर्ता है। एफआईआर के अनुसार, संदीप सिंह ने सेवा सुरक्षा सहकारी आवास समिति के सदस्यों (अधिकांश सशस्त्र सीमा बल के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं) को समिति की आधी जमीन पर 264 फ्लैट बनाकर देने का वादा किया था।

# हिंद महासागर में भारत का नया मिशन, 'अवसरों का महासागर' बनाने का पीएम मोदी का संकल्प

**» सेशेल्स दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी ने रखा भारत का वैश्विक दृष्टिकोण, स्वास्थ्य, डिजिटल भुगतान, बैंकिंग, कृषि और अंतरिक्ष समेत कई क्षेत्रों में हुए महत्वपूर्ण समझौते**



■ विक्टोरिया (सेशेल्स)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय सेशेल्स दौरे के दौरान हिंद महासागर क्षेत्र को लेकर भारत की दीर्घकालिक रणनीति और वैश्विक दृष्टिकोण दुनिया के सामने रखा। सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता और संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ऐसा हिंद महासागर चाहता है, जहां समुद्री सुरक्षा के साथ आर्थिक समृद्धि भी सुनिश्चित हो और साझेदारी का आधार किसी देश का आकार नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, विश्वास और समानता हो। उन्होंने कहा कि भारत की सोच हिंद महासागर को "अवसरों का महासागर" बनाने की है। इस दौरान दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, डिजिटल भुगतान, बैंकिंग, कृषि, अंतरिक्ष और क्षमता निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

**हिंद महासागर के लिए भारत ने रखा नया दृष्टिकोण:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हिंद महासागर केवल समुद्री मार्ग या व्यापार का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता का महत्वपूर्ण केंद्र बनने जा रहा है। भारत चाहता है कि इस पूरे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, आर्थिक विकास और सभी देशों की समान भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के साथ भारत का संबंध दबाव या प्रभुत्व पर नहीं, बल्कि विश्वास और साझेदारी पर आधारित है।

**रणनीतिक साझेदारी को मिलेगा नया विस्तार:** विशेषज्ञों का मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा भारत और सेशेल्स के संबंधों को नई दिशा देगा। हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की बढ़ती सक्रियता और रणनीतिक सहयोग से दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, निवेश, तकनीक और समुद्री संपर्क को नई मजबूती मिलेगी। यह दौरा भारत की पड़ोसी और समुद्री देशों के साथ सहयोग बढ़ाने की नीति का भी महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

**वैश्विक मंच पर मजबूत हो रही भारत की भूमिका:** प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे को भारत की सक्रिय कूटनीति और वैश्विक नेतृत्व क्षमता के रूप में देखा जा रहा है। हाल के वर्षों में भारत ने हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ अपने संबंधों को लगातार मजबूत किया है। सेशेल्स के साथ हुए नए समझौते न केवल द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देंगे, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक विकास और सामरिक सहयोग को भी नई गति प्रदान करेंगे।

**साझा विकास और विश्वास पर रहेगा जोर:** दौरे के अंत में दोनों देशों ने इस बात पर सहमति जताई कि भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष विज्ञान, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का उद्देश्य केवल अपने विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अपने मित्र देशों के साथ मिलकर साझा समृद्धि और सुरक्षित भविष्य का निर्माण करना चाहता है। यही सोच हिंद महासागर को वास्तव में "अवसरों का महासागर" बनाने की दिशा में सबसे मजबूत आधार बनेगी।

### कृषि और अंतरिक्ष क्षेत्र में नई साझेदारी

बैठक के दौरान कृषि और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने आधुनिक कृषि तकनीकों, खाद्य सुरक्षा, मौसम संबंधी जानकारी और उपग्रह तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों का लाभ सेशेल्स को भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और आपदा निगरानी में सहायता मिलेगी।

### समुद्री सुरक्षा को मिलेगी नई मजबूती

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षित समुद्री मार्ग पूरी दुनिया की आर्थिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत समुद्री डकैती, अवैध गतिविधियों, आपदा प्रबंधन और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत अपने मित्र देशों के साथ मिलकर इस पूरे क्षेत्र को सुरक्षित और स्थिर बनाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

### प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में कई मुद्दों पर बनी सहमति

दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की विस्तृत वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। बैठक में समुद्री सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, निवेश, क्षमता निर्माण, डिजिटल संपर्क और विकास साझेदारी को और मजबूत बनाने पर सहमति बनी।

### स्वास्थ्य, बैंकिंग और डिजिटल भुगतान में बढ़ेगा सहयोग

भारत और सेशेल्स के बीच हुए समझौतों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, बैंकिंग सहयोग और डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों देशों ने आधुनिक प्रौद्योगिकी और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली के अनुभव का लाभ अब सेशेल्स को भी मिलेगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक लेन-देन और अधिक सरल तथा सुरक्षित होगा।

आत्मनिर्भर भारत की उड़ान को मिली नई ऊंचाई

# देसी 'गगन' प्रणाली से जेट विमान की सफल लैंडिंग



■ नई दिल्ली

भारत ने विमानन तकनीक के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई मजबूती प्रदान की है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने पहली बार भारत में जेट इंजन वाले विमान की सफल लैंडिंग स्वदेशी उपग्रह आधारित नेविगेशन प्रणाली 'गगन' की सहायता से कराई है। यह उपलब्धि उदयपुर हवाई अड्डे पर इंडिगो के एयरबस ए320 विमान के साथ हासिल की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सफलता देश की विमानन सुरक्षा, तकनीकी आत्मनिर्भरता और भविष्य के आधुनिक हवाई संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार उदयपुर हवाई अड्डे पर इंडिगो के एयरबस ए320 विमान ने सफलतापूर्वक 'गगन' प्रणाली के माध्यम से लैंडिंग की। इससे पहले इस तकनीक का उपयोग मुख्य रूप से टर्बोप्रॉप श्रेणी के विमानों में किया जाता था, लेकिन अब पहली बार जेट इंजन वाले यात्री विमान ने इस प्रणाली का सफल उपयोग कर नई उपलब्धि दर्ज की है।

इस सफल परीक्षण के साथ भारत उन देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जहां अत्याधुनिक उपग्रह आधारित लैंडिंग तकनीक का उपयोग बड़े यात्री विमानों के संचालन में किया जा रहा है।

### क्या है 'गगन' प्रणाली

'गगन' अर्थात जीपीएस आधारित भू-संवर्धित नेविगेशन प्रणाली भारत की स्वदेशी उपग्रह आधारित विमानन नेविगेशन प्रणाली है। इसका विकास भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से किया है। यह प्रणाली उपग्रह से प्राप्त संकेतों को अधिक सटीक बनाती है, जिससे विमान की स्थिति, ऊंचाई और दिशा का अत्यंत सटीक निर्धारण संभव हो पाता है। इसके माध्यम से पायलटों को खराब मौसम या सीमित दृश्यता जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और सटीक लैंडिंग करने में सहायता मिलती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक विशेष रूप से उन छोटे और मध्यम श्रेणी के हवाई अड्डों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, जहां महंगी उपकरण आधारित अवतरण प्रणाली स्थापित नहीं है। ऐसे हवाई अड्डों पर अब अपेक्षाकृत कम लागत में सुरक्षित उड़ान संचालन संभव होगा। इससे क्षेत्रीय संपर्क योजना को भी नई गति मिलेगी और देश के दूरस्थ क्षेत्रों में विमान सेवाओं का विस्तार आसान होगा। उपग्रह आधारित इस आधुनिक प्रणाली से विमान की लैंडिंग के दौरान सटीक दिशा-निर्देशन प्राप्त होता है। इसके कारण दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है और खराब मौसम, कोहरे अथवा कम दृश्यता जैसी परिस्थितियों में भी विमान सुरक्षित रूप से उतर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार भविष्य में इस तकनीक के व्यापक उपयोग से भारत की विमानन सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा यात्रियों का भरोसा भी बढ़ेगा।

भारत-पाक सीमा पर तस्करों की नई चाल

# ड्रोन की आवाज दबाने बजाते हैं तेज डीजे म्यूजिक

■ अमृतसर

भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे इलाकों में तस्करी करने वाले नेटवर्क सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं। जांच में सामने आया है कि तस्कर ड्रोन के जरिए हथियारों और नशे की खेप गिराए जाने के दौरान तेज आवाज में डीजे म्यूजिक बजाते हैं, ताकि ड्रोन की आवाज और जमीन पर गिरने वाली खेप की आवाज दब जाए।

पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि भारतीय सीमा की तरफ सक्रिय तस्कर ड्रोन की भनभनाहट और खेप गिरने की आवाज को छिपाने के लिए हाई-वॉल्यूम म्यूजिक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय लोगों के लिए ड्रोन गतिविधि का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। सीमावर्ती इलाकों में हाल के दिनों में नशे और हथियारों की बड़ी बरामदगी के बीच यह नया ट्रेंड सामने आया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, तस्करी नेटवर्क लगातार अपने तौर-तरीकों में बदलाव कर रहे हैं, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नजर से बचा जा सके।



### एके -47 राइफल व अत्याधुनिक हथियार बरामद

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हाल की बरामदगियों से यह भी संकेत मिला है कि तस्कर अब बड़े ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन ड्रोन की क्षमता 10 से 15 किलो तक की खेप उठाने की होती है। इससे एक ही उड़ान में ज्यादा मात्रा में नशा, हथियार या नकदी पहुंचाई जा सकती है, जिससे ड्रोन उड़ानों की संख्या कम होती है और पकड़े जाने का खतरा भी घट जाता है। पिछले कुछ हफ्तों में हुई बड़ी बरामदगियां इसी बदलाव की ओर इशारा करती हैं। 19 जून को पंजाब पुलिस ने एके -47 राइफल सहित 26 अत्याधुनिक हथियार बरामद किए थे। इसके दो दिन बाद बीएसएफ और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने संयुक्त कार्रवाई में 27 किलो हेरोइन जब्त की थी। वहीं, 11 जून को अमृतसर सिटी पुलिस ने 30 किलो से अधिक हेरोइन बरामद की थी।

इसरो की बड़ी छलांग

# सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का हुआ सफल परीक्षण

2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री भेजने के लक्ष्य को मिली मजबूती

**» एलवीएम-3 रॉकेट की क्षमता में होगा बड़ा इजाफा**
**» तरल ऑक्सीजन और केरोसिन से चलेगा इंजन**
**» स्वदेशी तकनीक से आत्मनिर्भर बन रहा भारत**



■ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सेमी-क्रायोजेनिक इंजन पावर हेड का सफल हॉट परीक्षण किया है। तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में किए गए इस परीक्षण के दौरान इंजन ने 88 प्रतिशत लक्ष्य क्षमता पर सफल प्रदर्शन किया। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सफलता भारत के भविष्य के भारी प्रक्षेपण यानों, मानव अंतरिक्ष मिशनों और वर्ष 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने की महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसरो इस सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन प्रणाली को भारत के भारी प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 के मौजूदा एल110 कोर चरण के स्थान पर विकसित कर रहा है। नए एसई-2000 इंजन के जुड़ने के बाद रॉकेट की भारी उपग्रहों और अंतरिक्ष यानों को ले जाने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे भविष्य के जटिल अंतरिक्ष अभियानों को नई गति मिलेगी। इस नए इंजन में तरल ऑक्सीजन और केरोसिन आधारित ईंधन का उपयोग किया जाएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार यह तकनीक पहले की तुलना में अधिक दक्ष, किफायती और शक्तिशाली होगी। इससे प्रक्षेपण की लागत कम होने के साथ-साथ रॉकेट का प्रदर्शन भी बेहतर होगा। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि भारत ने उस क्रायोजेनिक इंजन तकनीक में महारत हासिल कर ली है, जिसे कभी देश को देने से मना कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रतिबंधों को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए उन्हें तकनीकी आत्मनिर्भरता में बदल दिया है।

### 88 प्रतिशत क्षमता पर सफल रहा परीक्षण

इसरो के अनुसार सेमी-क्रायोजेनिक इंजन पावर हेड का हॉट परीक्षण पूरी तरह सफल रहा। परीक्षण के दौरान इंजन 175 टन थ्रस्ट स्तर पर स्थिर बना रहा। इससे पहले इसी इंजन का 47 प्रतिशत और 60 प्रतिशत क्षमता पर भी सफल परीक्षण किया जा चुका है। नवीनतम सफलता के बाद वैज्ञानिक अब पूर्ण 200 टन थ्रस्ट क्षमता वाले अंतिम परीक्षण की तैयारी में जुट गए हैं।

# मुर्हरम के जुलूस में जहरीले कैप्सूलों का वितरण

■ मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के भायखला इलाके से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस ने एक पढ़े-लिखे युवक को गिरफ्तार किया है, जो दर्द निवारक के नाम पर लोगों को खतरनाक केमिकल जिंक फॉस्फाइड कैप्सूल में भरकर बेच रहा था। जिंक फॉस्फाइड जो आमतौर पर चूहे मारने के जहर में इस्तेमाल होता है। मुंबई के भायखला पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त जयंत मीना ने बताया कि पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को बिना किसी लाइसेंस या अनुमति के कैप्सूल बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह पूरा मामला मुंबई के रोड स्थित रहमताबाद कब्रिस्तान के पास मुहर्रम के आशूरा जुलूस के दौरान सामने आया। जुलूस में शामिल लोगों को चार लोग यह दावा करते हुए मुफ्त में कैप्सूल बांट रहे थे कि ये इम्यूनिटी बूस्टर (रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवा) हैं। वहां मौजूद एक महिला को इन लोगों पर शक हुआ और उसने पूछताछ की। इस जहरीले रैकेट का शिकार हुई सबीना नामक महिला के पति में घटना की भयावहता बताते हुए कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसके मुताबिक, आरोपी बड़े-बड़े कैरी बैग (थैलों) में भरकर ये कैप्सूल लाए थे। वे मुट्ठियां भर-भरकर लोगों को दवाइयां बांट रहे थे और खास तौर पर महिलाओं को निशाना बनाकर ये कैप्सूल दे रहे थे। शबीना ने जैसे ही इस कैप्सूल का सेवन किया, कुछ ही देर में उसकी तबीयत बेहद खराब हो गई और उसे शरीर में तेज बेचैनी व गंभीर तकलीफ होने लगी। हालत बिगड़ने के बाद शबीना को तुरंत अस्पताल ले जाया गया।

# जापान में 6.1 तीव्रता का भूकंप

### कई क्षेत्रों में महसूस हुए झटके

भूकंप के झटके हाचिनोहे शहर सहित आओमोरी प्रांत के कई हिस्सों में महसूस किए गए। आसपास के क्षेत्रों में भी कुछ देर तक धरती हिलने से लोग घरों और इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि प्रशासन के अनुसार किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### पूर्वोत्तर जापान में सुबह महसूस हुए तेज झटके

■ टोक्यो

पूर्वोत्तर जापान में रविवार सुबह 6.1 तीव्रता का भूकंप आने से कई इलाकों में धरती कांप उठी। भूकंप के झटके आओमोरी प्रांत सहित आसपास के क्षेत्रों में महसूस किए गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है और अब तक किसी प्रकार के बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना सामने नहीं आई है।



जापान मौसम विभाग ने एहतियात के तौर पर लोगों को सतर्क रहने और अगले कुछ दिनों तक संभावित आफ्टरशॉक्स को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी है। जापान मौसम विभाग के अनुसार स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह लगभग 7:25 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र समुद्र तट से लगभग 40 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 दर्ज की गई। भूकंप के तुरंत बाद जापान की संबंधित एजेंसियों ने स्थिति का आकलन किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। इसलिए तटीय क्षेत्रों में किसी प्रकार की निकासी की आवश्यकता नहीं पड़ी। जापान मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में आफ्टरशॉक्स महसूस किए जा सकते हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। हाल के दिनों में उत्तरी जापान में आए 7.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद यह नया झटका महसूस किया गया है। लगातार भूकंपीय गतिविधियों को देखते हुए जापान की आपदा प्रबंधन एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है और संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां बनाए रखी हैं।

दुनिया में फिर बढ़ा तनाव | अमेरिका ने ईरान पर एक घंटे तक हमले किए

# तेहरान के मिसाइल-ड्रोन ठिकानों पर फिर अमरीकी हमला

### ■ ईरान ने युद्ध विराम तोड़ा इसलिए की कार्रवाई : डोनाल्ड ट्रंप

■ तेहरान

अमेरिका ने शुक्रवार को ईरान पर करीब एक घंटे तक हमले किए। अमेरिकी सेना ने मिसाइल-ड्रोन ठिकानों और तटीय रडार साइट्स को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान ने युद्धविराम तोड़ा, इसलिए जवाबी कार्रवाई की गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक 25 जून को ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सिंगापुर के कार्गो शिप 'एमवी एवर लवली' पर ड्रोन हमला किया था। दूसरी ओर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स की नौसेना ने दावा किया है कि उसने जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान की संसद के सदस्य इब्राहिम अजीजी ने एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने एक बार फिर बातचीत के बीच ईरान पर हमला किया है। युद्धविराम का यह उल्लंघन अमेरिका के लिए पीछे हटने और पछतावे की वजह बनेगा। आईआरजीसी ने दावा किया कि कथित अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में ईरानी नौसैनिक बलों ने उन ठिकानों पर हमला किया, जहां अमेरिकी सैन्यकर्मी मौजूद थे। हालांकि बयान में इन हमलों के स्थान, नुकसान या हताहतों के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

### नाटो देशों पर ईरान का निशाना

ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इजराइल के हमले में साथ देने वाले इअह सदस्य देशों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इन देशों को बताना चाहिए कि उन्होंने इस सैन्य कार्रवाई का समर्थन क्यों किया।



### हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान ने दोहराया अपना रुख

आईआरजीसी ने अपने बयान में यह भी कहा कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री आवाजाही की व्यवस्था की निगरानी में ईरान की महत्वपूर्ण भूमिका है। संगठन का कहना है कि यह रणनीतिक जलमार्ग क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी जिम्मेदारी का हिस्सा है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण पश्चिम एशिया में सुरक्षा संबंधी चिंताएं फिर से बढ़ गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि दोनों देशों के बीच बयानबाजी और सैन्य गतिविधियां इसी तरह जारी रहीं, तो क्षेत्रीय स्थिरता पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। फिलहाल अंतरराष्ट्रीय समुदाय हालात पर नजर बनाए हुए है और आगे की घटनाओं का इंतजार कर रहा है।

# ट्रांसपोर्ट कारोबारी अर्पित अग्रवाल के घर 40 से 50 लाख के जेवर और कैश चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना प्रेम नगर क्षेत्र के प्रदर्शनी नगर में हुई ट्रांसपोर्ट कारोबारी अर्पित अग्रवाल के घर चोरी का बड़ा मामला सामने आया है । सूत्रों की मानें तो चोरों ने इस दुस्साहसिक वारदात में करीब 40 से 50 लाख रुपये की कीमत के जेवर और कैश पर हाथ साफ किया है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि इतनी बड़ी रकम और कीमती आभूषण पार करने के बावजूद चोरों ने अलमारी में रखा बाकी का सामान वहीं छोड़ दिया। इलाके में पहली बार ऐसी अनोखी और शातिर चोरी देखने को मिली है, जिसने पुलिस महकमे को भी चौंका दिया है। बता दें कि वारदात के वक्त घर के निचले हिस्से में अर्पित के पिता अरविंद अग्रवाल और माता जी मौजूद थे, इसके बावजूद चोरों ने बिना ताला तोड़े ऊपर के कमरों से इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया।

आमतौर पर चोर पूरी अलमारी साफ कर देते हैं, लेकिन इस वारदात में चोरों की कार्यशैली बिल्कुल अलग रही। सूत्रों के अनुसार, चोरों ने अलमारी का लॉक खोलकर उसमें से केवल चुनिंदा 40 से 50 लाख रुपये के जेवर और कैश गायब किए, जबकि बाकी के आभूषण अलमारी में ही छोड़ दिए। चोरों की इस हरकत से साफ है कि उन्हें घर और अलमारी के अंदरूनी हिस्सों की सटीक जानकारी थी कि सबसे कीमती माल कहाँ रखा है।



प्रदर्शनी नगर निवासी अरविंद अग्रवाल के बेटे और प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्ट कारोबारी अर्पित अग्रवाल अपनी पत्नी और बच्चे के साथ कुछ दिनों के लिए मनाली घूमने गए हुए थे। घर के ग्राउंड फ्लोर पर उनके बुजुर्ग माता-पिता मौजूद थे। चोरों ने बड़ी ही बेखौफ अंदाज में ऊपर के बंद कमरों को निशाना बनाया। जब अर्पित अग्रवाल अपने परिवार के साथ मनाली से वापस लौटे और ऊपर गए, तब अलमारी खुली देख उनके होश उड़ गए।

घटना की सूचना पर पहुँची थाना प्रेम नगर पुलिस ने जब इलाके और घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जाँच की, तो शुरुआती जाँच में चोरों का अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है। बिना कोई ताला तोड़े, सीसीटीवी की नजरों से बचकर और अलमारी से सिर्फ चुनिंदा 40-50 लाख के जेवर और कैश गायब होना, इस पूरी वारदात को बेहद रहस्यमयी बना रहा है।

ताले न टूटने, घर में माता-पिता की मौजूदगी, सीसीटीवी में सुराग न मिलने और सबसे बढ़कर सब कुछ चुराने के बजाय सिर्फ गिना-चुना कीमती सामान ले जाने की वजह से पुलिस का शक अब किसी बेहद करीबी या अंदरूनी सूत्र पर गहरा गया है। पुलिस टीम अब पीड़ित कारोबारी के संपर्क में रहने वाले कर्मचारियों, ड्राइवरों और घरेलू सहायकों की सूची बनाकर हर एक पहलू पर बारीकी से जाँच कर रही है। पुलिस का बयानः "यह चोरी आम वारदातों से काफी अलग और बड़ी है। सूत्रों से मिल रही जानकारी और पीड़ित पक्ष के आकलन के आधार पर जाँच की जा रही है। चोरों ने अलमारी से केवल 40 से 50 लाख के जेवर और कैश ही निकाले हैं, जिससे किसी जानकार की भूमिका होने का अंदेशा बहुत ज्यादा है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हर पहलू की गहनता से जाँच जारी है, जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### मासूम बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल का कठोर कारावास

**बरेली।** पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी से नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है। आपको बताते चलें कि मामला थाना अलीगंज क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2023 में आरोपी यशपाल पुत्र राकेश मौर्य निवासी कस्बा व थाना अलीगंज, जनपद बरेली ने 5 वर्षीय नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर घर के अंदर ले जाकर उसके साथ गलत कृत्य किया था। घटना के संबंध में थाना अलीगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से 7 गवाह पेश किए गए, जिसके आधार पर माननीय पॉक्सो-03 कोर्ट बरेली ने आरोपी यशपाल को दोषी ठहराते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा-6 में 20 वर्ष का कठोर कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 363 आईपीसी में 5 वर्ष का कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माना, जबकि धारा 323/506 आईपीसी में 1 वर्ष का कारावास और 2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड जमा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कुल 32 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा दिलाने में पुलिस अधीक्षक दक्षिणी/नोडल अधिकारी ऑपरेशन कन्विक्शन, विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो, विवेचक सहित कोर्ट पैरवीकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वास्थ्य विभाग की सख्त कार्रवाई, नियमों का उल्लंघन करने वाले अस्पतालों पर गिरी गाज




**बरेली।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को सख्त रुख अपनाते हुए शहर के विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण अभियान चलाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा गठित टीम ने नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान मिनी बाईपास स्थित रेनबो एचसीएमसी क्लीनिक के बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित आईपीडी वार्ड पाए जाने पर उसे सील कर दिया गया। टीम ने स्पष्ट किया कि बेसमेंट में मरीज भर्ती कर इलाज करना स्वास्थ्य मानकों के खिलाफ है। इसके अलावा मिनी बाईपास स्थित उम्मीद हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया गया। यहां आईपीडी का संचालन नहीं पाया गया, लेकिन एहतियातन अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी हालत में बेसमेंट में मरीज भर्ती न किए जाएं। वहीं महेशनाथ मेडिकेयर हॉस्पिटल में महिला की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई। जांच पूरी होने तक अस्पताल का आईसीयू सील कर दिया गया है तथा अलग से जांच टीम गठित की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले अस्पतालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### भरत तिवारी एनकाउंटर पर ब्राह्मण समाज का प्रदर्शन, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की उठी मांग



**बरेली :** आंवला तहसील मुख्यालय पर भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर ब्राह्मण समाज में नाराजगी देखने को मिली। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने एकत्र होकर मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पूरे प्रकरण की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। समाज के लोगों ने एनकाउंटर की परिस्थितियों पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि यदि भरत तिवारी ने आत्मसमर्पण कर दिया था, तो उसके बाद हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस मुद्दे पर लोगों ने गहरी नाराजगी जताते हुए न्याय की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग दोहराई।

# नदी में डूबकर साले-बहनोई की मौत, परिजनों का हंगामा

## कैलाश पुल के पास हादसा, पुलिस पर लापरवाही का आरोप, जाम के बाद निकाले गए शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भुता थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह नदी में नहाने गए साले-बहनोई की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। अधिकारियों के हस्तक्षेप और समझाने-बुझाने के बाद जाम खुल सका। करीब चार घंटे की तलाश के बाद दोनों के शव नदी से बाहर निकाले गए।

घटना कैलाश पुल के समीप की है। अहिरौला गांव निवासी 19 वर्षीय रोहित अपने 22 वर्षीय बहनोई विवेक कश्यप के साथ शनिवार सुबह करीब 10 बजे नदी में नहाने गया था। नहाते समय दोनों गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते डूबने लगे। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाया, लेकिन तब



तक दोनों पानी में समा चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीण गोताखोरों ने जाल डालकर करीब दो घंटे तक तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसी दौरान परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने समय रहते बरेली से प्रशिक्षित गोताखोर नहीं बुलाए और मौके पर निष्क्रिय बनी रही। लापरवाही के आरोपों से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना पर एसडीएम फरीदपुर, सीओ फरीदपुर संदीप सिंह और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता कर उन्हें समझाया, जिसके बाद जाम समाप्त कराया गया। इसके बाद गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत करते हुए दोपहर करीब दो बजे दोनों शव नदी से बाहर निकाले। हादसे की खबर से दोनों परिवारों में मातम पसर गया। रोहित अपने पीछे पांच भाई और



एक बहन को छोड़ गया है। विवेक अपनी पत्नी बीना के मायके अपने भतीजे के जन्मदिन में शामिल होने आया था। उसकी शादी इसी वर्ष फरवरी में रोहित की बहन बीना से हुई थी।

पति की मौत की सूचना मिलते ही बीना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए। घटना की सूचना पर एसडीएम फरीदपुर और सीओ फरीदपुर संदीप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, परिजनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी।



# एक लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

जागरण मोर्चा कार्यालय

- व्यापारी हत्याकांड का मुख्य आरोपी था सर्वजीत उर्फ शिवम

**बरेली।** प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत बरेली परिक्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एक लाख रुपये के इनामी बदमाश सर्वजीत उर्फ शिवम को पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की जीरो टॉलरेंस नीति और पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के क्रम में अजय कुमार साहनी के निर्देशन में बरेली परिक्षेत्र के जनपदों में लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 28 मई 2026 को थाना बिलसंडा, जनपद पीलीभीत क्षेत्र के बमरौली तिराहा पर व्यापारी पप्पू गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सर्वजीत उर्फ शिवम को मुख्य आरोपी बनाया गया था, जिस पर एडीजी बरेली जोन द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने साथियों के साथ किसी अन्य वारदात की तैयारी में है। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया, जिस पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में सर्वजीत उर्फ शिवम घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ स्थल से एक पिस्टल, एक तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, सर्वजीत के खिलाफ लखीमपुर खीरी में हत्या व गैंगस्टर समेत करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज थे।

### भीषण गर्मी में चरमराई बिजली व्यवस्था, कई इलाकों में आपूर्ति ठप, लोगों का हंगामा-प्रदर्शन

**बरेली।** बरेली में बिजली संकट से लोग परेशान हैं। मलूकपुर में चार दिन से बिजली गुल है। कृष्णानगर फेज टू में शनिवार रात भर आपूर्ति ठप रही। कई क्षेत्रों में ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या है। बिजली न आने से परेशान उपभोक्ताओं ने रविवार को किला उपकेंद्र पर हंगामा कर दिया। बरेली के किला उपकेंद्र के मलूकपुर में चार दिन से तो पवन विहार के कृष्णानगर फेज टू में शनिवार की पूरी रात बिजली गुल रहने से उपभोक्ता भीषण गर्मी में परेशान रहे। शास्त्रीनगर में तीसरे दिन बिजली की आपूर्ति बहाल हो सकी। इसके अलावा सीबीगंज, सुभाषनगर, सिटी स्टेशन आदि इलाकों में लोग पूरी रात ट्रिपिंग की समस्या से जूझते रहे। बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने किला उपकेंद्र पर हंगामा किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्रः 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

# लाउडस्पीकर चेकिंग अभियान: 87 की आवाज मानक के अनुरूप, 3 उतारवाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में जनपद बरेली में माह के प्रत्येक शनिवार को चलाए जा रहे ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) चेकिंग अभियान के तहत दिनांक 27 जून 2026 को प्रातः 05:00 बजे से 07:00 बजे तक व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण तथा शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराना रहा।

अभियान के दौरान जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। थाना शेरगढ़



पुलिस द्वारा 15 स्थानों पर जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 03 लाउडस्पीकर (ध्वनि विस्तारक यंत्र) उतरवाए गए। वहीं, जनपद के सभी थानों की पुलिस टीमों ने कुल 318 स्थानों पर चेकिंग की। इसमें निर्धारित मानकों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कुल 87 लाउडस्पीकरों की आवाज शासन के तय मानकों के अनुरूप कराई गई।

पुलिस टीमों ने अभियान के दौरान संबंधित लोगों को ध्वनि प्रदूषण नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया और भविष्य में नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि आमजन को ध्वनि प्रदूषण से राहत मिल सके। नियमों के विरुद्ध उतरवाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्रों की थानावार कार्यवाही का विवरण पृथक से संकलित किया जा रहा है।

# बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोर पर छापा, हजारों की दवाएं सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जनपद में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। शनिवार को IGRS पर दर्ज शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी बरेली एवं सहायक आयुक्त औषधि, बरेली मंडल के निर्देश पर औषधि निरीक्षक राजेश कुमार ने तहसील मीरगंज क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई थाना शीशगढ़ क्षेत्र के ग्राम कमालपुर में की गई, जहां प्रभात कुमार पुत्र श्री राधेश्याम, निवासी धनेली, तहसील मीरगंज द्वारा बिना औषधि विक्रय लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान



मेडिकल स्टोर पर आवश्यक अभिलेख एवं वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किए जा सके। कार्रवाई के दौरान लगभग 30 हजार रुपये मूल्य की एलोपैथिक औषधियां बरामद की गईं, जिन्हें नियमानुसार फॉर्म-16 पर सीज कर लिया गया। इसके साथ ही संदेह के आधार पर तीन दवाओं के नमूने जांच एवं विश्लेषण के लिए संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तथा विवेचना पूरी होने के बाद संबंधित मामले में माननीय न्यायालय में परिवाद दाखिल किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया है।




**सख्ती** रुपये लुटाने को लेकर भिड़े थे दो पक्ष, ताजिया जुलूस में लाठी-डंडे चले, कई लोग घायल

# वायरल वीडियो बने कार्रवाई की आधारशिला, 12 फुटेज से 15 उपद्रवी चिन्हित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मोहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान रुपये लुटाने को लेकर बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के पदारथपुर गांव में हुए बवाल के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और स्थानीय लोगों से मिले फुटेज के आधार पर पुलिस ने अब तक 15 उपद्रवियों की पहचान कर ली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है, जिससे गांव में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है। शुक्रवार शाम जब पदारथपुर गांव से मोहर्रम का ताजिया जुलूस निकल रहा था, तभी गांव की प्रधानी से जुड़े दो पक्षों के बीच रुपये लुटाने को लेकर विवाद हो



गया। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई, जिससे जुलूस में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान चार से पांच लोगों के घायल होने की सूचना है। हालात बिगड़ते देख मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप किया और सख्ती दिखाते हुए उपद्रवियों को खदेड़ा। इसके बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी और मोबाइल से बने करीब 12 वीडियो जुटाए हैं, जिनके आधार पर 15 लोगों को चिन्हित किया गया है। लगातार दबिश के चलते कई आरोपी फरार हैं। इस संबंध में राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस स्वयं विधिक कार्रवाई करेगी।

### बरेली को मिलेगा नया ई-बस हब: 3 एकड़ में बनेगा आधुनिक बस अड्डा

**बरेली।** शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। जल्द ही Bareilly को 25 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिलने वाली है। इसके साथ ही करीब 3 एकड़ भूमि पर एक आधुनिक ई-बस स्टेशन बनाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। नगरीय परिवहन निदेशालय और राज्य शासन के बीच इस परियोजना को लेकर लगातार पत्राचार जारी है। जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो उपयुक्त भूमि का चयन कर रही है। अब तक मिनी बाइपास सहित तीन अलग-अलग स्थानों का निरीक्षण भी किया जा चुका है। प्रस्तावित ई-बस स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इसमें बसों की पार्किंग व्यवस्था, यात्रियों के लिए वेटिंग एरिया, टिकट काउंटर और इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होगा। इसके अलावा, शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों को भी बेहतर कनेक्टिविटी देने की योजना बनाई जा रही है। आसपास के कस्बों और गांवों के लिए नए रूट तैयार करने पर भी काम चल रहा है, जिससे देहात क्षेत्रों तक भी परिवहन सुविधा पहुंच सके।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242

# अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

## चिकित्सकों ने जांच के बाद किया मृत घोषित, परिवारों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की जान चली गई। पहली घटना में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में घर की सीढ़ियों से पैर फिसलने के कारण एक युवक की जान चली गई। इन हादसों के बाद दोनों ही परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक के रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

अजीमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुरा शुमाली निवासी सलीम (55 वर्ष) शनिवार शाम करीब 8 बजे रतनपुरी से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रतनपुरा की पुलिया के पास पहुंचे,तो खौद चौराहे की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सलीम उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे।गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर तत्काल पहुंची अजीमनगर थाना पुलिस ने घायल सलीम को जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरा हादसे में सीढ़ियों से गिरकर युवक की जान चली गई।



मृतक खुशनूद अल्वी का फाइल फोटो।



मृतक सलीम का फाइल फोटो।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के खेमपुर पर गांव का है। गांव निवासी खुशनूद अल्वी उम्र 50 वर्ष मजदूरी पर लिंटर डालने का कार्य करता था। शनिवार देर रात मजदूर अपने घर की छत से नीचे उतर रहा था। पैर फिसलने के कारण मजदूर छत से नीचे गिर गया। घर वालों ने नीचे गिरा देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने गांव के ही किसी चिकित्सक को लाकर उसे दिखाया। लेकिन तब तक मजदूर की मौत हो चुकी थी। मजदूर की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

## सीएम के कार्यक्रम में शामिल हों जिलेभर के प्रधान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष काशिफ खां ने जिले के सभी 680 प्रधानों (प्रशासकों) से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

जिलाध्यक्ष काशिफ खां ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 जून 2026 को सुबह 10 बजे रामपुर-शाहबाद रोड स्थित चड्ढा ग्राउंड निकट रामगंगा पुल, विधानसभा मिलक में जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में जिले के विकास के लिए अहम सौगात देंगे। सभी प्रधान मुख्यमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने प्रधानों को प्रशासक बनाकर ऐतिहासिक कार्य किया है। इसलिए सभी प्रधान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अवश्य हिस्सा लें।उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश पर कहा कि प्रधानों को उत्तर प्रदेश सरकार पर पूरा भरोसा है। सरकार मजबूती से अपना पक्ष रखेगी। हाईकोर्ट के आदेश का जवाब देने की तैयारी में पंचायतीराज विभाग जुटा हुआ है। उन्होंने कहा है कि अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगा, क्योंकि पहले पहले तथ्यों को समझने की जरूरत है। न्यायालय ने ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने संबंधी शासनादेश पर प्रथम दृष्टया गंभीर टिप्पणी की है।मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने इस संबंध में प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री से बात की है।आदेश का विधिक विशेषज्ञों के साथ गहन अध्ययन भी किया जा रहा है।

## एक नजर

### गैंगस्टर एक्ट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी निजाम पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम बड़ागांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुखबिर से सूचना पर आरोपी को शाहबाद के ईदगाह से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से के पास से अवैध 315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

### बाजार से ई-रिक्शा चोरी, पीड़ित ने पुलिस से लगाई बरामदगी की गुहार

**सैफनी।** शनिवार शाम नगर में साप्ताहिक बाजार से एक ई-रिक्शा चोरी होने का मामला सामने आया है। खरीदारी करने आए चालक द्वारा ई-रिक्शा खड़ा कर बाजार जाने के दौरान अज्ञात चोर उसे लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर ई-रिक्शा बरामद कराने की मांग की है। थाना बिलारी क्षेत्र के गांव उदरनपुर चक उर्फ चक बीरमपुर निवासी मलखान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका ई-रिक्शा उसके चाचा ओमवीर चला रहे थे। शनिवार शाम करीब छह बजे ओमवीर सैफनी की बड़ी बाजार में घरेलू सामान खरीदने आए थे।बाजार परिसर में मछली बाजार के पास ई-रिक्शा खड़ा कर दिया और खरीदारी के लिए चले गए। कुछ देर बाद लौटने पर ई-रिक्शा मौके से गायब मिला। आसपास के लोगों और दुकानदारों से पूछताछ तथा काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

# 11 हजार लाइन की चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत

- दो मासूमों के सिर से उठा पिता का साया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया खुर्द निवासी 30 वर्षीय राजमिस्त्री रामरक्षपाल पुत्र छोटेलाल की शनिवार को करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार रामरक्षपाल जनपद बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र में लेंटर डालने का काम कर रहा था। काम के दौरान पास से गुजर रही 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। घायल अवस्था में उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज लाया गया। वहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर बरेली के एक निजी अस्पताल पहुंचे। हालत गंभीर होने पर रामरक्षपाल को मिलक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना पर परिजनो का रो-रोकर बेहाल हो गए।मृतक रामरक्षपाल राजमिस्त्री का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो छोटे-छोटे बेटे हैं। पिता का साया उठने से घर में मातम छा गया है प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि मेमो के आधार पर पीएम कार्रवाई की जा रही है।

## तमंचे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर घायल करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चले गए।भोट थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग में तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाबू पुत्र सलामत, फिरासत पुत्र इशरत अली,अमीर हुसैन, बब्बू,अलीम पुत्र महमूद,नशरत अली पुत्र इशरत अली,.शब्बू, सद्दाम, नब्बू, खालिद के खिलाफ महिला के ससुर पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी बाबू,अमीर हुसैन को पीपलगांव जाने वाले रास्ते से दो तमंचे,दो कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चले गए।

# पटवाई-जौलपुर पुल निर्माण को चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

- लंबे समय से पुल का कार्य बंद होने पर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पटवाई-जौलपुर मार्ग पर सोहना गांव के निकट निर्माणाधीन पुल का कार्य लंबे समय से बंद होने पर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त की।

रविवार शाम राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव के नेतृत्व में युवाओं ने हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भी लिखा। जिसमें सुनील यादव ने बताया कि कुछ समय पूर्व उन्हें जानकारी हुई कि इस पुल का निर्माण कार्य फरवरी माह में शुरू हुआ था लेकिन अभी तक पुल का बेसमेंट तक तैयार नहीं हो पाया है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में राहगीरों का आवागमन होता है हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से सैकड़ों युवाओं ने लोक निर्माण विभाग को चेताया कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तब अनिश्चितकालीन धरने की भी शुरुआत की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जिलें में प्रस्तावित कार्यक्रम है वह अपने सैकड़ों साथियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचकर भी ज्ञापन देंगे। इस अवसर पर शिवांक, नरेश, ईश्वर, विशाल, अरुण, विकल, गौरव, बॉबी, सुधीर, तेजपाल, अमन, जयवीर, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।




पुल निर्माण कराए जाने के लिए अभियान के दौरान खड़े सुनील यादव और ग्रामीण।

# ग्राम परम में लगा किसान शिविर

- किसानों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह 22 जून से 6 जुलाई 2026 के अंतर्गत शनिवार को मिलक ब्लॉक के ग्राम परम स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण किसान सेवा सहकारिता समिति लिमिटेड परिसर में कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति सचिव जगदीश पाण्डेय ने की।

शिविर में क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) मिलक से पहुंचे सेंटर मैनेजर आरिफ हुसैन एवं डीईओ आशीष कुमार ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सेवाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, डिजिटल बैंकिंग, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा केवाईसी की प्रक्रिया एवं लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने योजनाओं से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं संतोषजनक उत्तर दिया गया। किसान राजेश मौर्य, जगदीश, वीरपाल, लालाराम सहित अन्य किसानों ने शिविर में सक्रिय सहभागिता करते हुए योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।शिविर के समापन पर उपस्थित किसानों ने क्रिसिल फाउंडेशन के वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) मिलक एवं नाबार्ड की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अभियान : महिलाओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रविवार को जनपद स्तरीय महिला सुरक्षा दल एवं जनपद के सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य बिंदु महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया दी। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की।ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें। आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।

# रामगंगा पुल के किनारे झोपड़ी में रह रहे दंपति से दिनदहाड़े लूट

- सैफनी थाना क्षेत्र का मामला,पुलिस कर रही जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** रामगंगा पुल के पास झोपड़ी में दुकान चलाने वाले बुजुर्ग दंपति से दो बाइक सवार बदमाश नकदी से भरी गुल्लक लूटकर फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खगलने शुरू कर दिए है। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर रामगंगा पुल के पास झोपड़ी बनाकर रहने वाले 70 वर्षीय वीरसिंह और उनकी पत्नी विद्या छोटी-सी दुकान चलाकर गुजर-बसर करती है। बाइक से आए दो युवक पानी की बोतल मांगने लगे। महिला जैसे ही झोपड़ी के अंदर बोतल लेने गईं, तभी एक बदमाश ने उन्हें धक्का दे दिया और दुकान में रखी नकदी से भरी गुल्लक उठाकर साथी के साथ फरार हो गया।पीड़ित दंपति का कहना है कि गुल्लक में दुकान की बिक्री और उनकी जमा-पूंजी रखी थी।घटना के बाद उन्होंने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी।



लूटपाट के बाद मौके पर पहुंचें पुलिसकर्मी पुछताछ करते।

पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। संदिग्धों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और लूटी गई रकम बरामद करने की मांग की है।

# पहले दिन 1.55 लाख बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो



बूथ पर पल्स पोलियो की दवा पिलातीं सीएमओ।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

रामपुर। जनपद में पल्स पोलियो अभियान का आगाज सीएमओ डॉ.दीपा सिंह ने फीता काटकर कांशीराम कॉलोनी यूपीएचसी में किया। रविवार को जनपद में जन्म से 5 वर्ष तक 1 लाख 55 हजार 205 बच्चों को पल्स पोलियो खुराक पिलाई गई।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि अभियान का शुभारंभ रविवार से हुआ है। इस बार 3 लाख 74 हजार 420 जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो पिलाई जाने का लक्ष्य है। अभियान को सफल बनाए जाने के लिए कुल 1530 बूथो पर दवा पिलाई गई। उन्होंने बताया कि 29 से 3 जुलाई तक घर- घर जाकर 862 टीमों द्वारा दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद पल्स पोलियो अभियान की ए टीम एक्विविटी के दौरान छूटे हुए बच्चों को 6 जुलाई को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इस अवसर पर डिप्टी एसीएमओ डॉ.संतोष कुमार, डॉ.अजीज हसन अंसारी, मो.अनादिल, पीयूष चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी के चलते बीएसए ने बदला स्कूलों का समय

- सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक का आदेश जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए आखिरकार बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया है। अब सोमवार से परिषदीय विद्यालय सुबह8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के स्थान पर सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 खुलेगे। जिसको लेकर आदेश जारी कर दिया गया है। जिसके बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली है।

मई से शुरु हुई गर्मी जून में अपने तेवर दिखा रही है। लोगों का सुबह 10 बजे के बाद घर से निकलना तक मुश्किल हो गया। जबकि जून माह बेसिक के स्कूल खुल गए है। इस भीषण गर्मी में सुबह आठ बजे लेकर दोपहर 2 बजे तक स्कूलों में बच्चों से लेकर शिक्षकों तक को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इतना ही नहीं स्कूलों में बिजली नही आने के कारण भी बच्चे परेशान हो रहे थे। जिसकों देखते हुए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह के अलावा अन्य संगठनों ने भी उच्च अधिकारियों को ज्ञापन द देकर स्कूलों के समय में बदलाव की मांग उठाई थी। जिसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने गर्मी और हीटवेव को देखते हुए कक्षा से लेकर 8 तक के सभी स्कूलों का समय 7:30 से 12:30 तक कर दिया है। इसके बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली है।

मानसून सत्र | छोटे–मझौले नालों की सफाई के लिए लगाए गए 200 आउटसोर्सिंग कर्मचारी

# शहर के नालों की सफाई कार्य 80 प्रतिशत पूरा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर के छोटे-बड़े और मझले समेत अन्य नालों की सफाई का कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। यह दावा पालिका के अफसरों का है। लेकिन इन दावों में कितना दम है चंद दिनों में शुरू होने वाले मानसून में यह साफ हो जाएगा कि पालिका के अफसर इन दावों की कसौटी पर कितना खरे उतरे हैं।

15 जून से मानसून सत्र से शुरू होता है। लेकिन मानसून को देखते हुए पालिका प्रशासन द्वारा शहर के छोटे-बड़े सभी नालों की सफाई कराई जाती है। शहर में बने नालों की सफाई इस बार अप्रैल से शुरू होकर जून तक जारी रही। इसमें बड़े नालों की सफाई पोकलेन मशीन, जेसीबी से कराई गई है जबकि छोटे-मझौले नालों की सफाई के लिए 200 कर्मचारियों को ठेके पर लगाया गया। अप्रैल, मई और जून में करीब 15000 लीटर डीजल की खपत हुई है क्योंकि बड़े नालों की सफाई के लिए पोकलेन, जेसीबी से हुई है।



पोकलेन मशीन से नाले की सफाई कराते मुख्य सफाई निरीक्षक। -जागरण मोर्चा

### इन क्षेत्रों में स्थापित है नाले

नगर पालिका परिषद, शाहबाद गेट, बाबा दीप सिंह नगर, चीनी मिल, शिवापुरम कॉलोनी, शाहबाद रोड, मोरी गेट, नालापार, जेल रोड, नई बस्ती, मालगोदाम, पहाड़ी गेट, अल्लाह हू दादा मजार, खटकान, गांधी समाधि, माला रोड, पीला तालाब, हाथीखाना चौराहा समेत अन्य क्षेत्रों में नाले स्थापित है।

शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो कि इसके लिए पालिका ने लाखों रुपये खर्च किए हैं। इस बार पालिका ने 40 लाख रुपये से शहर के सभी नालों की सफाई कराई है। नगर पालिका परिषद में 43 वार्ड है इन वार्डों में करीब छोटे-बड़े और मझले 84 नाले हैं।

### सफाई के लिए यह हैं इंतजाम

| | |
|---|---|
| पोकलेन मशीन बड़ी | 1 |
| पोकेलेन मशीन मध्यम | 1 |
| पोकलेन छोटी | 4 |
| जेसीबी | 2 |
| आउटसोर्सिंग कर्मचारी | 200 |

"शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य पूरा हो गया है। कुछ बड़े नालों को दोबारा चैनलाइज कराया जा रहा है। जिनमें अल्लाह हू दादा का मजार, चीड़ीमार, खटकान, अजीमुश्शान पार्क पर बने नालों की दोबारा सफाई कराई जा रही है।
–दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ।

# 30 जून को शाहबाद आएंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

- तैयारियां में जुटा प्रशासन, तैयारियों में किसी भी स्तर पर कोई कमी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहबाद।** 30 जून को शाहबाद में पहली बार यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे है। जहां से सीएम योगी जनपद को करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे साथ ही साथ एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रशासन जिसकी तैयारियों में जोरो शोरों से लग गया है। शाहबाद के रामपुर रोड स्थित शिवा शुगर मिल की जमीन पर सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। सैकड़ों मजदूर रात- दिन मंच और हेलीपेड बनाने में जुटे हुए है। तैयारी में कहीं कोई न रह जाए, इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए है, इसी को लेकर शनिवार देर रात जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और मौके का जायज़ा लिया। उधर रविवार सुबह क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह, डीएम अजय कुमार द्विवेदी, एसपी सोमेंद्र मीणा और एएसपी अनुराग सिंह ने भी तैयारियों की परखा। मुख्यमंत्री इस दौरे के दौरान जिलेवासियों को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण के साथ कई अन्य सौगात भी देंगे, जिससे क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को समय से पूरा करने के लिए डीएम अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने खुद कमान संभाल रखी है। दोनों उच्चाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं समेत अन्य बुनियादी इंतजामों का जायजा लिया। अधिकारियों ने मातहतों को सख्त निर्देश दिए हैं कि तैयारियों में किसी भी स्तर पर कोई कमी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विधायक ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह भी तैयारियों का जायजा लेने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय अधिकारी दिन-रात जुटे हुए हैं।

### सीएम की सुरक्षा को लेकर खुफिया विभाग अलर्ट

मुख्यमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर खुफिया विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास के इलाकों में हर तरह की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के काम में युद्धस्तर पर लगे हैं। सड़कों की मरम्मत, हेलीपैड निर्माण और वीआईपी रूट को चमकाने का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# मछुआ समाज एकजुट होकर बच्चों को करें शिक्षित: सुधीर

- हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के 100 बच्चों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्य अतिथि का स्वागत करते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा एवं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



पुरस्कार के साथ मौजूद बच्चे एवं पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



पदाधिकारी का स्वागत करते जिलाध्यक्ष।

**रामपुर।** रविवार को तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिला सहकारी बैंक सभागार में किया गया।मुख्य अतिथि अपर जनपद न्यायाधीश नैनीताल सुधीर तोमर व विशिष्ट अतिथि डॉ. सीपी सिंह,पशुपति देव क्षेत्रीय खाघ अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व वीर एकलव्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुधीर तोमर अपर जनपद न्यायाधीश नैनीताल ने कहां की तुरैहा मछुआ समाज संगठन के द्वारा अपने समाज के मेधावी शिक्षित बच्चों का सम्मान समारोह कार्यक्रम कराया जाना बहुत ही उत्कृष्ट है। ऐसे कार्यक्रम से समाज के पिछड़े बच्चों को जागरूक व जाग्रत किया जा रहा है इसलिए मछुआ समाज एकजुट होकर अपने बच्चों को शिक्षित करें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ. सीपी सिंह ने सभी मेधावी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहां की मैं भी आपके समाज का ही व्यक्ति हूं।आज शिक्षित होकर ही मुरादाबाद में विशिष्ट पहचान बनाकर जिज्ञासा हास्पिटल का संचालन कर रहा हूं। इसके साथ-साथ लगभग 350-400 लोगो को रोजगार भी मेरे द्वारा दिया जा रहा है इसलिए शिक्षा का महत्व समझते हुए समाज के सभी परिवार तभी पिछड़ेपन से बार आ सकते है तबतक वो शिक्षा के महत्व को नही समझेगे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि पशुपति देव क्षेत्रीय खाघ अधिकारी ने कहां की तुरैहा मछुआ समाज संगठन के द्वारा आज जो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है उससे समाज के बच्चों व अभिभावकों को जागरूकता मिलेगी। जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ मेधावी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का अभिवादन करते हुए कहां की संगठन की ताकत समाज है और समाज की ताकत उनके बच्चें है। इसलिए समाज के बच्चों को शिक्षित किया जाना और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही आज संगठन के द्वारा मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा समाज के सभी हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण 100 बच्चों को एक स्कूल बैग, भगवान श्रीराम व महाराजा निषादराज के मिलन का चित्र, संगठन का प्रमाण पत्र तथा एक पेन उपहार स्वरूप प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को संगठन का स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### यह लोग रहे मौजूद

जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा,विनोद कश्यप, सुभाष चंद्र, अजय कुमार प्रधान, अर्जुन कुमार, अरविन्द कुमार, डॉ .कृपाल सिंह, राकेश कुमार, पवन कश्यप, मुरारी लाल, संजीव कुमार, दिनेश कुमार, बालकिशोर तुरैहा, मुरारी लाल तुरैहा, विक्रम सिंह, रामगोपाल पंडित, गोविंद राम, धर्म सिंह, नन्द किशोर, दिनेश कश्यप, बृजपाल सिंह, श्वेता तुरैहा, गोविंद राम सहित स्तुति सरन, वंशिका कश्यप, रिया, नन्दिनी, सौरभ, भूमि, दीप्ती, गुंजन, संगीता, सोनिया, अजय, सचिन, गौरव, पूनम बबीता, भूमिका, रेखा, माही कश्यप, सपना, अनुभव, काजल, छवि, विरेन्द्र, लक्ष्मी जतिन आदि बच्चें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राम सरन तुरैहा ने किया और अंत में संगठन के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार संक्षेप

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का भव्य स्वागत



शाहबाद में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का स्वागत करते रामबहादुर सागर।

**शाहबाद।** रविवार सुबह शहर में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का रामपुर चौराहे पर श्रद्धालुओं न भव्य स्वागत किया। सपा नेता रामबहादुर सागर ने रामपुर चौराहे पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का भव्य स्वागत किया। साथ ही साथ नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। जयघोषों और धार्मिक नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने गाय को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग फिर से दोहराई। जिसके बाद उनका काफिला मिलक को रवाना हो गया।

### विधायक ने देखा 'मन की बात' का 135वां एपिसोड



कार्यक्रम को देखती क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह साथ में उनके पति दिलीप लोधी।

**शाहबाद।** क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह ने रविवार की सुबह अपने पति दिलीप सिंह लोधी के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के लिए प्रस्तावित स्थल पर पहुंचीं और तैयारियों का जायजा लिया। इसी दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर ही बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 135वां एपिसोड भी सुना। विधायक राजबाला सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शाहबाद क्षेत्र में यह पहला कार्यक्रम है, जो अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दोनों कार्यकालों में शाहाबाद में रिकॉर्डतोड़ विकास कार्य हुए हैं और इस बार भी सीएम योगी क्षेत्र को एक बड़ी सौगात देने वाले हैं। स्थानीय जनता में इस कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### 'विपक्षी दलों के इशारे पर चल रहे हैं स्वामी शंकराचार्य'



**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा है कि सनातन धर्म में पूज्य संतों का बड़ा सम्मान है।जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्थान बहुत ही ऊंचा है उनके बड़े नेताओं ने प्रभु श्री राम जी के आस्तित्व पर सवाल भी उठाए हैं और न्यायालय में अपना शपथपत्र देकर श्री राम मंदिर न बन सके इस बात की पैरबी भी की है और उन्होंने कभी भी गाय को सम्मान नहीं दिया है, साथ ही जिन नेताओं के परिवार जनों के बड़ों ने प्रभु श्री राम जी के भक्तों पर गोलियां चलवाईं थीं आज उसी पार्टी के लोग आपके निकट देखे जा रहे हैं। इससे प्रतीत हो रहा है कि वही लोग आपको आगे बढ़ाकर आपके कंधे पर कमान रखकर राजनीति के तीर चला रहे हैं।हमने मीडिया के माध्यम से शाहबाद और मिलक में आपके आगमन का अद्भुद दृश्य देखा है तो उसमें सिर्फ़ और सिर्फ़ सरकार विरोधी लोग ही दिखाई दिए हैं जबकि आप सम्पूर्ण सनातनियों के पूज्यनीय हैं उसके बाद भी एक मामूली सी संख्या आपके दर्शन के लिए घरों से निकली है। इससे हमें ऐसा प्रतीत होता है कि आप विपक्षी दलों के इशारे पर इस यात्रा का संचालन कर रहे हैं।

### बुजुर्गों के आस्ताने पर आने से पूरी होती हैं मुरादें

**रामपुर।** हजरत शाह बगदादी साहब का 241 वां सालाना उर्स मुबारक के पहले दिन असर की नमाज के बाद फरमाते हुए मौलाना मुश्ताक अहमद ने हजरत की हयात की जिन्दगी पर रोशनी डाली। इससे पहले सुबह हजरत की मस्जिद में हजरत इमाम हुसैन की तीजे की फातेहा के मौके पर नात और दुरूद सलाम पेश किया। इसके बाद कुल और दुआ कराई गई। हजरत के उर्स के पहले दिन मौलाना मुश्ताक अहमद ने कहा कि आपको फरजंद ए गौसुल आजम भी कहा जाता है बुजुर्गों के आस्तानों पर जो अकीदत, एहतराम के साथ आता है अल्लाह उनकी मुराद पूरा करता है। इसके बाद कुल शरीफ हुआ और दुआ कराई गई। पहले दिन हजरत के आस्ताने पर देर तक चादरपोशी-गुलपोशी का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर सज्जादशीन सैयद साजिद मियां, राशिद मियां ,मुईन मुस्लिम कुरैशी, शाकिर मुईन कुरैशी, आकिल मुईन कुरैशी, अब्दुल्ला कुरैशी और जावेद अली खां आदि मौजूद रहे।

### इमामबाड़ा खासबाग से निकला मेंहदी का जुलूस

**रामपुर।** इमामबाड़ा कोठीखास से मुतावल्ली ओकाफ हैदर अली उर्फ हमजा मियां की देखरेख में रविवार को तीजे की मेंहदी का जुलूस निकाला गया। जोकि सीआरपीएफ गेट होता हुआ शाम को कर्बला पहुंचा। जुलूस के आगे अजय कुमार जिला उद्यान अधिकारी, पीछे मानवेंद्र सिंह नायब तहसीलदार मजिस्ट्रेट और पुलिस बल भी मुस्तैद रहा। जुलूस में अजादारों ने मातम कर नोहाख्वानी की। जुलूस इमामबाड़ा खासबाग से शुरू होकर बी-अम्मा गेट, फोटो चुंगी, गेट नंबर 1, 2 होता हुआ शाम को आगापुर कर्बला पहुंचा। यह जुलूस मोहर्रम उल हराम की 12 मोहर्रम को हर साल इमामबाड़ा कोठी खास से निकाला जाता है। जुलूस में हमजा मियां के अलावा, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, पूर्व विधायक नवेद मियां के अलावा भारी तादात के लोग शामिल रहे।

# बिजली की समस्याओं को लेकर किसानों ने दिया धरना

- गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली अधिकारियों भी अपने साथ धरने पर बैठा लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय



बिजली अधिकारी से वार्तालाप करते किसान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भाकियू कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने विद्युत कटौती के विरोध में दुर्गनगला बिजलीघर पर प्रदर्शन कर धरना दिया। गुस्साएं लोगों बिजली अधिकारियों को भी अपने साथ धरने पर बैठा लिया। साथ ही अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा ।

ककरौआ फीडर से जुड़े गांवों में कई दिन से अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है।भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं । विद्युत कटौती के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर आए।भाकियू के कार्यालय प्रभारी दरबारी लाल शर्मा के नेतृत्व में दुर्गनगला बिजली घर पर किया और वही धरने पर बैठ गए। गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली अधिकारियों भी अपने साथ धरने पर बैठा लिया । प्रभारी का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्र में भी मुश्किल रात और दिन सिर्फ चार घंटे ही बिजली मिल पा रही है। अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। चेतावनी दी कि कटौती बंद न हुई तो बेमियादी आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर फहद हसीब, ज़ाहिद नेता ,नरोत्तम , हरेंद्र यादव , आफताब अहमद , मुजम्मिल पाशा , मुस्तकीम , मज़ाक़िर , मुर्शिद , तौहीद , जुवैद , नितिन , विपिन , नासिर , शंकर लाल , रामोतर , जमील भाई , हरिओम रवि , मौजूद रहे।

### प्रेमी प्रेमिका ने की शादी ,गांव में चर्चा

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार महीने पहले शुरू हुई एक अनोखी प्रेम कहानी आखिरकार अपने मुकाम पर पहुंच गई है। दरअसल, चार महीने पहले प्रेमिका अचानक अपने पास के ही घर में रहने वाले प्रेमी के घर पहुंच गई थी। उस वक्त दोनों के परिवारों के बीच विवाद की स्थिति बन गई थी, जिसे सुलझाने के लिए गांव में एक पंचायत बुलाई गई। पंचायत ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर निकाह के लिए 6 महीने का समय दिया था। लेकिन प्यार की बेताबी के आगे यह वक्त भी लंबा लगा और दिए गए समय से पहले ही बीती रात प्रेमी और प्रेमिका ने रजामंदी से निकाह कर लिया।जैसे ही इस निकाह की खबर पूरे इलाके में फैली, यह आसपास के गांवों में चर्चा का विषय बन गई। पंचायत के फैसले और दोनों के इस कदम की हर तरफ बात हो रही है, और अब इस जोड़े को हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं।

# उमस भरी गर्मी से बेहाल हो रहे लोग



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। रविवार को दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान हवा में नमी बढ़ने से लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार को तेज धूप से दोपहर में अधिक गर्मी व उमस रहने से लोग परेशान रहे।सोमवार को मौसम राहत दे सकता है। बादलों की मौजूदगी के कारण दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज होने की संभावना है। हालांकि उमस बनी रहेगी।

दोपहर के समय गर्मी का असर महसूस होगा। शाम के समय कहीं-कहीं बूंदाबांदी या गरज के साथ बारिश हो सकती है। प्रशासन ने भी लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

कार्यक्रम | मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात का कार्यक्रम

# भाजपा किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही: देवेंद्र चौधरी



मुख्य अतिथि का स्वागत करते भाजपाई। -जागरण मोर्चा



मन की बात कार्यक्रम सुनते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी के प्रथम बार रामपुर आगमन पर संत शिरोमणि रविदास गेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय अभिनंदन किया।इस अवसर पर देवेंद्र चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान हितैषी नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का श्रवण भी किया। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के विचारों एवं प्रेरणादायी संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, अभय गुप्ता, हंसराज पप्पू, मोहनलाल सैनी, मोहन कुमार लोधी, भारत भूषण गुप्ता, ऋषि पांडे, रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, दीपक गुप्ता, कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रुहेला, पारुल अग्रवाल, देवेंद्र चौधरी, अनुज सक्सेना, गोपाल गुप्ता, विक्रम सिंह, राजू शर्मा, राजीव मांगलिक, शिरीष गुप्ता, प्रेमपाल सैनी, संजय चौधरी, संजय पाठक, अवधेश शर्मा, करतार सिंह लोधी, शकुंतला लोधी, मोनू चौधरी, महेंद्र मौर्य, योगेंद्र गंगवार समेत किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीनाथ चित्रकला प्रतियोगिता में 350 ने लिया भाग

- ज्ञान एवं भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का परिचय दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय




प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** गौ सेवा परिवार फाउंडेशन द्वारा आयोजित श्रीनाथ चित्रकला प्रतियोगिता एवं सनातन को जानो प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कोसी मार्ग में संपन्न हुआ। दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 350 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा, ज्ञान एवं भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का परिचय दिया।

श्रीनाथ चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने भगवान श्रीनाथ जी के मनोहारी चित्र बनाकर सभी का मन मोह लिया। वहीं सनातन को जानो प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने एक संत की अमूल्य शिक्षा पुस्तक पर आधारित सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपने ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।आयोजन में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कार्यकारिणी एवं प्रधानाचार्या नीता भारद्वाज का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानाचार्या ने स्वयं प्रत्येक कक्षा में जाकर प्रतियोगिता का निरीक्षण किया, प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।आयोजन की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों को पूरे मनोयोग से प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय परिवार के सहयोग से प्रतियोगिता अत्यंत सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में उपस्थित अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कारों एवं सनातन संस्कृति से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। गौ सेवा परिवार फाउंडेशन, रामपुर ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था ने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं के परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे तथा विजेताओं का सम्मान 20 जुलाई 2026 को आयोजित श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव के दौरान किया जाएगा।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिताओं के आयोजन के बाद अब पूरा संगठन 19 जुलाई को आयोजित होने वाली युवा गोष्ठी तथा 18 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव की तैयारियों में पूर्ण समर्पण एवं उत्साह के साथ जुट गया है।आयोजन स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं, जनसंपर्क, सेवा कार्यों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं, ताकि सभी श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों के लिए यह महोत्सव, सुव्यवस्थित एवं अविस्मरणीय बन सके। संस्था ने अधिक से अधिक धर्मप्रेमियों एवं नागरिकों से इन आयोजनों में सहभागिता का भी आह्वान किया।

# दबंगई में युवक व परिजनों पर हमला, पांच घायल

## घोड़ी चराने जा रहे युवक से रास्ते में विवाद के बाद घर में घुसकर मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहजोई।** कोतवाली बहजोई क्षेत्र के गांव मिर्जापुर नसरूल्लापुर में रविवार शाम दबंगई का मामला सामने आया है. जहां घोड़ी चराने जा रहे एक युवक से रास्ते में हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने उसके घर पहुंचकर हमला कर दिया। बेल्ट, लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से की गई मारपीट में युवक समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।



पीड़ित सुनील प्रजापति निवासी मिर्जापुर नसरूल्लापुर ने बताया कि वह मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य करता है। रविवार शाम करीब पांच बजे वह अपनी घोड़ी को चराने के लिए गांव के बाहर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने बेल्ट और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

सुनील के अनुसार वह किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंचा, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए वहां भी पहुंच गए। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में धारदार हथियार , बेल्ट और लाठी-डंडे थे। उन्होंने घर के बाहर और भीतर जमकर मारपीट की। शोर सुनकर बचाव के लिए आए परिजनों को भी नहीं छोड़ा गया और उनके साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान आरोपियों ने ईंट-पत्थर भी फेंके, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट की इस घटना में सुनील प्रजापति के अलावा कमला पत्नी बद्री प्रसाद, सुमित पुत्र सुखवीर, रामकिशोर पुत्र नत्थू और रतन सिंह पुत्र हरिओम घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका मेडिको-लीगल परीक्षण कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने मामले में कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मलिक ने बताया कि सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जाट समाज ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान



**चन्दौसी।** नगर के आशीष गार्डन में जाट समाज द्वारा एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपनी संतानों की इस सफलता पर अभिभावकों का सीना भी गर्व से चौड़ा नजर आया। समारोह में चौधरी हरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही किसी भी समाज की असली ताकत और तरक्की का आधार है। उन्होंने विशेष रूप से उन बच्चों की सराहना की जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे होनहार बच्चे पूरे समाज का गौरव हैं। चौधरी चंद्रपाल सिंह उर्फ पप्पू चौधरी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह कड़ी मेहनत कर समाज और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।समारोह के दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 50 छात्र-छात्राओं को मंच पर शील्ड भेंट की गई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि बच्चों की इस कामयाबी के पीछे दिन-रात एक करने वाले उनके अभिभावकों को भी मंच पर बुलाकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे माहौल बेहद भावुक और गरिमामयी हो गया।इस दौरान चौधरी महावीर सिंह, चौधरी शिव सिंह, चौधरी राजेंद्र सिंह, चौधरी सत्यवीर सिंह, चौधरी प्रदीप सिंह, चौधरी अनेक सिंह, दुशांत चौधरी आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चौधरी पुष्पेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

# रेलवे ट्रैक पर काम करते समय बिगड़ी मजदूर की तबीयत, मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** रेलवे ट्रैक पर पत्थर डालने का कार्य कर रहे एक मजदूर की रविवार दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथी मजदूर और परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने प्रारंभिक तौर पर कुत्ते के काटने के बाद हाइड्रोफोबिया (रेबीज के लक्षण) की आशंका जताई है, हालांकि मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो सकेगी।परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए।

ललितपुर जनपद के हसपुर निवासी 50 वर्षीय देवीलाल परिवार सहित रेलवे के अंडर ठेका कार्य में मजदूरी कर रहे थे। उनके पुत्र अरुण ने बताया कि परिवार पिछले तीन माह से गुमथल रेलवे स्टेशन के पास रह रहा है। इन दिनों रेलवे ट्रैक पर पत्थर डालने का कार्य चल रहा है। रविवार दोपहर करीब तीन बजे देवीलाल ट्रैक पर काम कर रहे थे, तभी उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें ई-रिक्शा से उनको साथी मजदूर व परिवार के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अरुण के अनुसार, करीब 15 दिन पहले देवीलाल के चेहरे पर कुत्ते ने हमला कर दिया था, जिससे उनके चेहरे और होंठ पर गंभीर चोटें आई थीं। उपचार के दौरान टांके लगाए गए थे और उन्हें एंटी-रेबीज वैक्सीन भी लगाई गई थी। रविवार को उनकी हालत बिगड़ने से पहले उन्हें पानी निगलने में परेशानी हो रही थी।सरकारी अस्पताल के प्रभारी डा. हरवेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा बताए गए लक्षणों के आधार पर मामला हाइड्रोफोबिया (रेबीज संक्रमण) से जुड़ा प्रतीत होता है।

# राम मंदिर ट्रस्ट, स्मार्ट मीटर और एथेनाल नीति पर बरसे राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश

- मक्का की एमएसपी खरीद, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और मंदिर चढ़ावे की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने रविवार को बबराला रोड स्थित श्री जी रिसॉर्ट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने एथेनाल नीति, किसानों की समस्याओं, स्मार्ट मीटर, पेट्रोल-डीजल की कीमतों तथा अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा।

प्रेस वार्ता में टिकैत ने कहा कि खाद्यान्न से एथेनाल का उत्पादन बढ़ाना किसानों और देश दोनों के हित में नहीं है। उनका कहना था कि अनाज का उपयोग लोगों के भोजन के लिए होना चाहिए, जबकि एथेनाल उत्पादन में इसकी लागत भी अधिक आती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मक्का की प्रभावी खरीद नहीं हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



पदाधिकारियों के साथ भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत।

स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह केवल किसानों का नहीं बल्कि आम जनता से जुड़ा बड़ा विषय है। उन्होंने मांग की कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि स्मार्ट मीटर लगाने की नीति क्या होगी।राकेश टिकैत ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम कम न किए जाने पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता को राहत देने के बजाय भविष्य में कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

अयोध्या स्थित राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जा रहे दान और चढ़ावे की व्यवस्था पर भी उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।उन्होंने जांच रिपोर्ट पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि आरोप लगे हैं तो उनकी व्यापक एवं निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए।इस दौरान विजेंद्र सिंह यादव, उदयवीर सिंह यादव, देशराज सिंह, रामवीर सिंह यादव, रामाशंकर शर्मा, हनुमान, चंद्रपाल सिंह, मुकेश यादव, डा. पुरेंद्र सिंह यादव, अमर सिंह राजपूत, शिवनारायण सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव, डा. दिनेश कुमार, राजू यादव, अंकित ठाकुर, निर्भय ठाकुर, राहत जहां सैफी, अजीम सिद्दीकी, कल्याण सिंह यादव, प्रधान, धर्मपाल सिंह मौर्य, महेश यादव, कोमल सिंह यादव, अनिल कुमार, दिनेश कुमार यादव मौजूद रहे।

# बच्चों को पिलाई गई पोलियों खुराक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ, पी.एम.श्री विद्यालय पाठकपुर, विकासखण्ड बहजोई में जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत भले ही पोलियो मुक्त हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी इसके मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में हमारे बच्चों की सुरक्षा के लिए यह सुरक्षा चक्र बनाए रखना बेहद जरूरी है।

रविवार को जनपद के 1448 पोलियो बूथों पर दवा पिलाई जा रही है। इसके बाद छूटे हुए बच्चों के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर (डोर-टू-डोर) पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जनपद में मोबाईल एवं ट्रांजिट टीमें



पोलियों की दवा पिलाते मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट। -जागरण मोर्चा

गठित कर ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों, बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों (हाई-रिस्क एरिया) में पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक द्वारा बताया गया कि अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है और सभी बूथों पर वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. पंकज कुमार विश्नोई द्वारा बताया गया कि इस अभियान में 0 से 5 वर्ष के 397518 बच्चों का लक्ष्य रखा गया है जिस के लिए 1448 बूथ, 854 हाउस टू हाउस टीमें, 123 ट्रांजिट टीमें एवं 36 मोबाईल टीमें लगाई गई है। इस दौरान अल्का शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. मनमोहन शर्मा, संजीव राठौर, एम.एल. पटेल,विनोद वाष्र्णेय, लवली सक्सेना, मौ. अनस, अध्यापक, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी मौजूद रहे।

# बहजोई एथलेटिक्स क्लब ने किया औषधीय पौधों का रोपण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** डाक्टर्स डे सप्ताह के अवसर पर बहजोई एथलेटिक्स क्लब द्वारा रविवार को स्वास्थ्य, पर्यावरण और फिटनेस को समर्पित एक अनूठे एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर से बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल तक लगभग 10 किलोमीटर लंबी साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों एवं क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि साइकिल यात्रा के दौरान मानसून की पहली बारिश शुरू हो गई, लेकिन बारिश भी प्रतिभागियों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। सभी प्रतिभागियों ने भीगते हुए अपनी यात्रा पूरी की और बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल पहुंचकर औषधीय एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया।

इस दौरान पत्थरचट्टा, गुड़हल, करी पत्ता, अमरूद, गुड़मार, मोगरा, कदंब एवं सदाबहार सहित विभिन्न औषधीय और उपयोगी पौधे लगाए गए। आयोजकों ने बताया कि ये पौधे भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जनस्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक सिद्ध होंगे। जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि नियमित खेल गतिविधियां, साइकिलिंग और प्रकृति के साथ जुड़ाव स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।डा. नितिन ने कहा कि चिकित्सकों के सम्मान में आयोजित इस प्रकार के अभिनव कार्यक्रम समाज को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस के प्रति जागरूक करने का प्रभावी माध्यम हैं।इस दौरान डा. प्रवीण, डा. चिराग, डा. आकाश, डा. सौरभ गुप्ता, डा. उत्पल, जयप्रकाश गुप्ता, सम्भव जैन, सुमित गुप्ता, राजीव वार्ष्णेय, दिव्यांशु, राजू यादव, विनीत यादव, यश कठेरिया, मेहुल वार्ष्णेय, एकांश गुप्ता मौजूद रहे।

**भ्रमण** न्यायिक कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह का सम्भल न्यायालय का प्रथम निरीक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं जनपद सम्भल के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने रविवार को जनपद सम्भल का प्रथम प्रशासनिक निरीक्षण भ्रमण किया। उनके आगमन पर जनपद न्यायाधीश डा. विदुषी सिंह ने उनका स्वागत किया।

भ्रमण के दौरान न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने जनपद न्यायालय परिसर का निरीक्षण कर न्यायालयों की व्यवस्थाओं, आधारभूत सुविधाओं एवं न्यायिक कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



जनपद न्यायालय मे पौधारोपण करते न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह व जिला जज।



जनपद न्यायालय का निरीक्षण करते न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह। -जागरण मोर्चा

निरीक्षण के बाद प्रशासनिक न्यायाधीश ने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों और न्यायालय परिसर से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं सुझावों को रखा। न्यायमूर्ति ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने जनपद के सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित मामलों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, न्यायिक कार्यों की प्रगति तथा न्यायिक प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को न्याय वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया।अपने भ्रमण के दौरान न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों एवं न्यायिक कार्यों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनपद न्यायालय सम्भल के लिए प्रशासनिक न्यायाधीश का यह प्रथम निरीक्षण भ्रमण महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी माना जा रहा है। न्यायमूर्ति द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से न्यायिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### निसंतान महिलाओं का लगा चेकअप कैंप



कैंप में महिलाओं का चेकअप करती डाक्टर।

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली ने नगर के आजाद रोड स्थित एक निजी हास्पिटल पर रविवार को निश्शुल्क निसंतान महिलाओं का एक चेकअप कैंप लगाया। जिसमें बरेली के श्रीराम मूर्ति स्मारक हास्टल की आईवीएफ स्पेशलिस्ट डा. रुचिका गोयल ने अनेक महिलाओं जो कि बांझ थी उनका परीक्षण किया तथा उनकी समस्याओं का निदान के लिए राय दी तथा उनको दवाइयों भी वितरण की। इस दौरान सुधा चौधरी, डा पयोधी चौधरी, डा. मधु तोमर, डा. मधुपमा वार्ष्णेय, अनुराधा गोयल,पूजा, राखी,गुड़िया आदि मौजूद रही।

### शिवसेना ने सीएम योगी से मिलने की अनुमति मांगी

**मुरादाबाद।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) मुरादाबाद इकाई ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित मुरादाबाद दौरे के दौरान उनसे मुलाकात करने की अनुमति मांगी है। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में शिवसेना ने जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक नगर तथा नगर आयुक्त को अलग-अलग पत्र सौंपकर मुख्यमंत्री से भेंट कराने और 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। शिवसेना की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा इम्पीरियल तिराहे का नाम छत्रपति शिवाजी चौक किए जाने तथा वहां छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित कराने के निर्णय का संगठन स्वागत और अभिनंदन करता है। संगठन ने इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सम्मान करने की इच्छा जताई है। पत्र के अनुसार, शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिनंदन करना चाहते हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय उपलब्ध कराने तथा प्रतिनिधिमंडल को कार्यक्रम स्थल तक प्रवेश की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है। शिवसेना ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान संगठन के 11 पदाधिकारियों को प्रतिनिधिमंडल के रूप में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि मुख्यमंत्री का औपचारिक अभिनंदन किया जा सके। अब प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल के अनुरूप अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मुलाकात की अनुमति दी जाएगी या नहीं।

### खिलाड़ियों ने पैर से तख्ते व पत्थर तोड़ किया कला का प्रदर्शन



ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट के विजेता खिलाड़ी।

**चन्दौसी।** जिला ओलंपिक एसोसिएशन संभल के तत्वावधान में अंकुश ताइक्वांडो अकादमी में ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें अकादमी के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने सफलतापूर्वक टेस्ट दिया। परीक्षक के रूप में मुरादाबाद से आए ताकि इमाम और अजय बाबू व मौजूद रहे। प्रमोशन टेस्ट के दौरान खिलाड़ियों ने पैर से तख्ते व पत्थर तोड़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सीनियर खिलाड़ी व ब्लैक बेल्ड मोहम्मद, अंशी गुप्ता, शुभ संस्कार ने खिलाड़ियों को टिप्स दिए। इसके अलावा अंकुश ताइक्वांडो अकादमी के कोच अंकुश राणा ने बताया कि नगर के ताइक्वांडो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं। ये हमारे लिए बड़ी ही गर्व की बात है। भविष्य में अच्छे खिलाड़ी बनने के लिए मेहनत व लगन जरूरी है।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली पद गोपनीयता की शपथ



एसोसिएशन की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

**चन्दौसी।** नगर के दवा व्यवसायियों की प्रमुख संस्था ' चंदौसी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सुभाष रोड पर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती और दवा व्यापारियों के हितों की रक्षा करने की शपथ ली।नई कार्यकारिणी की टीम ने अपने पदों की जिम्मेदारी संभाली, जिसमें अध्यक्ष पद पर पायल मल्होत्रा, सचिव राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर प्रिंस मल्होत्रा, संगठन मंत्री पद पर रतन कुमार वार्ष्णेय ने शपथ ली। एसोसिएशन के संरक्षक तिलक राज मल्होत्रा, सतीश चंद्र अग्रवाल, सुधीर मल्होत्रा, अंकुर अग्रवाल, सुनील वार्ष्णेय, कपिल अरोड़ा ने शपथ ली। उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, पूजा आहूजा, अनुराग शर्मा, प्रशांत वार्ष्णेय। मीडिया समन्वयक नीरज शर्मा, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, संयुक्त सचिव संजय साहनी, दीपक शर्मा, राहुल वैद, चंदन खन्ना। इसके साथ कार्यकारिणी सदस्य ऋषि वर्मा, लकी सिंह, गौरव भारद्वाज, इरशाद, संभव जैन, वैभव अग्रवाल ने शपथ ली।नवनियुक्त अध्यक्ष पायल मल्होत्रा ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सभी केमिस्ट और ड्रगिस्ट की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना है। उन्होंने दवा व्यवसाय में पारदर्शिता लाने, सरकारी नियमों का पालन करते हुए व्यापारियों का उत्पीड़न रोकने और आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात दोहराई।

### प्रशासनिक न्यायमूर्ति के समक्ष चन्दौसी बार एसोसिएशन ने उठाईं न्यायालय की अहम समस्याएं

**चन्दौसी।** प्रशासनिक न्यायमूर्ति के चन्दौसी आगमन पर चन्दौसी बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत कर न्यायालय परिसर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और अधिवक्ताओं की आवश्यकताओं से संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सुगम एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं मांगें प्रशासनिक न्यायमूर्ति के समक्ष रखीं। बार एसोसिएशन की ओर से कहा गया कि संस्था सदैव न्यायपालिका और न्यायिक अधिकारियों के प्रति सम्मान का भाव रखती है तथा न्यायिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञापन में न्यायालय परिसर के पुराने एवं अनुपयोगी साइकिल स्टैंड के स्थान पर आवश्यक संशोधन कर लिपिकीय कार्यालय स्थापित करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, परिवार न्यायालय में लगातार बढ़ रहे वादों के भार को देखते हुए एक अतिरिक्त फैमिली कोर्ट की स्थापना तथा जिला न्यायालय भवन के प्रथम तल पर आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित कर नए न्यायालयों का संचालन प्रारंभ किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। अधिवक्ताओं का कहना था कि इन व्यवस्थाओं के लागू होने से न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण संभव होगा और न्यायिक कार्यों में गति आएगी।प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति से न्यायालय परिसर की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं न्यायिक संसाधनों को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के हित में इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।इस सगीर सैफी, लोकेंद्र शर्मा,राजबहादुर, विपिन सिंह राघव, कृष्णानन्द शर्मा बंटू, अनुराग सिंह सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

# मुरादाबाद महानगर की हर आवाज को मजबूती से उठाना मेरा मकसद: राजीव

- **2007 में मुरादाबाद सीट से विधायक रहे चुके 2027 में मुरादाबाद सीट के बदल सकते हैं समीकरण**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** 2027 विधायकी का चुनाव करीब आते ही नेता सक्रिय हो गए हैं। मुरादाबाद में भारतीय जनता पार्टी की शहर सीट से 2007 में विधायक रहे चुके राजीव चन्ना भी जनता की आवाज पर चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। उनका मानना है कि मुरादाबाद महानगर से मेरा रिश्ता राजनीति का नहीं, परिवार का है। मुरादाबाद के हर वर्ग, हर समाज और हर धर्म के लोगों ने मुझे हमेशा अपने परिवार के सदस्य की तरह स्नेह, सम्मान और अपनापन दिया है। इसके लिए मैं जीवन भर आपका ऋणी रहूंगा। जनता की आवाज को सक्रियता के साथ उठाया जाएगा।



मुरादाबाद के हरथला कालोनी निवासी राजीव चन्ना 16 साल की उम्र में ही जन संघ में जुड़े गए। उसके बाद उन्होंने राम मंदिर में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इतना ही नहीं वह पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहे। जब पार्टी ने 2007 में उन पर विश्वास जताते हुए उनका शहर सीट से टिकट दिया,तो उन्होंने सीट निकालकर दी। उसके बाद राजीव चन्ना ने 2009 में विधायकी से इस्तीफा देकर बीजेपी को छोड़ दिया था इसके बाद उन्होंने बसपा ज्वाइन करके सांसद का चुनाव लड़ा था। जहां वह तीसरे नंबर पर रहे थे। उस वक्त उनको 1,47594 वोट मिले थे। सूत्रों की माने तो राजीव चन्ना 2010 में फिर से उन्होंने भाजपा ज्वाइन कर ली थी।

राजीव चन्ना से जब इस बारे में वार्ता की गई,तो उन्होंने बताया कि यदि पार्टी और जनता का आशीर्वाद मिला,तो आगामी चुनाव लड़ना है, मेरा एकमात्र उद्देश्य मुरादाबाद महानगर की हर आवाज को मजबूती से उठाना होगा। आज मुझे महसूस होता है कि कई लोगों की बातें और समस्याएं कहीं न कहीं अनसुनी रह जाती हैं। मैं चाहता हूं कि बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग, हर धर्म, हर युवा, हर महिला, हर व्यापारी, हर कर्मचारी और हर जरूरतमंद व्यक्ति की बात को पूरी गंभीरता और सम्मान के साथ सुना जाए। इसके समाधान के लिए ईमानदारी से प्रयास किया जाए। मेरे लिए राजनीति कोई पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और विश्वास निभाने का दायित्व है। स्नेह, आपका विश्वास और आपका आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

### सपा में जाने की चल रही चर्चा

राजीव चन्ना का पूरा जीवन मुरादाबाद में ही बीता है, लेकिन कुछ सालों से वह भवाली के उत्तराखंड में रह रहे हैं, लेकिन 2027 का चुनाव करीब आते ही मुरादाबाद वासियों की आवाज को प्रमुखता से उठाने के लिए उनके कहने पर राजीव चन्ना चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो सपा से भी चुनाव लड़ सकते हैं हालांकि उन्होने इस बारे में कुछ नहीं बोला है। वह बस चुनाव की तैयारियां कर रहे हैं लेकिन भाजपा की मीटिंग में आते जाते हुए उनको देखा जा रहा है। जिससे विरोधियों में खलबली मच गई है।आने वाले विधायकी के चुनाव मुरादाबाद के समीकरणों को बदल सकते हैं।

# आपसी कलह के चलते पति ने कुल्हाड़ी से वार कर की पत्नी की हत्या

## मृतक महिला का शव पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा



मृतक का फाइल फोटो ।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** पत्नी से विवाद के चलते पति ने कुल्हाड़ी से वार करके अपनी पत्नी की हत्या कर डाली। मृतक महिला के भाई की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। तथा मृतक महिला का शव पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा मुस्तकम का है।

दरअसल, थाना क्षेत्र के गांव पौरारा मुस्तकम निवासी रामफल सिंह उम्र करीब 60 वर्ष बीती 24 मई को बदायूं जनपद के थाना सहसवान के गांव मचौना की मढैंया अपनी ससुराल गया था। रामफल की पत्नी मृतक उर्मिला वहां पहले से ही रुकी हुई थी। इसी बात को लेकर वहां पर रामफल तथा उर्मिला के बीच विवाद हो गया।आरोप है कि पति-पत्नी के विवाद के बीच ससुराल पक्ष के कुछ लोगों ने रामफल के साथ हाथापाई भी कर दी थी।इसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद और बढ़ गया। शनिवार देर रात मृतक उर्मिला उम्र करीब 50 वर्ष गंगा तटबंध किनारे अपने घर पर सोई हुई थी।इसी बीच पति रामफल ने सोई हुई महिला के सिर पर कुल्हाड़ी का बार करके उसकी हत्या कर दी। सुबह होने पर ग्रामीणों का इसका पता चला तो उन्होंने रहरा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची रहरा पुलिस ने मृतक उर्मिला के पति रामफल को मौक ए वारदात से कुल्हाड़ी समेत गिरफ्तार कर लिया। जनपद बदायूं के थाना सहसवान के गांव मचौना की मढैंया निवासी मृतक महिला उर्मिला के भाई महावीर ने अपने जीजा रामफल के खिलाफ तहरीर देकर हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है।रहरा पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक उर्मिला के परिवार में उसकी चार बेटियों की शादी हो चुकी है। जबकि तीन बेटे अभी अविवाहित हैं। उर्मिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। रहरा थाने के एस एस आई संदीप पवार ने बताया कि मृतक उर्मिला के भाई महावीर की तहरीर पर हत्या की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी पति रामफल को गिरफ्तार कर लिया है।

### टाटा मैजिक में लदा डीजे पेड़ की टहनी से टकराया, संचालक की मौत, साथी घायल

**हसनपुर ।** शनिवार रात पेड़ की टहनी से टकराकर नीचे गिरे डीजे संचालक की मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जानकारी के अनुसार आदमपुर थाना क्षेत्र के माजरा मासकपुर निवासी डीजे संचालक योगेश खड़गवंशी पुत्र सुरेश व उसका साथी कन्हैया पुत्र जसवंत नजदीकी गांव बहादरपुर में बारात चढ़त के बाद टाटा मैजिक में लदा डीजे लेकर घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि गर्मी होने के चलते योगेश व कन्हैया डीजे पर चढ़कर बैठ गए। चालक वाहन को लेकर चल दिया। रास्ते में सामने से आ रहे ट्रैक्टर को बचाने के लिए चालक ने जैसे ही टाटा मैजिक को किनारे किया कि डीजे पर बैठे दोनों दोस्त पेड़ की टहनी से टकराकर नीचे गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में दोनों को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां 20 वर्षीय योगेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मेरठ के निजी अस्पताल में कन्हैया का उपचार चल रहा है, हालत नाजुक बनी है। योगेश तीन भाई-बहनों में बड़ा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**भगतपुर।** भगतपुर क्षेत्र के डूंगरपुर चौराहे पर रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम नादरबाद की मंडैया, थाना सिविल लाइंस, जनपद रामपुर, निवासी पारस 24 वर्ष अपनी स्कूटी से काशीपुर की ओर से आ रहा था। बताया कि रविवार सुबह करीब 3 बजे जैसे ही वह डूंगरपुर चौराहे के पास पहुंचा तभी काशीपुर की दिशा से आ रहे डंपर ने पीछे से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी।

हादसे में पारस गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए सीएचसी भोजपुर भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी जिसके बाद सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

### रालोद किसान मोर्चा हर जिले में कराएगा किसान सम्मेलन

**गजरौला ।** राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने किसान प्रकोष्ठ के संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए सभी जिलाध्यक्षों से अपने-अपने जनपद में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का अनुरोध किया, और जल्द से जल्द सम्मेलन की तिथियां घोषित करने पर जोर दिया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना, इसी के साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की।

रविवार को नगर की राजपूत कॉलोनी के बूथ संख्या 70 पर स्थित अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रपाल खड़गवंशी के आवास पर मन की बात कार्यक्रम के 135 वें एपिसोड को ध्यानपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित करके किया गया। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं द्वारा ध्यानपूर्वक मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा कहा कि ये सफलताएं देश की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को और मजबूत करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम देखते हुए।

छू रहा है और देश के नागरिकों की मेहनत तथा नवाचार इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि देश की उपलब्धियां केवल सरकार की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं, जो भारत को तेजी से विकास की नई दिशा में आगे बढ़ा रही हैं।

इस अवसर पर चेयरमैन राजपाल सैनी,मुकेश गुप्ता, सुरमित गुप्ता, संदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता,फतेह सिंह खडगवंशी,विक्रांत शर्मा,विनोद त्यागी,देवेंद्र सैनी, रोहताश सिंह उर्फ डब्लू,चंकी सहदेव, शीशपाल, नानकचंद, किशन,बिरमा प्रधान, अशोक, गजराज सिंह,धर्मेंद्र, विशाल वर्मा, कालुआ खड़गवंशी, कामिल, पीतम,मेघराज,सत्यप्रकाश,सुनील आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीएम आज मुरादाबाद में नहीं रुका मेले का संचालन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** कई रोज से खुशहालपुर में नियम ताक पर रखकर मेला लगाया रहा। जबकि उसकी एनओसी तक नहीं है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों ने मेले को नहीं रोका है। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। बता दे कि मुरादाबाद के खुशहालपुर में ब्रेड फैक्ट्री के पास आवास विकास की जगह खाली पड़ी है,जोकि विवादित होने के साथ ही उसका केस भी चल रहा है,लेकिन उसके बाद भी मुरादाबाद के कुछ लोग वहां पर मेले का आयोजन करा रहे हैं, जबकि सूत्रों की माने तो अभी तक फायर से लेकर सिटी मजिस्ट्रेट तक किसी भी विभाग से एनओसी नहीं मिली है। उसके बाद मेले धड़ल्ले से चल रहा है। जिसमें बच्चे से लेकर महिलाओं तक मेले का आनंद लेते हुए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। जबकि वहां के लोगों का कहना है कि इस मेले की अभी तक शायद एनओसी नहीं मिली है।जोकि बच्चों और महिलाओं की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आए दिन पूरे प्रदेश में मेले लगने के दौरान हादसे होते रहते हैं,लेकिन उसके बाद ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों ने इस मेले को नहीं रुकवाया है।

### काफी समय से भरा है पानी

काफी लंबे समय से इस जमीन पर पानी भरा हुआ था। जिस कारण इसकी स्थिति सही नहीं है। इस पर रोडवेज इंजीनियर द्वारा बोल्ड कास्ट का सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है। नहीं किया गया फायर लगने की स्थिति में जिस प्रकार भीषण गर्मी पड़ रही है ना तो कोई फायर एक्सटिंग्विशर है और ना ही पानी की टंकी की व्यवस्था रोगों को निमंत्रण देने के लिए किसी भी टॉयलेट की भी व्यवस्था नहीं की गई है।यह सब खुलेआम चल रहा है मेला संचालक हरीश कुमार से जब इस बारे में बात की गई, तो कहा कि जो चाहे कर लो हम तो ऐसे ही चलाएंगे।

### किसान प्रकोष्ठ के पदाधिकारियो की बैठक का हुआ आयोजन

**गजरौला।** रविवार को नेहा मेमोरियल इंटर कॉलेज अफजलपुर लूट, गजरौला जनपद अमरोहा में किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का। संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने किया योगेन्द्रसिंह ने किसान प्रकोष्ठ संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए सभी जिलाध्यक्षों से अपने अपने जनपद में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद बिजनौर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने की बैठक में लगभग सभी जिलों के जिलाध्यक्ष क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया जल्द सभी जनपद की तारीख घोषित कर दि जाएगी।

सम्मेलन | पीडीए सम्मेलन में गूंजा संगठन मजबूती का संकल्प

# सपा पीडीए सम्मेलन में जमकर विपक्षियों पर गरजे कमाल अख्तर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** नगर में आयोजित समाजवादी पार्टी के पीडीए सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर द्वारा जमकर विरोधियों पर निशाना साधा और कहा कि प्रत्येक समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार अखिलेश यादव एवं साइकिल चुनाव चिन्ह है, जिसे भी राष्ट्रीय नेतृत्व समाजवादी का सिंबल देगा उसकी सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तन मन धन से लड़ाकर सपा की सरकार बनाने का काम करेगा। रविवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक मैरिज हॉल के सभागार में सपा नेता खान चंद खड़गवंशी के द्वारा सपा पीडीए सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप





सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमाल अख्तर । -जागरण मोर्चा



सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह । -जागरण मोर्चा

में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कमाल अख्तर और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पहुंचते ही कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमाल अख्तर ने कहा की आज जनता किसी विभाग से दुखी है तो वह विद्युत विभाग है विद्युत विभाग द्वारा जनता का चेकिंग एवं बिल सही करने के नाम पर मानसिक एवं आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

अब अत्याचार के खिलाफ क्षेत्र की जनता मतदान करेगी और अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएगी। सम्मेलन की अध्यक्षता सपा नेता बदर कुरैशी ने की तथा संचालन मनोज त्यागी द्वारा किया गया।

सम्मेलन में पंडित येतेंद्र शंकर गौड़, अंशु त्यागी, आरिफ अख्तर, प्रीतम सिंह,फारूक प्रधान,मलखान सिंह, यूसुफ कुरैशी,नवल कुमार,अखिलेश कुमार,फैसल अल्वी, वसीम मलिक, हरीश, गोकुल सिंह,दाताराम, जितेंद्र, विक्रम सिंह, प्रताप सिंह, दुष्यंत, भ्रमजीत,गोलू त्यागी,विक्रम खड़गवंशी, जितेंद्र विधुडी,परम सिंह, चंद्रपाल सैनी, रिंकू शर्मा, सौरभ अग्रवाल सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### सड़क निर्माण को लेकर बी.आर. अंबेडकर किसान यूनियन का प्रदर्शन

**हसनपुर ।** कस्बे की सड़कों की जर्जर हालत के विरोध में भारतीय किसान यूनियन बी .आर . अंबेडकर के पदाधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने खराब सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर कस्बा ढबारसी में स्थित भीमा सुल्तानपुर लिंक मार्ग पर पानी में बैठकर और लेटकर रविवार को विरोध दर्ज कराया। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि सड़कों का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। यूनियन के नेताओं ने कहा कि यह कस्बा क्षेत्र का मुख्य मार्ग है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं। जर्जर रास्ते के कारण आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से जनता की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की। इस अवसर पर गजेंद्र भाटी, सोनू गुर्जर, कुलदीप सम्राट, विपिन जाटव, विजय सैनी, गौतम, नन्हे यादव, धर्मपाल यादव, अक्की कसाना, यश त्यागी और देवेंद्र यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गंदे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए।

### विद्युत लाइन का तार बाइक पर गिरा, लगी आग

**हसनपुर ।** नगर के मेंन बाजार मैं सड़क किनारे खड़ी बाइक पर अचानक विद्युत तार टूट कर गिरने से बाइक मे आग लग गई, आग लगने से बाजार में हड़कंप का माहौल हो गया। वहीं व्यापारियों द्वारा सूचना देने के बाद विद्युत आपूर्ति बंद हुई, पीड़ित बाइक स्वामी द्वारा हजारों का नुकसान बताया जा रहा है। रविवार को नगर के मेन बाजार स्थित पुरानी तहसील के निकट सड़क किनारे खड़ी बाइक पर अचानक विद्युत तार टूट कर गिर गया, विद्युत तार बाइक पर गिरने से बाइक में आग लग गई, विद्युत तार टूटने एवं बाइक में आग लगने के कारण बाजार में हड़कंप मच गया। तभी व्यापारियों द्वारा विद्युत विभाग को सूचना दी गई तो विद्युत विभाग द्वारा आपूर्ति को बंद किया गया। बताया जा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मिलक निवासी प्रताप बाजार स्थित अतुल शर्मा की दुकान पर कार्यकर्ता है प्रतिदिन की भांति उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी थी, जब यह हादसा हुआ तो पीड़ित दुकान में कार्य कर रहा था। पीड़ित प्रताप द्वारा बताया गया कि इस घटना से उसकी बाइक आग से जल गई है उसे लगभग दस हजार रुपए का आर्थिक नुकसान है।





विद्युत तार गिरने से बाइक में लगी आग।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा को कामयाब बनाने को जुटें भाजपाई

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 29 जून को प्रस्तावित मुरादाबाद आगमन एवं जनसभा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, मुरादाबाद में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल, भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का आह्वान करते हुए संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह को जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण भी प्रस्तावित है। बैठक में सभी मंडलों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के आह्वान किया गया। बैठक में पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी,जिला महामंत्री नवीन चौधरी आदित्य शंख्यधर, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, चौधरी हुकुम सिंह, सत्येंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, चकित चौधरी,डॉयशवीर सिंह, मयूर भाटिया, जिला मंत्री विक्रांत चौधरी काशीष चौहान अर्पित चौहान रवि बॉक्सर, जिला सोशल मीडिया संयोजक श्याम रुहेला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंबेडकर विकास मंच ने शरबत का किया वितरण

**हसनपुर ।** भीषण गर्मी के चलते अंबेडकर विकास मंच के द्वारा शरबत का वितरण किया गया, शरबत वितरण से पहले भाजपा जिला अध्यक्ष, चेयरमैन सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।



बाबा साहब की मूर्ति पर माला अर्पण करते हुए।

रविवार को नगर स्थित अंबेडकर पार्क पर अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे शीतल शरबत का वितरण किया गया,भीषण गर्मी को देखते हुए अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारियों ने लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए ठंडा शीतल शरबत का वितरण कर लोगों को गर्मी से राहत देने का काम किया। अंबेडकर विकास मंच समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्य करके समाज में एक अच्छा संदेश देने का काम करता रहता है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि इस वर्ष अंबेडकर विकास मंच बहुत सारे सामाजिक कार्यों को करने का काम करेगा,अंबेडकर पार्क पर राहगीरों ने प्रेम पूर्वक शरबत पीकर गर्मी से राहत की सांस ली। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता हेम सिंह आर्य,भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी,चेयरमैन राजपाल सैनी, चंद्रपाल खड़गवंशी,जगत सिंह, मीनू रानी, सुशील भगत जी, गजराज सिंह, नानक सिंह, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, ब्रह्मज्ञान सिंह,रोहतास सिंह, सुमित गुप्ता,संदीप गुप्ता, राजेश कुमार,चंचल सागर,बचन सिंह,संजय कुमार,छोटेलाल,वरुण कुमार,उमेश कुमार,संजीव कुमार, विनय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### मामूली कहासुनी को लेकर धारदार हथियार से हमला

**भगतपुर।** क्षेत्र के सत्तीखेड़ा मोड़ के पास लगने वाली फल की दुकानों पर मौजूद दुकानदारों के बीच रविवार की सुबह किसी मामूली बात को लेकर कहा सुनी हो गई इसके बाद एक फल विक्रेता ने दूसरे फल विक्रेता पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस संबंध में घायल फल विक्रेता के परिजनों की तरफ से पुलिस को तीन आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी गई जिसके आधार पर भगतपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी रोशनपुर निवासी प्रदुम की सत्तीखेड़ा मोड़ के पास फलों की दुकान है। प्रदुम के अनुसार रविवार की सुबह उसके सामने फल की दुकान पर मौजूद दुकानदार ने उसके साथ मामूली बात को लेकर अभद्रता शुरू कर दी जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो। इसके बाद प्रदुम परिजनों के साथ थाना भगतपुर पहुंचा व आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अमरपाल, प्रियांशु एवं कुलदीप निवासी भदगवां के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# मक्का पर फिसलकर बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, ममेरे-फुफेरे भाईयों की मौत

- बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव परसिया-दबतोरी के बीच हादसा
- बिसौली के गांव मई बसई में बैंड बजाने जा रहे थे बाइक सवार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सड़क पर सूख रही मक्का लगातार लोगों की जान ले रही है। इसके बाबजूद जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। शनिवार रात भी मक्का के कारण बाइक सवार ममेरे-फुफेरे भाईयों की जान चली गई। उनकी बाइक मक्का पर फिसली और अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। जिसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। बरेली जिले के थाना सिरौली के गांव खुर्द निवासी नौशाद (28) पुत्र तुल्लन और चांद बाबू (25) पुत्र अली अहमद शादी समारोह में बैंड बजाने का काम करते हैं। दोनों आपस में सगे ममेरे-फुफेरे भाई थे। शनिवार रात उनका बैंड बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव मई बसई बरात चढ़ाने आया था। परिजनों ने बताया कि उनका बैंड अन्य वाहन से मई बसई गांव पहुंच गया था। जबकि नौशाद व चांद बाबू अपनी बाइक से मई बसई गांव जा रहे थे। जैसे ही वह लोग परसिया-दबतोरी गांव के बीच पहुंचे, तभी परसिया गांव के समीप सड़क पर फैली मक्का के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों युवकों के परिजन रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने रविवार को दोनों के शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**बदायूं।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को म्याऊं सीएचसी पर भिजवाया। जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके साथी को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।


भंवरपाल के परिजन। –जागरण मोर्चा

हादसा म्याऊं-उसहैत रोड पर शनिवार देरशाम 7 बजे हुआ। कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव कैथुलिया निवासी भंवरपाल (35) पुत्र गुलफाम अपने साथी शरद (30) पुत्र कृष्णपाल के साथ बाइक से अपनी ससुराल जैलान नगला थाना उसावां में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। बताया जा रहा है कि बाइक शरद चला रहा था, जबकि भंवरपाल पीछे बैठा था। जैसे ही उनकी बाइक म्याऊं-उसहैत रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को म्याऊं सीएचसी भिजवाया। जहां भंवरपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि शरद को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## सार संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, बिसरा प्रिजर्ब

**बदायूं।** उझानी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत गई। युवक बेहोशी की हालत में गांव के पास जंगल में पड़ा मिला। आनन-फानन में परिजन उसे निजी डॉक्टर के पास ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे मेडीकल कालेज रेफर कर दिया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरौल निवासी राहुल (26) पुत्र दुलार कछला पुल पर चाट बेंचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। शनिवार को उसका परिवार पूर्णागिरि मां के दर्शन के लिए टनकपुर जा रहा था। इसी दौरान परिजन ट्रेन के इंतजार में कछला स्टेशन पर बैठे थे। तभी किसी ने परिजनों को सूचना दी कि राहुल बेहोशी की हालत में जंगल में पड़ा है। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे निजी डॉक्टर के पास ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे मेडीकल कालेज रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे मेडीकल कालेज ले आए। जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह से बिसरा प्रिजर्ब कर लिया गया है।

### दुबई में गूंजा बदायूं का गौरव, एमएलसी बागीश पाठक ने बढ़ाया जनपद का मान



**बदायूं।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बदायूं से सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) आदरणीय बागीश पाठक जी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री अरुण सिंह जी के साथ सहभागिता कर जनपद बदायूं का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, भारत की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विश्व पटल पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष समारोह में सहभागिता कर राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। दुबई में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों के साथ-साथ यूएई के अनेक प्रमुख गणमान्य नागरिक, सामाजिक, व्यावसायिक एवं सामुदायिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने भारत की विकास यात्रा, वैश्विक नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प की सराहना करते हुए कार्यक्रम का स्वागत किया। इस गरिमामय अवसर पर यूएई में भारत के राजदूत श्री दीपक मित्तल जी, काउंसल जनरल ऑफ इंडिया, यूएई श्री सतीश कुमार सिवन जी, आईपीएफ के अध्यक्ष श्री जितेंद्र वैद्य जी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। विदेश की धरती पर एमएलसी बागीश पाठक जी द्वारा बदायूं का प्रतिनिधित्व किए जाने से जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में विशेष उत्साह का वातावरण है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस प्रकार के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बदायूं की प्रभावशाली उपस्थिति से संगठन का गौरव बढ़ा है तथा कार्यकर्ताओं का मनोबल भी और अधिक मजबूत हुआ है। जनपदवासियों ने इसे बदायूं के लिए गर्व और सम्मान का विषय बताया।

### मारपीट व छेड़छाड़ के तीनों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी सैदपुर के एक कालेज की छात्रा है। बेटी के स्कूल आते-जाते समय गांव के अजय, धीरपाल व सन्नी छेड़छाड़ करते हैं। इसकी शिकायत जब उसकी पत्नी ने तीनों आरोपितों से की तो 13 जून को दोपहर 2 बजे आरोपितों ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, दहेज के लिए हत्या का आरोप

## उसहैत थाना क्षेत्र के गांव बारीखेड़ा की घटना, दहेज में पांच लाख नकद व बुलेट मांगने का आरोप



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायका पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहजहांपुर जिले के थाना मिर्जापुर के गांव भौती निवासी जयराम ने बताया कि उसने अपनी पुत्री खुशबू (25) की शादी करीब छह साल पहले उसहैत क्षेत्र के गांव बारीखेड़ा निवासी श्रीपाल के पुत्र दिनेश के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति व अन्य ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रुपये नकद व एक बुलेट की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वाले उसकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। शनिवार को दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने उसकी बेटी को जमकर पीटा, जिसमें उसकी जान चली गई। सूचना पर जब वह लोग खुशबू की ससुराल पहुंचे तो बेटी का शव घर में पड़ा था और ससुराल वाले मौके से फरार थे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी के शरीर पर चोटों के गहरे निशान मिले हैं। मायका पक्ष की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि मायका पक्ष की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतका खुशबू।

## कार और ट्रैक्टर की टक्कर में कार चालक का मौत

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देररात ट्रैक्टर और कार में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। हादसा दातागंज कोतवाली क्षेत्र में बिहारीपुर मोड़ के पास शनिवार देररात हुआ। कोतवाली क्षेत्र के गांव अंधरऊ निवासी उदयवीर शाक्य (42) पुत्र सीताराम अपनी कार से बदायूं की ओर आ रहे थे। इसी दौरान दातागंज कोतवाली क्षेत्र के बिहारीपुर मोड़ पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की उनकी कार से टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक उदयवीर शाक्य की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते दातागंज के प्रभारी निरीक्षक वेदपाल सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।


मृतका विनीता के परिजन। –जागरण मोर्चा

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला शव विवाहिता का मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायका पक्ष ने मारपीट कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उसहैत थाना क्षेत्र के गांव रुपापुर निवासी प्रेमपाल ने अपनी पुत्री विनीता (24) की शादी पांच वर्ष पहले कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव लक्ष्मणनगला निवासी गिरीश के पुत्र प्रदीप के साथ की थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से पति व ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। इसी बीच विनीता ने एक पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद भी ससुराल वालों की प्रताड़ना कम न हुई। मायका पक्ष का आरोप है कि रविवार सुबह ससुराल वालों ने विनीता के साथ जमकर मारपीट की, जब उसकी मौत हो गई तो सभी ने उसे आत्महत्या का रुप देने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया।

मायका पक्ष ने बताया कि जब वह लोग बेटी की ससुराल पहुंचे तो उसका फंदे पर लटका था और ससुराल वाले फरार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसओ विक्रम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र में 4 वर्षीय मासूम के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त अंगोछा बरामद किया गया है।

घटना 25 जून 2026 की है, जब एक गांव में खेल रही बच्ची अचानक लापता हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू की और कुछ घंटों बाद बच्ची को गांव से करीब एक किलोमीटर दूर खेतों से बरामद किया। बच्ची के शरीर पर चोट के निशान मिलने के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि होने पर संबंधित धाराएं बढ़ाई गईं।



घायल उप निरीक्षक गौरव व आरोपी अबरार। –जागरण मोर्चा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना अलापुर, एसओजी व सर्विलांस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर ग्राम भसराला निवासी 58 वर्षीय अबरार को आरोपी के रूप में चिन्हित किया गया।

रविवार सुबह पुलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपी के पैरों में गोली लगी, जबकि थाना अलापुर के उपनिरीक्षक गौरव कुमार भी फायरिंग में घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से .315 बोर का तमंचा, कारतूस और खून से सना अंगोछा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## बिसौली से 54 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर से शनिवार को 54 श्रद्धालुओं का एक जत्था पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यह जत्था 3 जुलाई से पहलगाम और बालटाल मार्ग से शुरू होने वाली यात्रा में शामिल होकर बाबा बर्फानी के दर्शन करेगा। यात्रा पर रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने अशोक गुरु जी के मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद नारियल फोड़कर प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं में मुरारी भ्राता, मनोज टाटा, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, रजत वार्ष्णेय, आशीष, छोटू, लव कुमार, चेतन, ऋषभ वार्ष्णेय, तरुण, गणेश, विशाल वार्ष्णेय, प्रदुमन शाक्य, पारस, अभिनव, विष्णु, दिव्या, नेहा, किरन, पूरन, रोशन दिवाकर, नीरज, लब्बू, निखिल, अनुराग, पुलकित, पारस सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# कूलर का करंट लगने से महिला की मौत, परिवार में कोहराम

## घर में साफ-सफाई के दौरान रविवार तड़के हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रविवार सुबह घर की सफाई करते समय कूलर में उतरे करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। आनन-फानन में परिजन महिला को राजकीय मेडीकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव सालारपुर निवासी गंगासिंह उर्फ गोपी की पत्नी पूजा (40) रविवार सुबह 8 बजे घर की साफ-सफाई कर रही थी। सफाई के दौरान वह कमरे में पोछा लगा रही थी, इसी दौरान उनका हाथ कूलर से छू गया। कूलर में पहले से ही करंट प्रवाहित हो रहा था। करंट लगते ही पूजा बेहोश हो गई। चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और कूलर को बंद कर उनको अलग किया। इसके बाद परिजन आनन-फानन में पूजा को मेडीकल कालेज ले गए। जहां डॉक्टरों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।


मृतका पूजा।



# ई-रिक्शा चालक से मारपीट में तीन पर दलित उत्पीडन की रिपोर्ट

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव निमठोली निवासी राजवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह दलित जाति से है और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गांव के भूरे यादव पर उसके ई-रिक्शा के किराए के रुपये आ रहे थे। 24 जून की रात 9 बजे उसने भूरे से अपने उधार के रुपये मांगे तो इसी बात पर भूरे ने उसे जातिसूचक गाली गलौज करते हुए रुपये देने से इंकार कर दिया। इसके बाद भूरे, रुपराम व सूरत उसके घर में घुस आए और लाठी -डंडों से जमकर मारपीट की। जिसमें उसके अलावा पत्नी व जीवन लाल को गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने तीनों आरोपितों पर दलित उत्पीडन व मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्त
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिंप्पल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
- जॅद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मम्ककी शिकायतें व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र - 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

**धर्मयात्रा** गौ रक्षा धर्म युद्ध यात्रा का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन

# गौ रक्षा धर्म युद्ध यात्रा का बिसौली में भव्य स्वागत, शंकराचार्य ने दिलाई शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** गौ रक्षा धर्म युद्ध यात्रा लेकर पहुंचे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का बिसौली विधानसभा क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए बिसौली-चन्दौसी रोड स्थित मुडिया धुरे के एमजी ग्रीन रिसोर्ट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने उपस्थित सनातनियों को गौ रक्षा के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व कॉर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और गौ माता की प्रतिमा भेंट की।



जनसमूह को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि वर्तमान सरकार गौ हत्या रोकने और धर्म-संस्कृति की रक्षा के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि गौ माता केवल पशु नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में हर वर्ग चाहता है कि गौ हत्या पर पूर्ण रोक लगे और केंद्र व प्रदेश सरकार गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार स्वयं को संतों की हितैषी बताती है, लेकिन संत समाज आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। शंकराचार्य ने स्पष्ट किया कि उनकी यात्रा किसी राजनीतिक दल के समर्थन के लिए नहीं, बल्कि गौ रक्षा और धर्म-संस्कृति के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही है। जो भी इस दिशा में कार्य करेगा, वे उसके साथ खड़े रहेंगे।

इस अवसर पर आशीष यादव, अनिल गोस्वामी, एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह यादव, खजाना देवी, अमित मथुरिया, विकास यादव, रूपा देवी, कल्याण सिंह, जयपाल सिंह, साहब सिंह, पंकज यादव, गौरव कुमार, सुबोध यादव, एडवोकेट राजीव यादव, एडवोकेट मोहित यादव, ग्राम प्रधान ऋषिपाल यादव, महेश यादव, विमल यादव, जुगल किशोर गुप्ता, राकेश यादव, रावेंद्र यादव, गुड्डू सैफी, अवनेश यादव, रमन यादव, सोनू दिवाकर, कपिल देव, मोनू कुमार, यशवीर यादव, मुकेश यादव, राजकुमार, महेश पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इससे पूर्व शंकराचार्य कस्बा सैदपुर भी पहुंचे, जहां उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यहां उन्होंने लोगों से गौ हत्या रोकने और धार्मिक परंपराओं की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की।

### देवरानी से मारपीट में जेठानी समेत चार पर रिपोर्ट

**बदायूं।** थाना व कस्बा फैजगंज बेहटा निवासी ममता शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 27 जून घर में पानी की व्यवस्था के लिए नगर पंचायत की टंकी लगवा रही थी। तभी उसकी जेठानी अनीता अपने बेटों सुधाकर, प्रशांत व विशाल के साथ आकर टंकी लगवाने का विरोध करने लगी। जब उसने विरोध का कारण पूछा तो सभी ने मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर चारों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

### ग्रामीण से मारपीट में पिता-पुत्रों पर प्राथमिकी

**बदायूं।** हजरतपुर थाना व कस्बा निवासी कृष्ण अवतार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 26 जून को बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर वह कस्बे के राकेश की दुकान पर गया था। जिस पर राकेश का पुत्र अजीत आगबबूला हो गया और उसके साथ मारपीट करने लगा। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर घर की ओर भाग आया। उसके पीछे राकेश, अजीत व सुरजीत लोहे की रॉड व लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और मरपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसमें उसको काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने पिता पुत्रों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

### छेड़छाड़-मारपीट के आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 जून को वह अपने मायके सहसवान में आई हुई थी। जब वह अपनी ससुराल जा रही थी। वह ससुराल जाने के लिए सवारी का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान गांव का अहमद पुत्र सत्तार बाइक से गांव जा रहा था। वह गांव जाने के लिए अहमद की बाइक पर बैठ गई। जिस पर अहमद बाइक जंगल की ओर ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने विरोध किया तो अहमद ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपित पर प्राथमिकी दर्ज की है।

# सम्पादकीय

## घरेलू मोर्चे पर झटके खा रहे राष्ट्रपति ट्रंप पर पड़े असर के राजनीतिक व कूटनीतिक मायने

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हाल के दिनों में घरेलू मोर्चे पर दो बड़े झटके लगे हैं, जिनका असर उनकी राजनीतिक ताकत, चुनावी रणनीति और राष्ट्रपति पद की सीमाओं पर पड़ सकता है। लिहाजा विश्व राजनीति और कूटनीति पर भी इन घटनाओं का असर लाजिमी है। पहले हम बात करते हैं, उन दो बड़े झटके का-जहां पहला झटकाः मतदान संबंधी आदेश पर अदालत की रोक का है, वहीं दूसरा झटका राष्ट्रपति की शक्तियों पर बढ़ता न्यायिक अंकुश है।

उल्लेखनीय है कि एक संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन के उस आदेश को असंवैधानिक बताते हुए रोक दिया, जिसमें मतदाता पंजीकरण के लिए नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करने की कोशिश की गई थी। अदालत ने कहा कि चुनावी नियम तय करना राष्ट्रपति का नहीं बल्कि राज्यों और कांग्रेस का अधिकार है। वहीं दूसरी ओर ट्रंप की कई नीतियों–जैसे व्यापक टैरिफ, दूसरा प्रशासनिक एजेंसियों पर नियंत्रण और कुछ आव्रजन कदम–अदालतों में चुनौती का सामना कर रही हैं।

गौरतलब है कि इसी वर्ष अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने उनके व्यापक टैरिफ अधिकारों को खारिज करते हुए कहा कि कराधान और शुल्क निर्धारण का मूल अधिकार कांग्रेस के पास है। इसे ट्रंप के आर्थिक एजेंडे पर बड़ा आघात माना गया। यह स्थिति दुनिया के अघोषित थानेदार के लिए उचित नहीं है। इसके निम्नलिखित राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं:- पहला, "मजबूत राष्ट्रपति" की छवि को चुनौतीः ट्रंप ने स्वयं को एक ऐसे नेता के रूप में प्रस्तुत किया है जो तेजी से निर्णय लेकर व्यवस्था बदल सकते हैं। अदालतों द्वारा बार-बार हस्तक्षेप होने से उनके समर्थकों के बीच यह धारणा बन सकती है कि संस्थागत ढांचा उनकी नीतियों को रोक रहा है। दूसरा, रिपब्लिकन आधार का और ध्रुवीकरणः ट्रंप इन फैसलों को "न्यायिक सक्रियता" या "डीप स्टेट" की बाधा बताकर अपने समर्थकों को और अधिक संगठित करने की कोशिश कर सकते हैं। इससे रिपब्लिकन मतदाता आधार में लामबंदी बढ़ सकती है। तीसरा, डेमोक्रेटिक पार्टी को राजनीतिक अवसरः डेमोक्रेट्स इन घटनाओं को संवैधानिक संस्थाओं की जीत और सत्ता के केंद्रीकरण पर अंकुश के रूप में पेश कर रहे हैं। इससे वे 2026 के मध्यावधि चुनावों में लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा का मुद्दा उठा सकते हैं। चौथा, कांग्रेस बनाम राष्ट्रपति की बहस तेजः टैरिफ और चुनावी नियमों पर आए फैसलों ने यह संदेश दिया है कि अमेरिकी व्यवस्था में राष्ट्रपति की शक्तियां असीमित नहीं हैं। इससे कार्यपालिका और कांग्रेस के बीच अधिकारों की खींचतान और बढ़ सकती है। पांचवां, 2026 मध्यावधि चुनावों पर प्रभावः यदि ट्रंप अपनी प्रमुख नीतियों को लागू कराने में कठिनाई महसूस करते हैं, तो विपक्ष इसे प्रशासनिक विफलता बताएगा। वहीं ट्रंप समर्थक इसे "व्यवस्था बनाम जनता" की लड़ाई के रूप में प्रचारित कर सकते हैं। इसलिए ये झटके राजनीतिक रूप से नुकसान भी पहुंचा सकते हैं और ट्रंप के लिए सहानुभूति भी पैदा कर सकते हैं। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि ये दोहरे झटके केवल कानूनी पराजय नहीं हैं। इनके केंद्र में अमेरिकी संविधान में राष्ट्रपति, कांग्रेस और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन है। आने वाले महीनों में यह संघर्ष अमेरिकी राजनीति का प्रमुख विषय बन सकता है और 2026 के मध्यावधि चुनावों की दिशा भी प्रभावित कर सकता है। खास बात तो यह कि घरेलू मोर्चे पर ट्रंप की शक्तियों को मिले इन झटकों का प्रभाव केवल अमेरिकी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्व राजनीति और कूटनीति पर भी दूरगामी असर डाल सकता है। पहला, अमेरिकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्नः जब किसी राष्ट्रपति की प्रमुख नीतियां अदालतों या संस्थागत बाधाओं से रुकती हैं, तो सहयोगी और प्रतिद्वंद्वी दोनों देशों के मन में यह सवाल उठता है कि अमेरिका की घोषित नीतियां कितनी स्थायी हैं। इससे अमेरिकी वादों और समझौतों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। दूसरा, "टैरिफ कूटनीति" की धार कमजोरः ट्रंप ने व्यापार शुल्क (टैरिफ) को विदेश नीति के एक हथियार की तरह इस्तेमाल किया था। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उनके व्यापक टैरिफ अधिकारों को सीमित किए जाने से चीन, यूरोपीय संघ, भारत, कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों पर दबाव बनाने की उनकी क्षमता कम हुई है।

# सामाजिक चुनौती भी है रिश्तों का दुखांत



> वर्जित संबंधों का समाज ही मूकदर्शक बना रहेगा तो सत्ताधीशों को क्या फर्क पड़ता है? हमें अपनी महान विरासत पर गर्व करने के उपदेश अकसर दिये जाते हैं, पर उसे लगातार विकृति से बचाव की चिंता कहीं नजर नहीं आती। सावित्री-सत्यवान के चरित्रवाले देश में सोनम और सिया की प्रवृत्ति पनप रही है तो समाज अपनी जिम्मेदारी-जवाबदेही से मुंह नहीं चुरा सकता। रफ्तार और बदलाव के इस युग में सात जन्मों के साथ की बात पुरातनपंथी लग सकती है, पर एक जन्म का साथ तो ईमानदारी से निभाइए। बेशक विवाह संबंध में लड़का-लड़की, दोनों को पसंद-नापसंद का समान अधिकार होना चाहिए। फिर भी अगर साथ चलना मुश्किल लगे तो अलगाव को भी गलत नहीं मानना चाहिए, लेकिन रिश्तों में बेवफाई हरगिज स्वीकार्य नहीं हो सकती।

सिया गोयल द्वारा होने वाले पति केतन अग्रवाल की हत्या ने राजा रघुवंशी हत्याकांड की याद दिला दी। राजा रघुवंशी की मां ने तो चाल-ढाल के आधार पर सिया को 'छोटी सोनम' भी करार दे दिया है, जिसे अपने किये पर कोई पश्चाताप नहीं लगता। सोनम ने प्रेमी के साथ मिल कर पिछले साल मई में राजा की तब हत्या करवा दी थी, जब दोनों हनीमून के लिए शिलांग गये थे। राजा का सड़ा-गला शव दो जून को ईस्ट खासी हिल्स जिले में गहरी खाई से बरामद हुआ था। खुलासा हुआ कि सोनम का पहले से किसी राज कुशवाहा से प्रेम प्रसंग चल रहा था, पर शायद परिजनों ने राजा से विवाह के लिए दबाव बनाया। सोनम की कुंडली में मंगल दोष की कहानी भी सामने आयी, जिसके निवारण के लिए वह राजा से विवाह को तैयार हो गयी। उम्मीद है कि पुलिस जांच से सच पता चलेगा और दोषियों को कठोर दंड भी मिलेगा, पर केतन हत्याकांड बता रहा है कि कम-से-कम समाज ने तो उससे कोई सबक नहीं सीखा। सोनम ने विवाह के बाद हनीमून यात्रा पर, प्रेमी की खातिर और उसी की मदद से, पति को मौत के घाट उतार दिया तो सिया ने प्रेमी के साथ मिल कर, होनेवाले पति की विवाह से पहले ही हत्या कर दी। सच तो सिया जानती होगी या फिर उसका प्रेमी चेतन भी, पर हत्या का बताया जा रहा कारण हास्यास्पद है। कहा जा रहा है कि केतन 'विग' पहनता था और थोड़ा हकलाता था। बेशक यह सीरत नहीं, सूरत देखनेवाला दौर है, पर केतन के पिता का कहना है कि छोटी-सी 'विग' पहननेवाली बात पहले ही बता दी गयी थी। मेल-मुलाकातों में हकलानेवाली बात भी पता चल ही गयी होगी। फिर विवाह से इनकार के बजाय हत्या का क्रूर और आपराधिक विकल्प क्यों चुना गया?



राज कुमार सिंह

इस सवाल के सही जवाब की उम्मीद भी पुलिस जांच से ही करनी होगी, जिसके लिए एसआईटी बना दी गयी है। महाराष्ट्र सरकार ने चर्चित वकील उज्ज्वल निकम को पब्लिक प्रॉसीक्यूटर भी नियुक्त कर दिया है। बेशक हर अपराधी को उचित दंड मिलना चाहिए, पर क्या समाज को मूकदर्शक बने रहना चाहिए? बेवफाई में जान गंवानेवाला राजा रघुवंशी पहला इनसान नहीं था और केतन अग्रवाल भी आखिरी नहीं होगा। आधुनिक दौर में वैवाहिक जीवन का सबसे खूबसूरत यादगार समय माना कर हनीमून का इंतजार हर युवा करता है, पर राजा के लिए वही दुखांत बन गया। केतन के विवाह की तैयारियां जोरों पर थीं। इसी साल नवंबर में विवाह के लिए उदयपुर में महल और परिजनों के लिए चार्टर्ड प्लेन बुक थे। प्री-वेडिंग शूट के लिए दोनों विदेश भी जानेवाले थे, पर शायद साजिश के तहत सिया ने पासपोर्ट गुम कर दिया। जिस लोहागढ़ किले पर 18 जून को केतन को खाई में धकेला गया, वहां भी सिया उसे तीसरी बार ले कर गयी। केतन की हत्या से खुद को स्तब्ध बता रहे सिया के परिजन उसे दोषी होने पर उसी खाई में फेंक देने की सजा की बात भी कह रहे हैं। बेशक देर-सवेर सिया को उसके किये की सजा मिलेगी, पर सवाल फिर वही समाज में पनपती खतरनाक प्रवृत्ति का है, जिसकी चिंता कहीं नजर नहीं आती। क्या सोनम या सिया को व्यक्ति के बजाय खतरनाक प्रवृत्ति मानना जरूरी नहीं? अपराधों के आंकड़े बताते हैं कि ऐसे मामलों में ज्यादातर प्रेम प्रसंग की भूमिका रहती है। लिव- इन रिलेशनशिप को मान्यता देनेवाली व्यवस्था से तो आप विवाह पूर्व या विवाहेतर संबंधों पर नसीहत की उम्मीद नहीं कर सकते, पर परिवार नयी पीढ़ी को सही संस्कार देने के दायित्व से मुक्त कैसे हो सकते हैं?

वर्जित संबंधों का समाज ही मूकदर्शक बना रहेगा तो सत्ताधीशों को क्या फर्क पड़ता है? हमें अपनी महान विरासत पर गर्व करने के उपदेश अकसर दिये जाते हैं, पर उसे लगातार विकृति से बचाव की चिंता कहीं नजर नहीं आती। सावित्री-सत्यवान के चरित्रवाले देश में सोनम और सिया की प्रवृत्ति पनप रही है तो समाज अपनी जिम्मेदारी-जवाबदेही से मुंह नहीं चुरा सकता। रफ्तार और बदलाव के इस युग में सात जन्मों के साथ की बात पुरातनपंथी लग सकती है, पर एक जन्म का साथ तो ईमानदारी से निभाइए। बेशक विवाह संबंध में लड़का-लड़की, दोनों को पसंद-नापसंद का समान अधिकार होना चाहिए। फिर भी अगर साथ चलना मुश्किल लगे तो अलगाव को भी गलत नहीं मानना चाहिए, लेकिन रिश्तों में बेवफाई हरगिज स्वीकार्य नहीं हो सकती। हत्या कानूनी अपराध है तो बेवफाई सामाजिक अपराध है। विवाह पूर्व और विवाहेतर संबंधों की बढ़ती प्रवृत्ति तथा उनके आपराधिक दुखांत की बढ़ती घटनाएं बताती हैं कि संबंधित परिवार और समाज भी अपना दायित्व ठीक से नहीं निभा पा रहा। कभी साहित्य और सिनेमा को समाज का दर्पण कहा जाता था, लेकिन आज उनके नाम पर भी पश्चिम से आयातित अप-संस्कृति ही घर-घर परोसी जा रही है। ओटीटी कार्यक्रमों और उनकी भाषा ने तो परिवारों में नजरों के लिहाज तक को तार-तार कर दिया है।

पिछले साल मेरठ में एक पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल कर अपने पति की हत्या कर उसे ड्रम में सीमेंट डाल कर जमा दिया। जिस साहिल की आशिकी में मुस्कान ने सौरभ की हत्या की साजिश रची, उन दोनों में तुलना भी कोई समझदार इनसान नहीं कर सकता। प्यार अक्सर अंधा होता है–कह कर ऐसे अपराधों की अनदेखी नहीं की जा सकती। उसके बाद पत्नियों द्वारा अपने प्रेम प्रसंग में बाधक पतियों को ड्रम में सीमेंट बना देने की धमकियों की खबरें बताती हैं कि बेवफा पत्नी द्वारा पति की सुनियोजित हत्या शर्मिंदगी के बजाय हौसला आफजाई का कारण बन रही है! रिश्तों के कत्ल की फेहरिस्त लंबी बन सकती है। आत्महत्या के लिए मजबूर कर देनेवाले पति- पत्नियों के किस्से भी कम नहीं। सिर्फ पत्नियां ही नहीं, पति या प्रेमी भी अपने प्यार की हत्या करने-कराने में पीछे नहीं। प्रेमिका से ले कर 'लिव इन पार्टनर' और पत्नी तक की सुनियोजित हत्या के दिल दहला देनेवाले मामले सामने आ रहे हैं। कहीं शव सूटकेस में बंद मिलता है तो कहीं फ्रिज में। हरियाणा के रेवाड़ी में एक युवक ने अपनी लिव इन पार्टनर की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली। प्रेम विवाह करनेवाला दो बच्चों का पिता यह युवक तीन बच्चों की मां के साथ लिव इन में रह रहा था। युवक का शव पंखे से फंदे में लटका मिला, जबकि लिव इन पार्टनर का शव बेड के अंदर। हत्या के तरीके बताते हैं कि ज्यादातर घटनाएं तात्कालिक गुस्से के बजाय सोच-समझ कर सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गयीं। हर रिश्ते में नोंकझोंक होती है, लेकिन बात जान लेने तक पहुंच जाये तो तय है कि प्यार हरगिज नहीं था। नैतिक मूल्यों, संस्कारों और पारिवार-संस्कृति के लिए विश्व भर में सराहा जानेवाला भारतीय समाज आत्मघाती कगार पर पहुंचता दिख रहा है तो विभिन्न कारणों से संयुक्त परिवारों का विघटन तथा आधुनिकता के नाम पर अप-संस्कृति का विस्फोट ही इसकी मुख्य वजह लगते हैं। विवाह पूर्व तथा विवाहेतर संबंध फैशन बनते जा रहे हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मुखर आकांक्षावाले दौर में जब वर्जनाएं तोड़ने की होड़ है, तब जबकि नैतिक मूल्यों और संस्कारों के सवालों पर चौतरफा आत्मघाती मौन पसरा हुआ है।

**(लेखक दैनिक ट्रिब्यून के पूर्व संपादक हैं)**

# किताबी ज्ञान और जिंदगी के वास्तविक सवाल

> विडंबना यह है कि हम बच्चों को प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया तो पढ़ाते हैं, लेकिन एक पौधा लगाकर उसे धैर्यपूर्वक विकसित करना नहीं सिखाते। हम आर्थिक सिद्धांत पढ़ाते हैं, लेकिन व्यक्तिगत बजट बनाना नहीं सिखाते। हम नागरिक शास्त्र पढ़ाते हैं, लेकिन सक्रिय नागरिक बनकर समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अभ्यास नहीं कराते। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस समस्या को पहचाना है और कौशल विकास, अनुभवात्मक शिक्षा तथा समग्र मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया है।

नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। भारत में आज शिक्षा पहले से कहीं अधिक सुलभ है। स्कूलों की संख्या बढ़ी है, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का विस्तार हुआ है, और युवाओं के हाथों में डिग्रियों का अंबार लग रहा है। लेकिन इस चमक-दमक के बीच एक बुनियादी प्रश्न हमारे सामने खड़ा है, क्या हम वास्तव में शिक्षित हो रहे हैं, या केवल परीक्षा पास करने की कला सीख रहे हैं?

आज की शिक्षा व्यवस्था एक ऐसी दौड़ में बदलती जा रही है जहाँ गति तो है, लेकिन दिशा स्पष्ट नहीं है। हम बच्चों को कठिन सिद्धांत, लंबे पाठ्यक्रम और हर हाल में अव्वल आने का जुनून तो सिखा रहे हैं, लेकिन जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार नहीं कर पा रहे। स्कूल और कॉलेज से निकलकर जब युवा कार्यस्थल, व्यवसाय या सामाजिक जीवन में प्रवेश करता है, तो उसे अक्सर महसूस होता है कि किताबों में सीखी गई बातों और वास्तविक जीवन की अपेक्षाओं के बीच एक बड़ी खाई मौजूद है।



प्रवीण कक्कड़

हमारे विद्यार्थी जटिल गणितीय समीकरण और ऐतिहासिक घटनाएँ याद कर लेते हैं, लेकिन संवाद कौशल, टीमवर्क, समय प्रबंधन, आर्थिक समझ, नेतृत्व और समस्या-समाधान जैसे जीवनोपयोगी कौशलों में पीछे रह जाते हैं। यही कारण है कि डिग्री हाथ में होने के बावजूद अनेक युवा व्यावहारिक चुनौतियों के सामने असहज दिखाई देते हैं।

### आंकड़ों के आईने से

यह चिंता केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि आंकड़ों से भी प्रमाणित होती है। एएसईआर 2024 के अनुसार विद्यार्थियों में नामांकन दर लगभग 98 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है, लेकिन सीखने की गुणवत्ता अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपनी कक्षा से नीचे स्तर की पुस्तकें पढ़ने और बुनियादी गणितीय प्रश्न हल करने में कठिनाई महसूस करते हैं।



इसी प्रकार भारत कौशल रिपोर्ट और विभिन्न रोजगार सर्वेक्षण बताते हैं कि स्नातक होने वाले युवाओं का बड़ा वर्ग उद्योगों और आधुनिक कार्यस्थलों की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं है। समस्या ज्ञान की कमी नहीं, बल्कि उस ज्ञान को व्यवहार में उतारने की क्षमता की कमी है। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण भी संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक निर्णय लेने की दक्षता को लेकर चुनौतियों की ओर संकेत करता है।

दुनिया भी अब शिक्षा की नई परिभाषा लिख रही है। यूनेस्को की रिपोर्ट स्पष्ट रूप से बताती है कि भविष्य की शिक्षा केवल सूचना आधारित नहीं हो सकती। रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, सहयोग, सांस्कृतिक समझ और व्यावहारिक कौशल ही आने वाले समय की सबसे बड़ी आवश्यकताएं होंगी।

यदि हम अपने इतिहास की ओर देखें तो भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली इस दृष्टि से कहीं अधिक संतुलित दिखाई देती है। तक्षशिला और नालंदा केवल शिक्षा संस्थान नहीं थे, बल्कि जीवन निर्माण के केंद्र थे। वहाँ ज्ञान के साथ कौशल, अध्ययन के साथ व्यवहार और शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण पर भी जोर दिया जाता था। विद्यार्थी केवल जानकारी लेकर नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि लेकर निकलते थे।

इसके विपरीत, वर्तमान व्यवस्था बच्चों में प्रतिस्पर्धा तो पैदा कर रही है, लेकिन धैर्य और असफलता को स्वीकार करने की क्षमता विकसित नहीं कर पा रही। अंक और रैंक की दौड़ में बच्चे जीतना तो सीख रहे हैं, लेकिन हार से सीखना नहीं। परिणामस्वरूप छोटी-सी असफलता भी कई बार उनके आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन को प्रभावित कर देती है।

विडंबना यह है कि हम बच्चों को प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया तो पढ़ाते हैं, लेकिन एक पौधा लगाकर उसे धैर्यपूर्वक विकसित करना नहीं सिखाते। हम आर्थिक सिद्धांत पढ़ाते हैं, लेकिन व्यक्तिगत बजट बनाना नहीं सिखाते। हम नागरिक शास्त्र पढ़ाते हैं, लेकिन सक्रिय नागरिक बनकर समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अभ्यास नहीं कराते। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस समस्या को पहचाना है और कौशल विकास, अनुभवात्मक शिक्षा तथा समग्र मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया है। यह एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता तभी संभव होगी जब स्कूल, परिवार और समाज मिलकर शिक्षा को जीवन से जोड़ने का प्रयास करें।

बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें घर के छोटे-छोटे कार्यों, वित्तीय समझ, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वयंसेवा, कला, खेल और स्थानीय समस्याओं के समाधान से जोड़ना होगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि जीवन को समझना और समाज में सार्थक योगदान देना होना चाहिए।

शायद अब समय आ गया है कि हम बच्चों से यह पूछना थोड़ा कम करें कि 'आज स्कूल में क्या पढ़ाया गया?' और यह पूछना शुरू करें कि 'आज तुमने जीवन और समाज से क्या नया सीखा?'

क्योंकि अंततः सफल वही नहीं होता जिसने सबसे अधिक किताबें रटी हों, बल्कि वह होता है जिसने सीखी हुई बातों को जीवन में उतारना सीख लिया हो। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य जानकारी से भरा हुआ मस्तिष्क नहीं, बल्कि संवेदनशील, आत्मविश्वासी, संतुलित और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है। यदि हम आज इस प्रश्न पर गंभीरता से विचार कर सकें, तो आने वाली पीढ़ियों को केवल डिग्रियाँ ही नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की सही दिशा भी मिल सकेगी।

**(लेखक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं)**

# भरोसे के रिश्तों के कत्ल से कांपता समाज

पुणे के लोहगढ़ किले की ऊंची पहाड़ी से मंगेतर केतन अग्रवाल को धक्का देकर हत्या करने के आरोप में सिया गोयल की गिरफ्तारी ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इससे पहले मेघालय में इंदौर के राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान कथित तौर पर पत्नी सोनम रघुवंशी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर की गई हत्या की घटना ने भी समाज को स्तब्ध किया था। ये घटनाएं केवल अपराध की श्रेणी में रखकर भुला देने योग्य नहीं हैं। ये उन मूल्यों, विश्वासों और रिश्तों की बुनियाद पर गहरा आघात हैं, जिन पर भारतीय समाज सदियों से खड़ा रहा है। भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो जीवन-दृष्टियों का मिलन माना गया है। विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा गया है। ऐसे में यदि कोई पति, पत्नी, मंगेतर या प्रेमी एक-दूसरे को जीवन का साथी मानने के बजाय बाधा और कांटा समझने लगे, तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के संकट का संकेत है। राजा रघुवंशी और केतन अग्रवाल जैसे मामलों में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि हत्याएं उन लोगों ने कीं, जिन पर सबसे अधिक विश्वास किया गया था। विश्वास का यह टूटना ही समाज को भयभीत करता है। किसी भी सभ्यता की शक्ति उसकी सैन्य या आर्थिक ताकत नहीं, बल्कि उसके रिश्तों में निहित भरोसा होता है। जब यह भरोसा टूटने लगता है, तब समाज भीतर से कमजोर होने लगता है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि कोई युवती या युवक किसी रिश्ते से संतुष्ट नहीं है, तो क्या उसके सामने ना कहने का विकल्प नहीं था? आधुनिक समाज ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को पर्याप्त स्थान दिया है। सगाई तोड़ना, विवाह से इनकार करना, आपसी सहमति से अलग होना-ये सभी वैधानिक और सामाजिक विकल्प उपलब्ध हैं। फिर हत्या जैसी भयावह मानसिकता क्यों जन्म ले रही है? इस प्रश्न का उत्तर केवल कानून या पुलिस के पास नहीं है। इसके लिए समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, धर्माचार्यों और परिवार संस्थाओं को मिलकर मंथन करना होगा। आज का युवा एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां पारंपरिक मूल्य और आधुनिक जीवनशैली के बीच गहरा द्वंद्व मौजूद है। एक ओर परिवार की अपेक्षाएं हैं, दूसरी ओर व्यक्तिगत इच्छाएं। संवाद के अभाव में यह द्वंद्व कई बार मानसिक तनाव, विद्रोह और हिंसा का रूप ले लेता है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने श्रद्धा वालकर हत्याकांड, निक्की यादव हत्याकांड, बेंगलुरु, दिल्ली और अन्य महानगरों में प्रेम-संबंधों से जुड़े अनेक जघन्य अपराध देखे हैं। इन घटनाओं ने स्पष्ट किया है कि प्रेम, विवाह और संबंधों को लेकर समाज में गहरी अस्थिरता एवं अविश्वास बढ़ रहा है। यह अस्थिरता केवल स्त्री या पुरुष तक सीमित नहीं है, दोनों पक्षों में हिंसक प्रवृत्तियां दिखाई दे रही हैं। मोबाइल संस्कृति और डिजिटल संसार ने इस संकट को और जटिल बनाया है। मोबाइल फोन, जो कभी दूरियों को समाप्त करने का माध्यम था, आज अनेक मामलों में षडयंत्र, छल और अपराध का साधन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया ने तुलना, उपभोगवाद, त्वरित सुख और आभासी संबंधों को बढ़ावा दिया है। डिजिटल दुनिया में बने रिश्ते कई बार वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों और मर्यादाओं से कटे होते हैं। परिणामस्वरूप धैर्य, सहनशीलता और त्याग जैसी पारिवारिक जीवन की आवश्यक विशेषताएं कमजोर पड़ रही हैं। एक अन्य गंभीर पक्ष सांप्रदायिक अविश्वास और तथाकथित ह्लव जिहादह्व जैसे विवादों के संदर्भ में भी सामने आता है। जब प्रेम, विवाह या संबंधों का उपयोग छल, पहचान छिपाने, धार्मिक परिवर्तन, आर्थिक शोषण अथवा भावनात्मक उत्पीड़न के लिए किया जाता है, तब केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि समुदायों के बीच विश्वास का भी हनन होता है। यह आवश्यक है कि किसी भी प्रकार के संबंध पारदर्शिता, स्वेच्छा, समानता और ईमानदारी पर आधारित हों। पहचान छिपाकर, धोखे से अथवा किसी वैचारिक एजेंडे के तहत बनाए गए संबंध सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाते हैं।

**– ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार एवं स्तंभकार**
**इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।**

# प्रदेश में कल से सक्रिय होगा मानसून, 66 जिलों में गरज-चमक का अलर्ट हुआ जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून की दस्तक के लिए परिस्थितियां तेजी से अनुकूल हो रही हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाओं और छिटपुट बारिश के आसार हैं। वहीं 30 जून से प्रदेश में मानसूनी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। हालांकि फिलहाल दो दिन यूपी के सोनभद्र, मिर्जापुर और चंदौली जैसे दक्षिणी जिलों में तपिश भरी गर्मी बरकरार रहने वाली है।

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के 66 जिलों में गरज-चमक और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा तराई क्षेत्र के कुशीनगर, महाराजगंज और सिद्धार्थनगर में अच्छी बारिश का पूर्वानुमान है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 30 जून से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मानसूनी गतिविधियां तेज होंगी। जुलाई के पहले सप्ताह में पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि मानसून के सक्रिय होने के साथ ही प्रदेश भर में अधिकतम तापमान में 7 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। इससे प्रदेश में पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**इन जिलों में है मेघगर्जन व वज्रपात की चेतावनी :** बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

# होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी

## सभी जिलों में 15 दिन बाद आयोजित होगी डीवी-पीएसटी परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक छह पालियों में आयोजित की गई थी। भर्ती बोर्ड ने बताया कि डीवी-पीएसटी की तिथि जल्द ही अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) ने प्रदेश में 41,424 होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम रविवार को घोषित कर दिया। भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण के तहत कुल रिक्तियों के सापेक्ष 2.6 गुना यानी 1,07,221 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन (डीवी) और शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी) के लिए बुलाया जाएगा। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) आयोजित होगी और उसमें सफल अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परिणाम जारी किया जाएगा।

होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक छह पालियों में आयोजित की गई थी। भर्ती बोर्ड ने बताया कि डीवी-पीएसटी की तिथि जल्द ही अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, इसकी प्रक्रिया शुरू होने में लगभग 15 दिन लग सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने लिखित परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी भी जारी कर दी है। अपर सचिव (भर्ती) सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज के अनुसार, सभी छह पालियों के प्रश्नपत्र और प्रारंभिक उत्तर कुंजी 7 से 10 मई तक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आपत्तियां मांगी गई थीं। विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण के बाद दो प्रश्नों पर प्राप्त आपत्तियां सही पाई गईं, जिसके आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की गई।

अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना रोल नंबर, जन्मतिथि और प्रश्न पुस्तिका क्रमांक दर्ज कर 4 जुलाई तक अंतिम उत्तर कुंजी देख सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जारी की गई उत्तर कुंजी अंतिम होगी और इसके बाद प्रश्नों, उत्तर विकल्पों अथवा उत्तर कुंजी पर किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

# अघोषित कटौती के चलते उपभोक्ता हलकान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ऊर्जा प्रदेश के उपखंड क्षेत्र के खटीमा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता इन दिनों भीषण गर्मी के चलते सुचारू विद्युत आपूर्ति से वंचित चल रहे हैं। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता ऊर्जा निगम के भारी भरकम बिलों की अदायगी के बाद भी अघोषित कटौती से त्रस्त हैं। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपभोग के साथ ही शुद्ध पेयजल की जलापूर्ति एवं चक्कियों के पहिए नहीं घूमने से भी परेशान चल रहे हैं। जीवन धारा से जुड़ी विद्युत आपूर्ति के समय-समय पर गुल रहने से उपभोक्ता चैन से सो भी नहीं पा रहे हैं।

अघोषित कटौती से आम जनता की शिकायत पर यद्यपि बीते रोज दर्जाधारी मंत्रियों ने संयुक्त रूप से ऊर्जा निगम के अधिकारियों को आम उपभोक्ताओं की परेशानियों से अवगत कराया। बावजूद इसके नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को दूसरे दिन भी सुचारू आपूर्ति नहीं मिल सकी। आम उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग से वंचित रहने के साथ ही शुद्ध पेयजलापूर्ति से भी वांछित चल रहे हैं। विद्युत आपूर्ति पर निर्भर व्यवसायी अपने कारोबार की स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। खरीफ की फसल के लिए ट्यूबवेल, मोटरों के संचालन हेतु सुचारू आपूर्ति नहीं मिलने से किसान अपनी धान की फसल की रोपाई को लेकर चिंतित है। ऊर्जा निगम के अवर सहायक अभियंता पवन कुमार उप्रेती ने बताया कि लगातार बढ़ रहे लौड के चलते विद्युत आपूर्ति गड़बड़ाने लगी है। जेई उप्रेती ने बताया कि राजीव नगर स्थित पावर स्टेशन एक सप्ताह के भीतर चालू होने वाला है। इसके चलते ही उपखंड क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि अत्याधिक पावर स्टेशन अघोषित कटौती से आम उपभोक्ताओं को राहत पहुंचायेगा।

उपखंड अधिकारी आलोक सचान ने बताया कि वर्तमान में अधिकांश उपभोक्ताओं की दिनचर्या ऐसी से जुड़ चुकी है। एसडीओ सचान ने कहा कि बिना लोड बढ़ाए एसी का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से ऐसी इस्तेमाल के लिए पावर लोड बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लाइन लॉस में के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई चल रही है।

## सार संक्षेप

### भारत विकास परिषद् की कार्यशाला में सेवा, संस्कार और संगठन पर दिया गया जोर



दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल भेंट करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

**खटीमा।** भारत विकास परिषद् शाखा खटीमा द्वारा एक सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष मनोज अरोड़ा, प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा, प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा, प्रांतीय संयोजक (स्थापना) पारुल गुप्ता, शाखा अध्यक्ष दीपक बत्रा, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल, महिला सहभागिता प्रमुख रितु गुप्ता तथा शाखा संरक्षक अचल शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में 27 जून से 10 जुलाई तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ भी किया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत परिषद् की ओर से एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल भेंट की गई। कार्यशाला में सेवा, संस्कार एवं संपर्क गतिविधियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा ने परिषद् की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सशक्त संगठन के माध्यम से सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण परिषद् का प्रमुख लक्ष्य है। प्रांतीय अध्यक्ष मनोज अरोड़ा ने कहा कि भारत विकास परिषद् समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभा रही है। उन्होंने सभी सदस्यों से सेवा, सहयोग, संस्कार और समर्पण की भावना के साथ समाज हित में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक अरोड़ा ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार व्यक्त किए, जबकि प्रांतीय महिला संयोजक पारुल गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशाल गोयल, संतोष गुप्ता, दीपचंद, विष्णु दत्त शर्मा, नीरज रस्तोगी, संतोष अग्रवाल, रितेश टंडन, सतीश गोयल, हरप्रीत गावा, अतुल अरोड़ा, दलजीत खिड़ा, अनिल मित्तल, नीरज वर्मा, मुकेश गुप्ता, विकास गोयल, जगदीश पांडे, घनश्याम मित्तल, नवनीत गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में शाखा के कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### सुबह 9 बजे से चंदेली व जमौर फीडर की आपूर्ति गुल, जन जीवन बुरी तरह प्रभावित

**खटीमा।** ऊर्जा निगम के सब स्टेशन हल्दी पचपेड़ा से चंदेली व जमौर फीडर में रविवार सुबह 9 :00 बजे से आपूर्ति देर साम तक ठप्प रह है। उपभोक्ताओं की मानें तो उन्हें इस लाइन में रोजाना ही घंटों आपूर्ति बाधित मिलती है। शनिवार को मिली आपूर्ति भी हर आधे घंटे बाद गुल रही है। चंदेली व जमौर फीडरों से वर्तमान में 24 से अधिक ग्राम पंचायतों के उपभोक्ताओं को आपूर्ति दी जाती है। उपभोक्ता बताते हैं कि ऊर्जा निगम उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार अपनाता है। गर्मी में फसल में आग लगे तथा कुंडियां डालकर मोटर चलाने का उलाहना देता है तो वहीं जाड़ों में विद्युत चोरी कर हीटर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चलाने की बात की जाती है। चंदेली व जमौर फीडरों में विभिन्न ग्रामों में चक्कियां तथा ट्यूबवेल आदि संचालित होते हैं। लेकिन आपूर्ति घंटों गुल रहने से आम ग्रामीण जनजीवन अस्त-व्यस्त सा रहने लगा है। यहां अघोषित आपूर्ति के सवाल पर ऊर्जा निगम के कोई भी अधिकारी सही स्थिति बताने से कतराते हैं।

# खटीमा मझोला मार्ग निर्माण कार्य ठप धूल फांकने को मजबूर राहगीर और स्थानीय लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय



निर्माण कार्य ठप होने से राहगीर और स्थानीय लोग धूल फांकने को मजबूर।

**खटीमा।** मझोला खटीमा मार्ग एनएच 731 का निर्माण कार्य ठप होने से राहगीर और स्थानीय लोग मुसीबत का सबब बन गया है। निर्माण कार्य लंबे समय से ठप होने से राहगीर और स्थानीय लोग धूल फांकने को मजबूर हैं। उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है खटीमा - मझोला मार्ग एनएच 731 का डामरीकरण का कार्य लंबे समय से ठप होने के कारण लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र में सड़क पर बिछाए गए मलबे और निर्माण साम्रगी के कारण वाहनों के गुजरते ही धूल के गुब्बार उड़ने लगे हैं। इससे न केवल राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि आस पास रहने वाले स्थानीय लोगों और दुकानदारों को भी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होने लगी हैं। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों, नौकरी पेशे वालों के साथ ही आम लोगों को परेशानी होने लगी है। आम लोगों का कहना है कि शासन प्रशासन सहित संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। सड़क की बदहाली के कारण आए दिन छोटे-मोटे हादसे भी होते रहते हैं। वाहन चालकों को अपने वाहनों के नुकसान का भी डर बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क निर्माण की धीमी गति और बार-बार काम रुकने के कारण वह अब अपना धैर्य खो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। एनएन सहायक अभियंता विनोद कुमार ने बताया डामर की किल्लत की वजह से डामरीकरण रुका हुआ था। अब शीघ्र ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# सीएम योगी ने अखिलेश को दिया आमंत्रण, कहा- श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के अभियान में हमारा साथ दें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, अयोध्या अपनी पहचान के लिए सपा की मोहताज नहीं है। उसकी अपनी वैश्विक पहचान है। यदि अखिलेश सचमुच खुद को धार्मिक कहलाने का प्रयास कर रहे हैं, तो उनमें हिम्मत होनी चाहिए कि वे मथुरा व वृंदावन पर खुलकर बोलें और कहें कि श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति का अभियान भी चलना चाहिए। श्रीकृष्ण की जन्मभूमि को भी वही गौरव व सम्मान मिलना चाहिए।

सीएम योगी रविवार को हाथरस के सलेमपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 548 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव बयान दे रहे हैं कि उनकी सरकार बनने पर अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाएंगे। वे क्या अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाएंगे, उनको अपना इतिहास देखना चाहिए। रामभक्तों पर गोली उनकी ही सरकार ने चलवाई थी। अयोध्या अपनी पहचान के लिए किसी दल या सपा की मोहताज नहीं है। अयोध्या की अपनी एक महान पौराणिक और वैश्विक पहचान है, जिसे पूरी दुनिया सराह रही है। अयोध्या को रामभक्तों ने सजा और संवार दिया है, आप उसकी चिंता छोड़िए। पहले अपने कर्मों का पश्चाताप करिए और एक बार रामलला के दर्शन कर आइए, जिससे कम से कम सद्बुद्धि आ सके।

# गिरते भू-जल स्तर से किसानों की बढ़ी चिंता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** कृषि प्रधान क्षेत्र तराई का किसान इन दिनों जल संकट और अघोषित बिजली कटौती की दोहरी मार झेलने को मजबूर हो रहा है। गिरते भू-जल स्तर, सूखते ट्यूबवेल और लगातार हो रही बिजली की कटौती ने किसानों के साथ-साथ व्यापारियों और आम नागरिकों का जनजीवन भी प्रभावित कर दिया है।

कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खटीमा में इस बार धान की रोपाई पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पर्याप्त पानी न मिलने से खेत में लगा धान सूखने लगा है और कई ट्यूबवेल पानी देना बंद कर चुके हैं। नमी की कमी के कारण मिट्टी में दरारें पड़ने लगी हैं। कई किसानों ने पानी के अभाव में धान की रोपाई रोक दी है, जबकि पहले से तैयार फसलें भी सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसान अब अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। किसान अब समझने लगा है कि इन हाथों में उसकी आई दोगुनी कैसे होगी।

सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के दावों के बावजूद कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कहीं पाइपलाइन अधूरी हैं तो कहीं नलों में नियमित पानी नहीं पहुंच रहा। कई स्थानों पर हैंडपंप सूख चुके हैं और घरेलू मोटरें भी पानी नहीं खींच पा रहे हैं। इसके चलते महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भीषण गर्मी में दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। दूसरी ओर, अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। उमस भरी गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, जबकि विद्यार्थियों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने से सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों और किसानों ने प्रशासन से पेयजल व्यवस्था सुचारु करने, सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को इस दोहरी समस्या से राहत मिल सके। विद्युत आपूर्ति गुण रहने से आम जैन चयन की नीचे हो भी नहीं पा रहे हैं।

**कार्यक्रम** 15 लाख की लागत से बनने वाले 200 मीटर सीसी रोड का शिलान्यास

# कार्यकाल की पहली प्राथमिकता जर्जर मार्गों का जीणोद्धार - जिपंअ अजय मौर्य

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीसी मार्ग का शिलान्यास करते जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए अपने गृह क्षेत्र नौसर बंडिया में 15 लाख की लागत से सीसी मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। निर्माण कार्य की शुरुआत करते हुए जिपंअ मौर्य ने कहा कि इस मार्ग के निर्माण से आम लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मुख्य मार्ग से अमित चौहान के घर की ओर 200 मीटर का यह मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था । हमेशा इस मार्ग पर सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। जिला पंचायत अध्यक्ष मौर्य ने कहा कि उनके कार्यकाल की पहली प्राथमिकता जर्जर मार्गो के जीणोद्धार करना है। सड़क विकास को जीवन रेखा बताते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण इकाई को गुणवत्ता एवं समय पर निर्माण पूर्ण करने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष मौर्य ने बताया कि सत्रह किमी भगचूरी से नानक सागर मार्ग निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। शीघ्र ही एग्रीमेंट कर जुलाई तक निर्माण प्रक्रिया पूर्ण हो सकेगी। खटीमा से यूपी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के लगभग 900 मीटर कार्य लंबित चल रहा है। डामर प्रक्रिया के व्यवधान के चलते यह कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका था। डामर की व्यवस्था होने के साथ ही अब यह कार्य जल्दी पूरा हो सकेगा। खटीमा से यूपी की ओर आने जाने वाले विभिन्न प्रदेशों के लोगों को अब यातायात अव्यवस्था का सामना अब नहीं करना पड़ेगा।

**तीन लाख की लागत से बिलेश्वर मंदिर में बनेगा टिन शेड**

**मुख्य मार्ग से नाथ पट्टी नालेपार मार्ग व पुलिया निर्माण शीघ्र शुरू होगा**

जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने यह भी बताया कि चारुबेटा कॉलोनी स्थित विलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तीन लाख रुपए की लागत से एक भव्य बड़ा टिन शेड निर्माण एवं पीलीभीत रोड मुख्य मार्ग से नाथ पट्टी नाले पार के मार्ग व उसमें पुल निर्माण की करवाई जल्दी शुरू की जाएगी। शिलान्यास अवसर पर ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्य, मोहन सिंह चुफाल, वीरेंद्र मौर्य, सतीश मौर्य, गुरप्रीत सिंह खिंडा, बलराज सिंह आदि मौजूद थे।

# पुलिस लाइन के अफसरों को भ्रष्ट कहने वाला वाला सिपाही बर्खास्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** पुलिस लाइन के अफसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले सिपाही सुनील कुमार शुक्ला को बर्खास्त कर दिया गया है। सुनील ने पुलिस लाइन के गणना प्रभारी, आरआई और अन्य अफसरों पर वसूली के आरोप लगाए थे। विभागीय जांच में सुनील को सोशल मीडिया का दुरुपयोग, विभागीय अनुशासनहीनता और नियमों के लगातार उल्लंघन का दोषी पाया गया। लखनऊ पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सात मई 2026 को सुनील की ओर से वीडियो जारी किया गया। इसके बाद मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई थी।

समिति ने निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए। आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला सहित सभी संबंधित व्यक्तियों को अपना पक्ष व साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया। इस दौरान सुनील आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच समिति के अधिकारी एडीसीपी पश्चिम धनंजय सिंह कुशवाहा व अन्य की जांच में पाया गया कि सुनील ने वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध निराधार रूप से आरोप लगाकर सार्वजनिक रूप से प्रसारित किया।

यही नहीं, विभाग की छवि को बिना साक्ष्य के धूमिल करने का प्रयास किया। आरोप है कि सुनील ने पुलिस बल में अनुशासनहीनता को बढ़ावा दिया। अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया। इसके अलावा बिना अनुमति सोशल मीडिया का उपयोग कर उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया नीति-2023, उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम 3, 6, 7 एवं 27 व उत्तर प्रदेश वर्दी विनियम का उल्लंघन किया गया। इन सभी साक्ष्यों के आधार पर सुनील के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई।

**सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर हुई कार्रवाई**

### ड्यूटी के नाम पर वसूली का लगाया था आरोप

सुनील ने अवकाश लेने के बाद वीडियो जारी कर पुलिस लाइन के गणना प्रभारी और आरआई पर ड्यूटी के नाम पर प्रति जवान दो हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया था। सुनील की ओर से लगातार कई वीडियो बनाए गए। यह मामला प्रकाश में आने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया था। सुनील मूलरूप से अमेठी के गौरीगंज के रहने वाले हैं। सुनील की पत्नी भी सिपाही हैं और रायबरेली में तैनात हैं। सुनील के वीडियो जारी करने के बाद से यह कहा जा रहा था कि उन्हें पुलिस विभाग से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला, पत्नी मां को पीटा

**मारपीट के दौरान छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज**



जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जुताई करने के दौरान युवक को मारा पीटा। धारदार हथियार से हमला कर पत्नी के साथ छेंडछांड की। पुलिस ने केस दर्ज किया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 25 जून को वह अपने खेत की जुताई कर रहा था। वह करीव पचास साल से इस भूमि पर काबिज है और फसल करता आ रहा है। उसके पास कोर्ट का स्टे और उपजिलाधिकारी का आदेश है।

आरोप है कि पडोस के कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाहते है।तरसेम सिंह, गुरकरन सिंह व कुछ अज्ञात लोग आए और गाली गलौज करना शुरु कर दिया। इसके बाद मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि बचाने आई मां और पत्नी को भी मारा पीटा। पत्नी को गलत तरीके से पकडकर छेंडछांड कर अश्लील हरकतें की। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घायल थाने आए और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलो का मेडिकल कराया। इसके बाद तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# मुठभेड़ में एक लाख का इनामी शिवम ढेर, दो पुलिसकर्मी घायल

**एक दर्जन संगीन मुकदमे, 28 मई के बिलसंडा के चर्चित पप्पू गुप्ता हत्याकांड का मुख्य आरोपी**

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुठभेड़ के बाद अस्पताल लाया गया आरोपी जहां उसकी मौत हो गयी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** जिले के शीतलपुर मरोरी जंगल में शनिवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश शिवम उर्फ सरबजीत घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत का शिकार हो गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गोलीबारी में एक उपनिरीक्षक और एक मुख्य आरक्षी भी घायल हो गए, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, रात करीब 10 बजे मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आए दो बदमाशों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें शिवम उर्फ सरबजीत गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। घायल शिवम को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, शिवम पर हत्या, गैंगस्टर एक्ट समेत करीब एक दर्जन संगीन मुकदमे दर्ज थे। वह 28 मई 2026 को थाना बिलसंडा क्षेत्र में हुए चर्चित पप्पू गुप्ता हत्याकांड का भी मुख्य आरोपी था और उस पर 1 लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने बदमाश के कब्जे से .32 बोर सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, .315 बोर सीएमपी और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए लगातार कॉम्बिंग अभियान चला रही है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

## सार संक्षेप

### गन्ना किसानों का बकाया उनके सम्मान और अधिकार का सवाल: कुमुद गंगवार




कॉन्फ्रेंस में मौजूद कुमुद गंगवार। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य कुमुद गंगवार ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में गन्ना किसानों के लंबित भुगतान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह केवल धनराशि का नहीं, बल्कि किसानों के श्रम, सम्मान और अस्तित्व का प्रश्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि महीनों तक भुगतान न होना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार चीनी मिलों को 14 दिनों के भीतर भुगतान करना चाहिए, अन्यथा किसानों को 15 प्रतिशत ब्याज सहित राशि मिलनी चाहिए। कुमुद गंगवार ने क्षेत्र की विभिन्न चीनी मिलों पर सैकड़ों करोड़ रुपये के बकाये का दावा करते हुए कहा कि भुगतान में देरी से किसान आर्थिक और मानसिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पीलीभीत दौरे के दौरान किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलकर लंबित भुगतान, बंद चीनी मिलों के बकाये के निस्तारण तथा समयबद्ध कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करेगी।

### पीलीभीत में 48 घंटे से गहराया बिजली संकट

**पीलीभीत।** जनपद में पिछले 48 घंटों से बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है, जिससे भीषण गर्मी और उमस के बीच लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मुहर्रम के दौरान शुरू हुई कटौती और ट्रिपिंग की समस्या अब भी जारी है। लगातार बिजली गुल रहने से बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक परेशान हैं। इनवर्टर जवाब दे चुके हैं और कई क्षेत्रों में पेयजल संकट भी गहराने लगा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अत्यधिक गर्मी के कारण बढ़े ओवरलोड, ट्रांसफार्मर फॉल्ट और जर्जर लाइनों की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। बिजली व्यवस्था से नाराज लोगों ने जल्द सुधार की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा।

### घर में घुसे युवक ने महिला से की छेड़छाड़, केस दर्ज

**पूरनपुर।** पति की गैरमौजूदगी में घर में घुसे आरोपी ने गलत तरीके से पकड कर छेंडछांड की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने बताया कि उसके पति उत्तराखंड में रहकर काम करते हैं। वह अपनी पुत्री के साथ घर में अकेले रहती है। 21 जून की रात्रि करीब साढे बजे सो रही थी। इसी दौरान गांव निवासी सोबरन लाल उसके घर में घुस आया। इसके बाद आरोपी ने चारपाई पर सो रही महिला को गलत नीयत से दबोच लिया। छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की,शोर मचाने पर कई लोग पहुंच गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। मामले को लेकर खलवली मच गई।सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला ने जानकारी अपने पति को दी।इसके बाद महिला थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## गौ-रक्षा के संकल्प के साथ 1 जुलाई को पीलीभीत आएंगे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

जागरण मोर्चा कार्यालय




राजीव अग्रवाल उर्फ टीटी।



जगतगुरु शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** सनातन गो धर्म जागरण एवं गौ-रक्षा के उद्देश्य से निकाली जा रही "गविष्टि यात्रा" आगामी 1 जुलाई 2026 को पीलीभीत पहुंचेगी। ज्योतिषपीठ के परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के नेतृत्व में चल रही यह यात्रा जिले की विधानसभा क्षेत्र 127 में प्रवेश करेगी। कार्यक्रम को लेकर आयोजकों एवं प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रम के आयोजक एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजीव अग्रवाल 'टी.टी.' ने बताया कि शंकराचार्य जी महाराज 1 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्री के.के. पुरम कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान उनका पादुका पूजन किया जाएगा तथा वे श्रद्धालुओं को गौ-रक्षा, सनातन धर्म और सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए आशीर्वचन देंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर शीतल वातावरण, पेयजल एवं जलपान की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 3 मई को गोरखपुर से प्रारंभ हुई गविष्टि यात्रा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजर रही है। यात्रा का उद्देश्य गौमाता के सम्मान एवं संरक्षण के प्रति जन-जागरण करना है। यात्रा के प्रमुख संकल्पों में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गौधाम की स्थापना, हिंदू समाज को 'गौ-मतदाता' के रूप में जागरूक करना, प्रत्येक गांव एवं मोहल्ले में पांच-पांच 'गौ-वीरों' की नियुक्ति तथा गौशालाओं एवं अवैध बूचड़खानों की स्थिति का आकलन करना शामिल है। आयोजक राजीव अग्रवाल 'टी. टी.' ने जिले के सभी सनातन धर्म प्रेमियों, साधु-संतों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा गौ-रक्षा के इस जन-जागरण अभियान में सहभागी बनें।

## पेड़ से लटका मिला था शव, पोस्टमार्टम में हत्या का खुलासा

- **पुलिस ने मृतक के पिता, भाई और भतीजे को लिया हिरासत में**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम संतोषपुरा में आम के बाग में पेड़ से लटके मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। शुरुआत में आत्महत्या प्रतीत हो रहे मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है।

इसके बाद पुलिस ने मृतक के सगे पिता, भाई और भतीजे को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें हत्या की बात सामने आई। पुलिस के अनुसार, 25 जून को होरीलाल का शव बाग में पेड़ से लटका मिला था। मौके पर एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जांच के दौरान मृतक के पैर पर चोट के निशान और घटनास्थल से जुड़े अन्य साक्ष्यों ने पुलिस का शक गहरा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने के बाद मृतक की पत्नी हीराकली की तहरीर पर थाना सुनगढ़ी में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घर और जमीन के बंटवारे को लेकर होरीलाल का अक्सर परिवार से विवाद होता था।

इसी विवाद से तंग आकर पिता, भाई और भतीजे ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को पेड़ से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



कुरैया उपकेंद्र पर मांग पत्र देते लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** गन्ने के खेत की सिंचाई कर रहे गांव महुआ गुंदे के विकास शुक्ला की करंट से मौत के मामले में कुरैंया उपकेंद्र पहुंचे उपखंड अधिकारी को एकत्र हुए लोगों ने परिजन को पांच लाख का मुआवजा दिलाने और टूटी बिजली लाइन के तारों को शीघ्र ही बदलवाने की मांग की है।

उपखंड अधिकारी ने शीघ्र जांच करने और इसके बाद मुआवजा दिलाने को पत्रावली अफसरों को भेजने का आश्वासन दिया। घटना शुक्रवार को कुरैंया क्षेत्र में एक धार्मिकस्थल के समीप घटना हुई थी। गांव महुआ गुंदे के विकास शुक्ला धार्मिक स्थल के समीप गन्ना के खेत की सिंचाई कर रहे थे। हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर उनके ऊपर गिरने से विकास की मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों का कहना था कि सूचना के बाद चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद नहीं की गई।

मुहर्रम को लेकर कर्मचारियों की व्यस्तता बताकर पल्ला झाड़ लिया गया। अगर समय रहते बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती, तब विकास की जान बचाई जा सकती थी। अब लोगों ने पीडित परिवार को पांच लाख का मुआवजा व टूटी बिजली लाइन और जर्जर तारों को शीघ्र ही बदलवाए जाने की मांग उठाई है।

उपखंड अधिकारी सर्वेश सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रिक इंस्पेक्टर एक-दो दिन में जांच के लिए पहुंचेगे। विकास के परिजन को मुआवजा दिलाने को फाइल तैयार कराई जा रही है। पीडित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## महिला की मौत के मामले में पति और सास गिरफ्तार

**पूरनपुर।** महिला को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले में फरार चल रहे पति और सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल परीक्षण के बाद उनको जेल भेज दिया। शाहजहांपुर के थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पसिगनपुर निवासी श्रीकृष्ण ने अपनी पुत्री उर्मिला देवी की शादी आठ साल पहले घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिकरहना निवासी छोटेलाल के साथ की थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली पांच लाख रुपये की नकदी मांगने लगे। बार-बार दहेज मांगने पर महिला परेशान हो गई थी। 14 जून को विवाहिता की जहर खाने से मौत हो गई थी। मृतक महिला के पिता ने 16 जून को पति छोटे लाल, ससुर लालाराम,सास ज्वाली देवी, अरविंद कुमार, किरन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था,जिसमे आरोप था कि बार बार दहेज मांगने से परेशान होकर उसकी पुत्री उर्मिला देवी ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहे थे, रविवार को सुवह पुलिस को सूचना मिली कि नामजद आरोपी पति छोटेलाल व सास ज्वाला देवी भगाने की फिराक में कसगंजा बस अड्डे पर खडे हैं। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद दोनों को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शेष आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## सीएम योगी का कल प्रस्तावित पीलीभीत दौरा, तैयारियां अंतिम चरण में



सुरक्षा स्थल का जायजा लेते बलदेव सिंह औलख। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोमवार को प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। ग्राम पतरासा कुंवरपुर में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। दौरे को लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, हेलीपैड, पार्किंग, बैरिकेडिंग तथा जनसभा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इधर, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया। प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। रूट डायवर्जन, यातायात प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं तथा सभी विभाग अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

## मेड काटने के विरोध पर घर में घुसकर की मारपीट

**पूरनपुर।** घर में घुसकर आरोपियों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव बलरामपुर निवासी रूम सिंह ने बताया कि उसके खेत के पड़ोस में गांव के ही विनोद यादव, शीशपाल, छुमू यादव ने ठेके पर जमीन ले रखी है। 26 जून को आरोपियों ने उसके खेत की पूरी मेंड काट ली। इसके बाद वह खेत पर गया तो आरोपी विवाद करने लगे,जान से मारने की नीयत से उसको घेर लिया।जिस पर वह खेत से भाग कर अपने घर आया। और पूरी जानकारी अपने परिवार को दी। कुछ ही देर बाद आरोपी लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर उसके घर की ओर गंदी-गंदी गालियां देते हुए आ रहे थे। लाठी डंडे व धारदार हथियार देख कर डर के चलते पीडित व उसका परिवार घर के अंदर भागा। लेकिन जबरन उसके घर में घुस आए और मारपीट करना शुरु कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी है।

### युवक के साथ जा रही युवती को भाई ने पकडा, केस दर्ज

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने बताया कि 26 जून को उसकी बहन घर पर थी। गांव निवासी एक युवक उसकी बहन को बहला फुसलाकर भाग ले जा रहा था। जिससे परिवार में खलबली मच गई। परिवार ने बिना देर किए ही तलाश शुरु कर दी। कुछ देर बाद भनक लगने पर युवक ने दोनों का पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान युवक ने बहन और युवक को अभयपुर माधोपुर मोड के पास खड़े दिखे,जब पीड़ित मौके पर पहुंचा तो युवक देखते ही मौके से भाग गया। युवक अपनी बहन को लेकर थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। इसके बाद तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने शुभम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




**कामयाबी** आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

## चाची की हत्या का आरोपी भतीजा गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



सगी चाची की हत्या का आरोपी पुलिस की गिरफ्तारी में। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अपनी सगी चाची की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 27 जून को जिला अस्पताल से सूचना मिली कि मोहल्ला अशरफ खां निवासी 32 वर्षीय निशा पत्नी सलीम को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य संकलित कर आवश्यक कार्रवाई की। मृतका के पति सलीम की तहरीर पर पुलिस ने बताया कि घरेलू कहासुनी के दौरान उनके सगे भतीजे शोऐब मंसूरी उर्फ मोनिस ने निशा पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शोऐब मंसूरी उर्फ मोनिस को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया और उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## वन विभाग टीम देखकर लकडी काट रहे चार फरार

**पूरनपुर।** वन बिभाग की टीम को देख लकडी काट रहे लोगों में खलवली मच गई। आरोपी भागने में सफल रहे।पुलिस ने केस दर्ज किया है। माधोटांडा क्षेत्र के सेल्हा बराही रेंज के बन दरोगा अजीत वर्मा ने वताया कि 24 जून को शाम चार बजे उनको सूचना मिली कि कुछ लोग लकडी काटने गए है। सूचना पर दरोगा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे,जिस पर आरोपी गुन्हान वन क्षेत्र से बाहर खडे शीशम वृक्षों के क्षेत्र में दिखाई दिए। जिस पर स्टाफ ने बुलाने का इसारा किया। टीम को देख आरोपियों में खलवली मच गई। टीम को देखते ही सभी आरोपी भागने लगे,टीम ने काफी दूर तक पीछा किया। लेकिन आरोपी भागने में सफल रहे। वापस आने पर खोजबीन के दौरान मौके पर दो शीशम के पेंड कटे पाएंगे। एक आरा वरामद किया गया। वन दरोगा की तहरीर पर पुलिस ने कुलबंत सिंह ,सेटी सिंह,सुखबिंदर सिंह,हरविंदर सिंह निवासी टाटरगंज थाना हजारा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना शुरु कर दी गई है।

## हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत में चाची-भतीजा घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पूरनपुर।** हाईवे पर स्थित गन्ना कृषक महाविद्यालय के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार चाची और उनका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए।

नगर के मोहल नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी शांति देवी (50) बर्ष अपने भतीजे श्रीपाल के साथ वाइक से अपनी रिस्तेदारी में घुंघचाई की ओर जा रही थी। इसी दौरान नगर के घुंघचाई-बंडा हाईवे पर गन्ना कृषक महाविद्यालय के पास सामने से आ रही वाइक से उसकी वाइक की भिडंत हो गई।

हादसे में चाची और भतीजा सडक पर गिरकर चोटिल हो गए। हादसे को लेकर लोग मौके पर दौड पडे, घायलो को हाईवे से हटाया। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों की मदद करते हुए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। जरूरत पड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किए जाने की भी संभावना जताई गई।

मामले की सूचना पर घायलों के परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। हादसे में वाइक भी छतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने वाहनो को अपने कब्जे में लिया है। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है। तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।इस हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

# शरबत का हर गिलास दे गया इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



- दैनिक शाह टाइम्स के शीतल शरबत वितरण सेवा अभियान में हजारों राहगीरों ने पाई गर्मी से राहत
- कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने शीतल शरबत वितरित कर सेवा अभियान का किया शुभारंभ

**बहेड़ी।** भीषण गर्मी के बीच दैनिक शाह टाइम्स परिवार की ओर से रविवार को रिछा रोड रेलवे स्टेशन के सामने गिरधरपुर रोड पर शीतल शरबत वितरण सेवा अभियान का आयोजन किया गया। सुबह 11:30 बजे से शाम चार बजे तक चले इस सेवा अभियान में हजारों राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों, व्यापारियों और यात्रियों ने शीतल शरबत पीकर गर्मी से राहत पाई। लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए आयोजन से जुड़े सभी लोगों को दुआएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवरनियां कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने अपने हाथों से शरबत वितरित कर किया। उन्होंने कहा कि दैनिक शाह टाइम्स ने समाज के सामने सेवा, इंसानियत और भाईचारे की प्रेरणादायी मिसाल पेश की है। ऐसे आयोजन न केवल लोगों को राहत पहुंचाते हैं, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द और विश्वास को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय के लिए इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों को आवश्यक बताते हुए आयोजन की सराहना की। सेवा अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने मुस्कुराहट और आत्मीयता के साथ प्रत्येक राहगीर का स्वागत कर उन्हें शीतल शरबत पिलाया। भीषण गर्मी में लोगों के चेहरों पर ताजगी और संतोष साफ दिखाई दिया। कई राहगीरों ने कहा कि इस तरह की सेवा मानवता की सच्ची मिसाल है और समाज को ऐसे प्रयासों की हमेशा जरूरत रहती है।

दैनिक शाह टाइम्स के जिला प्रभारी मो. इरफान मुनीम ने कहा कि समाचार पत्र केवल खबरों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर जनहित और समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि इंसानियत, भाईचारे और मोहब्बत का संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचे।

इस अवसर पर पत्रकार सचिन शर्मा, रामा शंकर शर्मा, मो. शवाब, मो. शाकिब, समीर आलम, सद्दाम हुसैन, मो. ताबिश, मो. अयान, मो. गुफरान, मो. तारिफ, मो. नाजिर, माइकल देवल सहित बड़ी संख्या में सहयोगी मौजूद रहे। सभी ने सेवा भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सार संक्षेप

### पड़ोसी से मारपीट में सात पर रिपोर्ट

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सादुल्लागंज निवासी हरदयाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ पंजाब में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। गांव के ही हरपाल की पत्नी ममता उसके पुत्र प्रदीप के साथ अपनी सहमति से रह रही है। 27 जून की रात हरपाल, राजवीर, राहुल, सर्वेश व प्रमोद पुत्रगण रामपाल व नेकसहाय व तेजपाल उसके घर में लाठी-डंडे लेकर घुस आए और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। जिसमें उसको गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### भीषण गर्मी के बीच स्कूल एक सप्ताह देर से खोलने की मांग

**पीलीभीत।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने प्रदेश के स्कूलों को एक सप्ताह बाद खोलने की मांग की है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश बंसल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर कहा कि मौजूदा मौसम में बच्चों के लिए स्कूल जाना स्वास्थ्य की दृष्टि से जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने बच्चों के हित में स्कूलों के खुलने की तिथि कम से कम एक सप्ताह आगे बढ़ाने की अपील की है। संगठन ने उम्मीद जताई है कि सरकार अभिभावकों और विद्यार्थियों की चिंता को देखते हुए जल्द उचित निर्णय लेगी।

### 29 जून को वीवीआईपी दौरे के चलते ट्रैफिक डायवर्जन लागू

**पीलीभीत।** 29 जून को प्रस्तावित वीवीआईपी आगमन/भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनज़र जनपद में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार पीलीभीत से बीसलपुर और शाहजहांपुर की ओर जाने वाले वाहनों को आसाम चौराहा से गाजीपुर कुंडा, देलेंगंज, चुरुआ सकतपुर और ग्यासपुर होते हुए भेजा जाएगा। वहीं बीसलपुर से पीलीभीत आने वाले वाहन रामलीला मैदान रोड, बचुहता, करोड़ और बिठौरा कलां होकर आसाम चौराहा के रास्ते शहर में प्रवेश करेंगे। यातायात पुलिस ने आमजन से सहयोग करने और आवश्यक होने पर जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की अपील की है।

### चोरी की तीन बाइक समेत पांच बाल अपचारी पकड़े

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पांच बाल अपचारियों को चोरी की तीन मोटरसाइकिलों के साथ पुलिस अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई 28 जून को मुखबिर की सूचना के आधार पर पीलीभीत-परूनपुर रोड पर की गई। पुलिस के अनुसार बरामद की गई मोटरसाइकिलें थाना सुनगढ़ी में दर्ज तीन अलग-अलग चोरी के मुकदमों से संबंधित हैं। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी बाल अपचारियों को बाल न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य संकलन और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।

### आंधी ने गुल की शहर के कई इलाकों की बिजली

**बदायूं।** आंधी ने शहर की बिजली व्यवस्था बेपटरी कर दी। तेज हवा के कारण शहर के कई इलाकों में अचानक बत्ती गुल हो गई। वहीं सिलहरी में आंधी में नवादा न्यू विद्युत उपकेंद्र की 11 केवी आमगांव कृषि एवं ग्रामीण फीडर लाइन के तीन ट्रांसमिशन टावर गिर गए। इससे शहर समेत 12 से अधिक गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से लोग घंटों बेहाल रहे। शहर में सबसे ज्यादा असर जोगीपुरा, नेकपुर, मधुवन कॉलोनी, आदर्श नगर और कचहरी क्षेत्र में देखने को मिला। इलाकों में करीब 4 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। दोपहर दो बजे के आसपास गई बिजली शाम 6 बजे के बाद बहाल हो सकी। गर्मी और उमस के कारण बच्चों और बुजुर्गों का बुरा हाल हो गया। बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि तेज हवा से कई जगह पेड़ों की डालियां तारों पर गिर गईं और कुछ स्थानों पर जंपर उड़ गए, जिन्हें ठीक कराया गया। वहीं सिलहरी क्षेत्र में टावर गिरने से सालारपुर, सिलहरी, ढाक वाली जारत, करौलिया, कुरऊ और शहरी क्षेत्र के पनवड़िया विद्युत उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में तीन से चार घंटे बिजली गुल रही। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के पोल टूटने और पेड़ गिरने की भी सूचनाएं मिली हैं। बिजली गुल रहने से लोग पसीना-पसीना हो गए।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, सात लाख बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य

## वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री ने डॉ.अरुण कुमार ने जिला महिला अस्पताल में बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाकर किया। पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी और सरल उपाय पोलियो की दो बूंद है। मैं जनपद के सभी अभिभावकों से अपील करता हूँ कि शून्य से पाँच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पल्स पोलियो अभियान के दौरान पोलियोरोधी दवा अवश्य पिलवाएँ। कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। साथ ही, बच्चों का समय पर पूर्ण टीकाकरण कराएँ और नवजात शिशु को छह माह तक केवल माँ का दूध दें।

स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। आइए, हम सब मिलकर पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को और मजबूत करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष तक की आयु के लगभग सात लाख बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि बूथ दिवस के बाद 29 जून से घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान छूटे बच्चों को कवर करने के लिए 6 जुलाई को मॉप-अप राउंड आयोजित किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रशांत रंजन नें अवगत कराया कि अभियान में 2823 बूथ के माध्यम से तथा 1732 टीमें घर-घर जाकर पोलियो से बचाव की दवा पिलाएंगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मंत्री का अरुण कुमार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर में सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. अजमेर सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डब्लू एच ओ , एडरा, जेएसआई , रोटरी आदि के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# सीएम योगी 30 जून को बरेली में करेंगे मंडलीय समीक्षा, रामायण वाटिका का कर सकते हैं लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 जून को बरेली में मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसके साथ ही वह रामायण वाटिका का लोकार्पण भी कर सकते हैं। उनके प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियां में जुटा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बरेली दौरे की तारीख लगभग तय हो गई है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, 29 जून को वह प्लेन से त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से हेलिकॉप्टर के जरिये पीलीभीत फिर मुरादाबाद जाएंगे। वहां रात्रि विश्राम के बाद 30 जून को रामपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से वह फिर हेलिकॉप्टर से बरेली पुलिस लाइन पहुंचेंगे और सर्किट हाउस में मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। शाम को रामगंगानगर में बीडीए की रामायण वाटिका का लोकार्पण भी कर सकते हैं।

शासन की ओर से अभी सीएम के दौरे का कार्यक्रम तो जारी नहीं किया गया है, लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय से जिले के अफसरों को प्रस्तावित तिथि की जानकारी दे दी गई है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत पुलिस और प्रशासन के कई अफसरों ने शनिवार को सर्किट हाउस और त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचकर तैयारियों को परखा। सर्किट हाउस में रंग-रोगन, फुटपाथ की मरम्मत के कार्यों का जायजा लिया। सभागार में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के बाद जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पार्किंग स्थल सहित सर्किट हाउस से त्रिशूल एयरपोर्ट तक के रास्ते पर यातायात व्यवस्था को परखा।

त्रिशूल एयरपोर्ट पर आने के बाद सीएम के अगले कार्यक्रम की स्थिति स्पष्ट होना अभी बाकी है। अगर सीएम दोपहर का भोजन बरेली में करेंगे तो वह सड़क मार्ग से सर्किट हाउस पहुंचेंगे और फिर पुलिस लाइन से हेलिकॉप्टर के जरिये पीलीभीत रवाना होंगे। इसके अलावा, एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर के जरिये सीधे भी पीलीभीत जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री की मंडलीय समीक्षा के मद्देनजर बरेली के साथ पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर में भी बैठकों और तैयारियों का दौर जारी है।

# दो होटलों पर सील, तीसरी इमारत पर चुप्पी, आखिर किसका चल रहा संरक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** लखनऊ अग्निकांड के बाद प्रदेशभर में अग्नि सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में बरेली में अग्निशमन विभाग और बरेली विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने फायर एनओसी न होने पर होटल राजानी और होटल सैटेलाइट को सील कर दिया। लेकिन इस कार्रवाई ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है।

दरअसल, फायर विभाग की ओर से जारी नोटिस में कुल तीन इमारतों को फायर सुरक्षा मानकों की दृष्टि से जोखिमपूर्ण बताया गया था। सूची में दोनों होटलों के साथ सिविल लाइंस स्थित अशोका फोम शोरूम का नाम भी शामिल था। इसके बावजूद कार्रवाई केवल दो होटलों तक सीमित रही, जबकि शोरूम पर अब तक कोई सीलबंदी नहीं हुई। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित कार्रवाई से एक दिन पहले शोरूम संचालक की फायर विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी और बीडीए के अधिकारी से मुलाकात हुई थी। इसके बाद कार्रवाई आगे नहीं बढ़ने को लेकर चर्चाएं तेज हैं, हालांकि इनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। इस मामले में शोरूम संचालक अशोक गोयल ने दावा किया कि उनकी इमारत सभी मानकों पर खरी उतरती है।

वहीं बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि भवन को हाईकोर्ट से स्टे प्राप्त है, इसलिए सीलबंदी नहीं की गई। दूसरी ओर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने कहा कि जांच में गंभीर खामियां मिली थीं और सीलबंदी की संस्तुति बीडीए को भेजी गई है। ऐसे में सवाल है कि यदि भवन जोखिमपूर्ण है, तो संभावित हादसे की जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी?

# रकम देने के बावजूद नहीं मिला मकान, धनराज बिल्डर के खिलाफ एक और एफआईआर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली के कैंट थाने में बिल्डर पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी पिता-पुत्र ने 11 साल पहले मकान दिलाने का झांसा देकर उनसे रकम ली थी। अब तक उन्हें न मकान मिला और न ही रकम वापस की गई।

बरेली में धनराज बिल्डर फर्म के मालिक राकेश शर्मा और उसके बेटे शशांक शर्मा ने कम आय वर्ग के लोगों को उनके सपनों का घर देने के बहाने वसूली की। बाद में न तो लोगों को घर मिल सका, न ही उनके रुपये वापस मिले। पीड़ित लोगों ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की तो आरोपियों पर शिकंजा कस गया है। पांच दिन के अंदर कैंट थाने में धोखाधड़ी की दूसरी रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मढ़ीनाथ के शांति विहार निवासी सुंदरा देवी ने कैंट थाना प्रभारी संजय धीर को बताया कि वर्ष 2015 में राकेश शर्मा और उसके पुत्र शशांक शर्मा ने कॉलोनी में 60 वर्गगज का मकान बनाकर देने का झांसा देकर साढ़े पांच लाख रुपये ले लिए। 11 साल बीतने के बाद भी उन्हें न तो मकान मिला, न ही उनके रुपये लौटाए गए। मकान मांगने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। सुंदरा देवी ने पुलिस को बताया कि राकेश शर्मा का पूरा गिरोह है। इस गिरोह ने कई अन्य लोगों से भी मकान देने के नाम पर धोखाधड़ी की है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। सुंदरा देवी के पति की मृत्यु हो चुकी है, इसके बावजूद उन्हें परेशान किया जा रहा है।

# पल्स पोलियो अभियान, 80 प्रतिशत बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा

जागरण मोर्चा कार्यालय



अभियान की शुरुआत करते स्वास्थ्य कर्मी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती में रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एएनएम साजिदा नाज द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया गया।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभिभावकों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए सभी बच्चों को नियमित रूप से दवा पिलाना आवश्यक है। अभियान में विद्यालय परिसर में आए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान लगभग 80 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। शेष बच्चों को भी अभियान के अंतर्गत दवा पिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम, विद्यालय स्टाफ तथा अभिभावक मौजूद रहे और सभी ने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# मुठभेड़ में मारे गए शूटर सर्वजीत पर लखीमपुर खीरी में दर्ज हैं 10 मामले

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले की पुलिस ने मुठभेड़ में एक लाख के इनामी बदमाश सर्वजीत सिंह को मार गिराया। सर्वजीत लखीमपुर खीरी के उचौलिया क्षेत्र का रहने वाला था। उसके खिलाफ उचौलिया थाने में 10 मामले दर्ज हैं।

पीलीभीत जिले में कपड़ा व्यापारी की हत्या के मामले में वांछित एक लाख रुपये का इनामी शूटर सर्वजीत सिंह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। सर्वजीत लखीमपुर खीरी जिले के उचौलिया थाना क्षेत्र के नईबस्ती मोहनपुर ग्रंट गांव का निवासी था। उसके विरुद्ध उचौलिया थाने में 10 मामले दर्ज हैं।

सर्वजीत 28 मई को पीलीभीत के बिलसंडा कस्बे में हुई कपड़ा व्यापारी पप्पू गुप्ता की हत्या में शामिल था। वह करीब एक महीने से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। उसकी तलाश में पीलीभीत पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। शनिवार देर रात बिलसंडा थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव के समीप हुई मुठभेड़ में सर्वजीत मारा गया।

### हरदोई की युवती से किया था प्रेम विवाह

सर्वजीत के बड़े भाई ने बताया कि इस मामले में तीन-चार महीने बाद उसकी जमानत हुई थी। बताया कि सर्वजीत ने एक साल पहले हरदोई की युवती से प्रेम विवाह किया था, लेकिन उसकी पत्नी के बारे में भी कुछ जानकारी नहीं है। एक साल से वह घर भी नहीं आया था। सर्वजीत के पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने की खबर उन लोगों को सोशल मीडिया से मिली थी। इसके बाद कॉल कर खबर की पुष्टि की। उसका परिवार बरवर क्षेत्र के चक मनोहर गांव से करीब 20 साल पहले उचौलिया क्षेत्र में आ गया था। रविवार को परिजन सर्वजीत का शव लेने पीलीभीत गए।

# कासगंज-लखनऊ ट्रेन की सौगात पर पूरनपुर में मिष्ठान वितरण, नागरिकों ने जताया आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय


सौगात में ट्रेन मिलने की खुशी में मुंह मीठा कराते लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** कासगंज-लखनऊ ट्रेन सेवा की सौगात मिलने की खुशी में पूरनपुर में अशोक खंडेलवाल के नेतृत्व में उनके आवास पर मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए और वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर खुशी व्यक्त की।

पूरनपुर के नागरिकों के आमंत्रण पर पहुंचे किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। उपस्थित लोगों ने सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से लंबे समय से लंबित इस महत्वपूर्ण रेल सेवा को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से व्यापारियों, किसानों, छात्रों और आम यात्रियों को लखनऊ, बरेली तथा मार्ग के अन्य प्रमुख शहरों तक सस्ता, सुगम और सुविधाजनक सफर उपलब्ध होगा।

देव स्वरूप पटेल ने कहा कि इस ट्रेन की स्वीकृति के लिए जितिन प्रसाद ने कई महीनों तक लगातार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष क्षेत्र की आवश्यकता को प्रमुखता से रखा, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की जनता को यह महत्वपूर्ण सौगात मिली। अशोक खंडेलवाल ने कहा कि पूरनपुर के लिए यह सौभाग्य की बात है कि क्षेत्र को विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध जनप्रतिनिधि मिले हैं, जिनके प्रयासों से लगातार नई सौगातें मिल रही हैं। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, ठाकुर प्रदीप सिंह मुखिया, नगर कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, संजय गुप्ता, निर्मल सिंह ढिल्लों, संजय पांडे एडवोकेट, संजय मिश्रा, राकेश रस्तोगी, डॉ. कुमुद रंजन, व्यापारी नेता विजयपाल विक्की, मानस शुक्ला सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### कार से टक्कर मारने के बाद रॉड से हमले का आरोप

**बदायूं।** सपा विधायक बृजेश यादव के फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र पर कार सवार लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल पूर्व प्रधान पिता की मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल है। घायल बेटे ने पिता पर रॉड से हमला करने का भी आरोप लगाया है। बेटे ने पांच नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। सहसवान थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर टप्पा हवेली निवासी राजाबाबू ने जरीफनगर थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता भूरे सिंह शुक्रवार रात करीब आठ बजे गांव के ही राकेश के साथ विधायक बृजेश यादव के फार्म हाउस स्थित कार्यक्रम से बाइक से घर लौट रहे थे। आरोप है कि दांदरा करियावैन संपर्क मार्ग पर महावा नदी के पुल के पास पीछे से आई कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

# घर में आगजनी और मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल


पुलिस द्वारा पकड़े गए आगज़नी की आरोपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** पुलिस ने घर के सामने आगजनी और मारपीट के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भानूप्रताप उर्फ भन्नू और उसके पुत्र आकाश, निवासी ग्राम पिपरिया मंडन, थाना बरखेड़ा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 25/26 जून की रात भानूप्रताप की पुत्रवधू के घर से चले जाने के बाद उत्पन्न विवाद में आरोपियों ने रुपाली को भगाने के संदेह में नन्हें के घर पहुंचकर गाली-गलौज, मारपीट की और घर के आगे के हिस्से में आग लगा दी। पीड़ित की तहरीर पर बरखेड़ा थाने में संबंधित धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## दो बार की चैम्पियन उरुग्वे बाहर, स्पेन ने 1-0 से हराया

# पहली बार फीफा वर्ल्ड कप खेल रही केप वर्डे नॉकआउट राउंड में

**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। दो बार की वर्ल्ड चैम्पियन उरुग्वे का सफर ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया है, जबकि पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही केप वर्डे ने इतिहास रचते हुए राउंड ऑफ 32 में जगह बना ली है।

2 बार की वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे फुटबॉल वर्ल्ड कप के लीग स्टेज से बाहर हो गई है। टीम इस एडिशन में एक भी मैच नहीं जीत सकी। उसे शनिवार को यूरोपियन चैंपियन स्पेन ने 1-0 से हराया। इस जीत के साथ स्पेन ने ग्रुप-एच के टॉप पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया। अब उसका सामना राउंड ऑफ-32 में ग्रुप जे की उपविजेता टीम ऑस्ट्रिया या अल्जीरिया से होगा। दूसरी ओर शनिवार को ही ह्यूस्टन के ह्यूस्टन स्टेडियम में केप वर्डे और सऊदी अरब के बीच खेला गया मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा।

यह परिणाम केप वर्डे के लिए पर्याप्त साबित हुआ और टीम ने तीनों ग्रुप मैच ड्रॉ खेलकर तीन अंकों के साथ ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। स्पेन के लिए मैच का एकमात्र गोल एलेक्स बाएना ने 42वें मिनट में किया। उनका शॉट उरुग्वे के अनुभवी गोलकीपर फर्नांडो मुस्लेरा रोक नहीं पाए। यह टूर्नामेंट में मुस्लेरा की तीसरी बड़ी गलती रही। 40 साल गोलकीपर ने हाफटाइम पर खुद को बदलने का अनुरोध किया, जिसके बाद दूसरे हाफ में सर्जियो रोचेट ने गोलपोस्ट संभाला।



### केप वर्डे नॉकआउट में पहुंचने वाला सबसे छोटा देश बना

केप वर्डे फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट में पहुंचने वाला दुनिया का सबसे छोटा देश बन गया। वह तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसने दिन के एक अन्य मैच में सऊदी अरब के साथ गोल रहित ड्रा खेला। उरुग्वे के मुख्य कोच मार्सेलो बिएल्सा ने टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा, इस समय कोई भी बहाने नहीं सुनना चाहता। इस निराशाजनक प्रदर्शन की जिम्मेदारी मेरी है। मेरे पास बेहतरीन खिलाड़ियों का समूह था, लेकिन मैं उनसे बेहतर परिणाम नहीं दिला सका।'

### बेल्जियम ने न्यूजीलैंड को 5-1 से किया पराजित

बेल्जियम ने न्यूजीलैंड को 5-1 से हराकर ग्रुप जी के टॉप पर रहते हुए नॉकआउट दौर में प्रवेश किया। वहीं, ईरान से 1-1 का ड्रॉ मैच खेलने वाली इजिप्त की टीम नंबर-2 पर रहकर अगले दौर में पहुंची। ईरान को अन्य नतीजों का इंतजार करना होगा। हार के साथ न्यूजीलैंड का अभियान समाप्त हो गया। इस वर्ल्ड कप में बेल्जियम की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही थी। टीम ने पहले इजिप्त से 1-1 और फिर ईरान से गोल रहित ड्रॉ खेला। अंतिम ग्रुप मुकाबले में मिली बड़ी जीत ने उसे ग्रुप जी में पहले स्थान पर पहुंचा दिया। अब बेल्जियम का सामना बुधवार को सिएटल में सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से एक से होगा। बेल्जियम की ओर से लिएंड्रो ट्रॉसार्ड ने दो गोल किए, जबकि केविन डी ब्रूयने, रोमेलु लुकाकू और एलेक्सिस सालेमेकर्स ने एक-एक गोल दागा। जबकि न्यूजीलैंड के लिए एलिजाह जस्ट ने टीम के लिए एकमात्र गोल किया।

### फ्रांस ने नॉर्वे को 4-1 से हराया, ग्रुप आई में शीर्ष पर बनाई जगह

2 बार की चैंपियन फ्रांस, नॉर्वे और सेनेगल ने ग्रुप-आई से राउंड ऑफ 32 में जगह बना ली। दिन के सबसे चर्चित मुकाबले में फ्रांस ने नॉर्वे को 4-1 हराकर ग्रुप में टॉप पोजिशन हासिल की। नॉर्वे हार के बावजूद नंबर-2 पर रहकर नॉकआउट में पहुंचा। इस मुकाबले को एर्लिंग हालैंड और किलियन एमबाप्पे की टक्कर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन फ्रांस की जीत के हीरो उस्मान डेम्बेले रहे। उन्होंने 7वें, 20वें और 32वें मिनट में गोल दागे। एक गोल डिजायर दुए इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किया। एक अन्य मुकाबले में सेनेगल ने ईराक को 5-0 के बड़े अंतर से हराया। इस जीत का फायदा उसे गोल डिफरेंस में मिला। सेनेगल ने ज्यादा गोल डिफरेंस और अंकों के आधार पर तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के टॉप-5 में जगह बनाई और नॉकआउट का टिकट हासिल किया।



# भारत ए ने श्रीलंका पर बनाई 170 रन की महत्वपूर्ण बढ़त

**गॉल**

### नबी के चार विकेट

जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने चार विकेट चटकाये जिसकी मदद से भारत ए ने पहले टेस्ट के तीसरे दिन श्रीलंका ए पर 170 रन से बढ़त बना ली। दो विकेट पर 113 रन से आगे खेलते हुए श्रीलंका ए ने पांच विकेट पर 300 रन बना लिये थे जिसके बाद नबी ने दूसरी नयी गेंद से उम्दा स्पैल डालते हुए मेजबान टीम को 330 रन पर आउट कर दिया।

नबी ने 19 . 4 ओवर में 58 रन देकर चार विकेट लिये जिससे भारत को पहली पारी में 122 रन की बढ़त मिल गई । भारत ने पहली पारी में छह विकेट पर 452 रन बनाये थे। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 48 रन बना लिये थे । साइ सुदर्शन चार रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए । सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे और देवदत्त पडिक्कल दोनों 20 रन पर खेल रहे थे।

# महिला टी20 वर्ल्ड कप 2028 के लिए भारत व 9 टीमों ने किया क्वालीफाई

## पाकिस्तान की टीम को मिला मेजबान होने का फायदा



**नई दिल्ली**

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 की धूम के बीच अगले संस्करण को लेकर भी बड़ा अपडेट आ गया है। बीते शुक्रवार यानि 26 जून को श्रीलंका बनाम स्कॉटलैंड मुकाबले के बाद उन 9 टीमों के नाम सामने आ गए हैं जिन्होंने साल 2028 में होने वाले टूर्नामेंट में सीधे एंट्री कर ली है। इसमें भारत और पाकिस्तान का नाम भी शामिल है। बता दें कि पाक टीम को मेजबान होने की वजह से महिला टी20 वर्ल्ड कप 2028 में सीधे जगह मिली है। पाकिस्तान का महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। 4 मैच खेलने के बावजूद उनके खाते में एक भी जीत नहीं आई है। महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिन्हें 6-6 के ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप की टॉप-4 टीमों के लिए अगले संस्करण के दरवाजे खुलने हैं। पाकिस्तान फिलहाल अपने ग्रुप में 5वें स्थान की टीम है। लेकिन मेजबान होने के चलते उनकी सीट पक्की है।

### इन 8 टीमों को मिली जगह

ग्रुप-ए में से भारत, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, और दक्षिण अफ्रीका ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में प्रदर्शन के आधार पर अपनी जगह बनाई है। जबकि ग्रुप-बी से इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और श्रीलंका टॉप-4 में पहुंची हैं। 10वीं टीम का फैसला 6 जुलाई तक आईसीसी की रैंकिंग का आधार पर किया जाएगा। आयरलैंड फिलहाल इस रेस में सबसे आगे मानी जा सकती है। 201 रेटिंग पॉइंट्स के साथ यह टीम 9वें पायदान पर काबिज है।

### स्कॉटलैंड ने गंवाया मौका

श्रीलंका को मात देकर स्कॉटलैंड के पास महिला टी20 वर्ल्ड कप 2028 में सीधे क्वालीफाई करने का सुनहरा मौका था। जिसको उन्होंने अपनी गलती से गंवा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 152 रन का लक्ष्य दिया था। जिसका पीछा करते हुए लंकाई टीम ने 118 के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए थे। इस मौके पर स्कॉटलैंड की जीत तय मानी जा रही थी। लेकिन फिर आखिरी 3 ओवर में खेल का पासा पलटा। श्रीलंका ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 1 गेंद और 3 विकेट शेष रहते जीत अपने नाम कर ली।

# भारतीय टीम की पारी लड़खड़ाई, श्रृंखला गंवाने का संकट

**बेलफास्ट**

भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में भारतीय टीम को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था। भारतीय दल में इस मुकाबले के माध्यम से तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और हरफनमौला खिलाड़ी सूर्यांश शेडगे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा, जबकि वैभव सूर्यवंशी को इस बार भी दल में स्थान नहीं मिल सका।



पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में ही अर्शदीप सिंह ने रॉस अडायर (16 रन) को पवेलियन भेजकर भारत को पहली सफलता दिलाई, जिनका कैच तिलक वर्मा ने पकड़ा। इसके बाद पदार्पण कर रहे प्रिंस यादव ने आठवें ओवर में विरोधी कप्तान लोर्कन टकर (15 रन) को आउट कर अपने अंतरराष्ट्रीय जीवन का पहला विकेट लिया। मध्यक्रम में हैरी टेक्टर (53 रन) और बेंजामिन कैलिट्ज ने सूझबूझ से खेलते हुए अपनी टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया और अर्धशतकीय साझेदारी की। पारी के 18वें ओवर में वर्षा के कारण कुछ देर के लिए खेल रोकना पड़ा, लेकिन खेल दोबारा शुरू होते ही जॉर्ज डॉकरेल ने अक्षर पटेल की गेंद पर छक्का जड़ा। शिवम दुबे ने 15वें ओवर में लगातार दो गेंदों पर दो विकेट चटकाए। अंत में प्रिंस यादव ने अंतिम ओवर में केवल 5 रन देकर दो विकेट लिए, जिससे आयरलैंड की पारी 20 ओवर में 154 रन पर सिमट गई। प्रिंस ने अपने चार ओवरों में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए। भारत को जीत के लिए 155 रन का लक्ष्य मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बेहद निराशाजनक रही। पहले ही ओवर में संजू सैमसन बिना खाता खोले पगबाधा आउट हो गए और चौथी गेंद पर अभिषेक शर्मा भी कैच थमाकर चलते बने। दूसरे ओवर तक भारत का स्कोर 2 विकेट पर 12 रन था। तीसरे ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर भी केवल 10 रन बनाकर बोल्ड हो गए। इसके बाद पांचवें ओवर में ईशान किशन (12 रन) तिलक वर्मा की गलती के कारण विकेटों के बीच दौड़ में चूक गए और रन आउट हो गए, जिससे भारत का स्कोर 4 विकेट पर 35 रन हो गया। डकवर्थ-लुईस नियम का संकटः आठवें ओवर में जब भारत का स्कोर 4 विकेट पर 54 रन था, तब वर्षा के कारण खेल को रोकना पड़ा। उस समय डकवर्थ-लुईस नियम के आधार पर भारत आवश्यक स्कोर से 15 रन पीछे चल रहा था। वर्षा रुकने के बाद जब खेल पुनः प्रारंभ हुआ, तब भारत को जीत के लिए 72 गेंदों में 101 रनों की आवश्यकता थी। क्रीज पर तिलक वर्मा और अक्षर पटेल मौजूद थे। परंतु, 12वें ओवर में मैथ्यू हॉलार्ड की गेंद पर अक्षर पटेल (14 रन) विकेटकीपर को कैच दे बैठे। अक्षर पटेल के आउट होने के साथ ही भारत की आधी पारी केवल 77 रन पर सिमट गई और टीम इंडिया इस लक्ष्य को प्राप्त करने में पूरी तरह असफल रही।

### एंसी ने 6.88 मीटर की छलांग लगाकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** केरल की स्टार लंबी कूद (लॉन्ग जंप) खिलाड़ी एंसी सोजन ने राष्ट्रीय इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन इतिहास रच दिया। 25 वर्षीय एंसी ने 6.88 मीटर की शानदार छलांग लगाकर भारतीय महिला लॉन्ग जंप का 22 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारतीय एथलेटिक्स की दिग्गज अंजू बॉबी जॉर्ज के नाम था। उन्होंने 2004 में एथेंस समर ओलंपिक के दौरान 6.83 मीटर की छलांग लगाकर यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था, जो अब तक कायम था।

# सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में समरदीप ने जीता रजत पदक

## एशियाई खेल 2026 के लिए किया क्वालीफाई

**भोपाल**

मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ी समरदीप सिंह ने भुवनेश्वर में 24 से 28 जून 2026 तक आयोजित 65वीं राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता के चौथे दिन सायंकालीन सत्र में आयोजित पुरुष शॉट पुट स्पर्धा में समरदीप सिंह ने 20.40 मीटर का प्रभावशाली थ्रो करते हुए रजत पदक अर्जित किया। समरदीप सिंह ने अपने शानदार प्रदर्शन के बल पर एशियाई खेल 2026 के लिए निर्धारित क्वालीफिकेशन मानक भी प्राप्त कर लिया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने न केवल पदक हासिल किया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर भी सुनिश्चित किया। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम है।




### प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने समरदीप सिंह को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समरदीप आगामी एशियाई खेलों में भी देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# भोपाल ऑल ओपन इंडिया कराटे चैंपियनशिप शुरू

**भोपाल**



सेज यूनिवर्सिटी भोपाल के अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित थर्ड भोपाल ओपन ऑल इंडियन कराटे चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन सतपुड़ा जिला कराटे संघ, भोपाल (मध्य प्रदेश) द्वारा सेज यूनिवर्सिटी भोपाल के सहयोग से किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 19 से अधिक राज्यों से 450 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। सेज यूनिवर्सिटी भोपाल के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहले दिन कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के कुमिते मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

**संघर्ष** राजस्थान से सीखा क्रिकेट, भारत के खिलाफ आयरलैंड की टीम से डेब्यू

# मूंदड़ा की नौकरी छूटी, वर्क परमिट का इंतजार

**नई दिल्ली**

भारत के खिलाफ बेलफास्ट टी20 में आयरलैंड की जीत के सबसे बड़े नायकों में शामिल रहे जय मूंदड़ा की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। राजस्थान के टोंक में जन्मे मूंदड़ा ने क्रिकेट की शुरुआती ट्रेनिंग भारत में ही ली।

उन्होंने इम्तियाज अली और बाद में एसएस क्रिकेट क्लब के कोच मोहन सर के मार्गदर्शन में अपने खेल को निखारा। हालांकि, आयरलैंड के लिए खेलने से पहले जय की नौकरी छूट गई और वीजा पर संकट मंडराने लगा, लेकिन जय ने हार नहीं मानी और राष्ट्रीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कोरोना के दौरान क्रिकेट गतिविधियां ठप हो गई थीं। ऐसे में जय मूंदड़ा ने अपने करियर और पढ़ाई दोनों को आगे बढ़ाने के लिए 2021 में आयरलैंड का रुख किया। वहां उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में मास्टर्स की पढ़ाई शुरू की, लेकिन क्रिकेट का सपना कभी नहीं छोड़ा।



### आयरलैंड के लिए भारत के खिलाफ पहली गेंद पर विकेट

आयरलैंड पहुंचने के बाद जय मूंदड़ा ने डबलिन के लीनस्टर क्रिकेट क्लब से खेलना शुरू किया। 2023 में लीनस्टर की आयरिश सीनियर कप जीत में भी उनका अहम योगदान रहा। इसके बाद उन्होंने लीनस्टर लाइटनिंग के लिए घरेलू क्रिकेट में लगातार प्रभावित किया। चयनकर्ताओं की नजर उन पर पड़ी और जब तेज गेंदबाज जोश लिटिल चोटिल हुए तो जय को राष्ट्रीय टीम में मौका मिल गया। बेलफास्ट में भारत के खिलाफ डेब्यू करते हुए जय मूंदड़ा ने अपने करियर की यादगार शुरुआत की। उन्हें नई गेंद सौंपी गई और उन्होंने पहली ही गेंद पर संजू सैमसन को बोल्ड कर दिया।

### आयरलैंड महिला टीम ने वेस्टइंडीज को पीटा

**ब्रिस्टल।** आयरलैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को मात देकर टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार जीत का स्वाद चखा। आयरिश कप्तान गैबी लुइस ने टॉस जीतने के बाद विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। विंडीज टीम की ओर से शिनेल हेनरी 27 रन बनाए, जिसके बूते उनकी टीम 128 रन बनाने में कामयाब हुई। 129 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओर्ला फ्रेंडरगास्ट ने 44 गेंदों में 63 रन की पारी खेलकर मुकाबले को एकतरफा कर दिया। सलामी बल्लेबाज एमी हंटर के 28 रन का साथ मिलने से उनक काम आसान हो गया। आयरलैंड ने 18.1 ओवर में 6 विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।